# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• मंगलवार, 6 मई 2025 • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 341 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1946:** महात्मा गांधी के विश्वस्त सहयोगी भूलाभाई देसाई का निधन।

**1972:** भारतीय सेना के जांबाज सैनिक आबिद ख़ान का जन्म।

**1976:** उत्तर पूर्वी इटली में भीषण भूकंप से कम से कम 1000 लोगों की मौत।

**2004:** चीन ने सिक्किम को भारत का अंग माना।

**2010:** आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी की सजा सुनाई गई।

## पाकिस्तान से तनाव के बीच सरकार का बड़ा आदेश

# कल सभी राज्यों में होगा सुरक्षा मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद काफी तनाव है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई एक्शन लिए हैं। भारत के कड़े एक्शन से पाकिस्तान बिलबिला उठा है। इस बीच गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के एक अहम निर्देश दिया है। दरअसल, जानकारों ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि गृह मंत्रालय ने कई राज्यों से 7 मई को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने को कहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 7 मई को देश के सभी राज्यों को एयर रेड सायरन संबंधित मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। राज्यों को हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए। सिविल डिफेंस, छात्रों और नागरिकों को एयर रेड सायरन की स्थिति में बचाव संबंधित ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह के हवाई हमले की स्थित में ये सायरन बजने लगते हैं ताकि लोग आस पास किसी सुरक्षित जगहों पर छुप सकें। बता दें कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति की तैयारी योजना की समीक्षा करना है। इसके अलावा किसी भी स्थान पर मानक संचालन प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करना एवं मॉक ड्रिल के दौरान सभी लोगों को किसी भी इमरजेंसी स्थिति के दौरान एक्शन के लिए तैयार किया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान उस आपात स्थिति के बारे में लोगों को बताया भी जाता है। बता दें कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई किस्म के सख्त कदम उठाए हैं, जिसके बाद से दोनों केशों के बीच तनातनी बरकरार है। पाकिस्तान को इस बात का डर सता रहा है कि भारत कभी भी उस पर हमला कर सकता है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के दोषियों और उसके आकाओं को मिट्टी में मिलाने की कसम खाई है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस बीच, पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। पिछली 11 रातों तक लगातार पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की है। भारत ने भी इस्लामाबाद की बार-बार सीमा पार से की गई गोलीबारी का कड़ा जवाब दिया है।




## संक्षिप्त समाचार

### डीएमओ ऑफिस का कंप्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** रांची के डीएमओ ऑफिस का कंप्यूटर ऑपरेटर विंदेश तिर्की आज सोमवार को रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के हत्थे चढ़ गया। दो हजार रुपए घूस लेते एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। खनन संबंधी डाटा एंट्री के नाम पर ऑपरेटर विंदेश तिर्की घूस मांग रहा था तभी एसीबी की टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगेहाथ धर दबोचा।

### हाइवा और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** महुआडांड़ थाना के अहीरपुरवा इमली मोड़ के पास सोमवार को हाइवा और बाइक की टक्कर में चैनपुर पंचायत के करकट गांव निवासी सचिन कुमार सिंह की मौत हो गई। सचिन कुमार सिंह अपनी मां को महुआडांड़ के साप्ताहिक बाजार में छोड़कर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे हाइवा ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि 25 वर्षीय सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।

## झामुमो की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन, 63 लोगों को मिली जगह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची के खेलगांव में पिछले दिनों आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय अधिवेशन के बाद झामुमो की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। झामुमो के केंद्रीय अधिवेशन में ही शिबू सोरेन पार्टी के संस्थापक संरक्षक, जबकि हेमंत सोरेन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष घोषित किए गए थे। वहीं नलिन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी और रूपी सोरेन समेत आठ को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। कल्पना सोरेन कार्यकारिणी सदस्य हैं। केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में 63 को जगह दी गयी है। विनोद कुमार पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता बनाए गए हैं। एक बार फिर इन्हें ये दायित्व सौंपा गया है। नंद किशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, पंकज मिश्रा और समीर मोहंती को सचिव बनाया गया है। हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी, मनोज कुमार पांडेय प्रवक्ता बनाए गए हैं। रविंद्रनाथ महतो, महुआ माजी, कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन समेत अन्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, विजय हांसदा, मोहन कर्मकार, संजीव बेदिया, डॉ कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, हफीजुल हसन, सुमन महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुकराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगासुसारन होरो, विकास सिंह मुंडा, लुईस मरांडी, उदय शंकर सिंह, उमाकांत रजक, अंजनी सोरेन, अनंत प्रताप देव, अमित महतो, रामसूर्या मुंडा, सुदीप गुड़िया, जगत माझी और बिट्टू मुर्मू समेत अन्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### कोयला खदान में मिला अज्ञात शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** झरिया में देव प्रभा आउटसोर्सिंग बस्ताकोला साइड फ़ेस में सोमवार सुबह एक अज्ञात शव मिला। मजदूरों ने सबसे पहले शव को देखा। उन्होंने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। शव दुर्गम स्थान पर फंसे होने के कारण बीसीसीएल की माइंस रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। टीम ने सावधानीपूर्वक शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही बीसीसीएल के अधिकारी और झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन का मानना है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। उनका कहना है कि साक्ष्य मिटाने के लिए हत्या के बाद शव को खदान में फेंका गया होगा। पुलिस आत्महत्या की संभावना की भी जांच कर रही है।

## अलग-अलग स्थानों से दो लोगों का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में सोमवार को कोनार नदी में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान राजा बाजार निवासी 32 वर्षीय सगीर अंसारी के रूप में हुई। सगीर पिछले दो दिनों से लापता था। स्थानीय निवासी खिरुधर महतो सुबह नदी में नहाने पहुंचे तभी उन्होंने कुछ महिलाओं को नदी किनारे चर्चा करते देखा। महिलाओं ने बताया कि नदी में एक शव बह रहा है। खिरुधर ने नदी में कूदकर शव को बाहर निकाला और पुलिस को सूचित किया। एसआई पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मंजूर आलम के अनुसार सगीर मानसिक रूप से बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। मृतक के परिजनों को किसी आपराधिक साजिश की आशंका नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के रामगढ़-बोकारो हाईवे के किनारे खेदाडीह गोविंद तालाब के पास एक युवक का शव मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान धनंजय कुमार के रूप में की गयी है। जानकारी के मुताबिक वह सेक्टर 9 शिवशक्ति कॉलोनी में ससुराल में रह कर टोटो चलाता था। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चाकू से किए गए वार के निशान मिले हैं। घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर मृतक का टोटो भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें मृतक के साथ दो अन्य व्यक्ति भी नजर आ रहे हैं।

## पेयजल संकट के निवारण के लिए टीम वर्क के साथ कार्य करें अधिकारी : वित्त मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्यकर तथा संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पेयजल संकट के निवारण हेतु विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। औपचारिकता नहीं निभायें, बल्कि संबंधित गांव/ मुहल्लों में जाकर वास्तविकता को जाने और समस्या का निदान करना सुनिश्चत करें। जिले में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसे में कई दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य चल रहा है, लेकिन वर्तमान समय में अल्पकालीन समस्याएं दूर करने से जल संकट की समस्याएं बहुत हद तक ठीक हो जाएगी। गर्मी के मद्देनजर पेयजल संकट पर तत्काल कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसे में प्राथमिकता के आधार पर जिले के खराब पड़े चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें। मंत्री सोमवार को पलामू में पेयजल समस्या एवं उसके निदान हेतु समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंडवार खराब चापाकल एवं जलमीनार की अद्यतन स्थित से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि अनाबद्ध राशि से जिले के खराब चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरूस्त किए जाएंगे। पलामू राज्य का पहला जिला होगा, जहां अनाबद्ध राशि से पेयजल समस्या का निदान किया जायेगा। उन्होंने आवश्यकता अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से भी पेयजलापूर्ति करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल की सुविधा मुहैया कराने में कोई कोताही नहीं बरती जाए। अगले 15 दिनों तक पेयजल को फोकस करें। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी अभियंता क्षेत्र भ्रमण कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए खराब चापाकल एवं जलमीनार को दुरूस्त कराएं ताकि जिले के लोगों को पेयजल संकट से निजात मिल सके। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेयजल संकट के निवारण के लिए खराब चापाकल एवं जलमीनार की सूचना उपलब्ध होने के लिए प्रखंड कार्यालय में शिकायत पेटी लगाने एवं प्राप्त शिकायतों को दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने पेयजल समस्या के निदान के लिए नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित करने, चार्ट बनाकर प्रतिदिन खराब चापाकल एवं जलमीनार को ठीक किए जाने की अद्यतन जानकारी लेने, वाट्सेप नंबर पर प्राप्त शिकायतों का निवारण करने आदि का निदेश दिया। मंत्री ने ग्रामीण एवं शहरी जलापूर्ति योजनाओं को लेकर चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति को भी जाना। साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर संवेदक के कार्यों की समीक्षा कर कार्य में गति लाने का निदेश दिया ताकि योजनाएं ससमय पूर्ण किया जा सके। मंत्री ने भविष्य में पानी की समस्या नहीं हो, इसके लिए समय रहते रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराने, वर्षाजल संचयन की दिषा में सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य करने का निदेश दिया। उपायुक्त शशि रंजन ने मंत्री का स्वागत किया। साथ ही विषय प्रवेश कराते हुए पलामू जिले में पंयजल संकट के निवारण हेतु अबतक किए गये कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारियों को अगले 15 दिनों तक कार्यालय अवधि के द्वितीय पाली में क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल संकट निदान के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूचि व विभागीय समन्वय से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उपायुक्त ने कहा कि खराब चापाकल एवं जलमीनार को ठीक करने में गैंगमैन लगे हैं। बावजूद कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में स्थानीय स्तर पर गैंगमैन से कार्य कराकर 15 दिनों में खराब चापाकल एवं जलमीनार को दुरूस्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सहायक एवं अन्य अभियंता को चेतावनी देते हुए सक्रियता पूर्वक कार्य करते हुए प्रगति लाने का सख्त निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षण अभियंता, जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं सहायक कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।



### खुदाई के दौरान मजदूर की मौत

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में पानी की पाइपलाइन बिछाने के दौरान एक दुखद घटना हुई। खुदाई के दौरान दो मजदूर गड्ढे में गिरकर मिट्टी में दब गए। इस हादसे में 24 वर्षीय कृष्णा बास्के की मौके पर मौत हो गई। दूसरे मजदूर पांचू को गंभीर हालत में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### व्यापारी की गोली मारकर हत्या

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में दिन प्रतिदिन कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। इस कड़ी में नगर थाना क्षेत्र के चैती दुर्गा स्थान के पास नकाबपोश बदमाशों ने व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने जीएस इलेक्ट्रॉनिक के दुकानदार संजीव कुमार उर्फ गुड्डू कुमार उर्फ गौरीशंकर गुप्ता की हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में है। पुलिस के मुताबिक गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने घायल गुड्डू कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोलीबारी की सूचना मिलने पर नगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस टीम सदर अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

### बाइक सवार मां-बेटे की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के गोरहर थाना अंतर्गत जीटी रोड पर सोमवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जीटी रोड पर एक कंटेनर बाइक सवार दो लोगों को रौंदते हुए पलट गई जिसमें मां-बेटे की मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतकों की पहचान बांदासिंघा निवासी मोनू कुमार साव और गणेशी देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को निकाला है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जीटी रोड गोरहर के पास बगोदर की ओर से आ रही कंटेनर पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### स्पर्शाघात से पिता-पुत्र की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना अंतर्गत मुखर्जी पुल के समीप 11 हजार बिजली प्रवाहित तार नहर पर गिर गया। इस दौरान सड़क से डीजल लेने बाइक से जा रहे सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका पुत्र बिपिन मेहता विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए जिससे पिता-पुत्र पूरी तरह जल गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया।




संक्षिप्त समाचार

## भोजपुर में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

■ ट्रैक्टर से नीचे गिरते ही ऑटो ने मारी टक्कर, भूसा अनलोड करते समय हुआ हादसा

**आरा( भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ऑटो ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। आनन-फानन में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ट्रैक्टर पर भूसा लोड करते समय हादसा हुआ है। मृतक की पहचान शाहपुर नगर वार्ड नंबर-2 निवासी जगदीश यादव( 70 ) है। भतीजा संजय यादव ने बताया कि चाचा बधार से ट्रैक्टर पर भूसा लेकर आए थे। सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर अनलोड कर रहे थे। इस दौरान पैर फिसलने से गाड़ी से नीचे सड़क पर गिर गए। फिर पीछे से आ रही ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया। लेकिन पटना पहुंचने से पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। एक साल पहले चाची की मौत हो चुकी है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।



## पूर्णिया में आकाशीय बिजली गिरने से 2 महिला की मौत

■ खेत पर काम करने के दौरान हुआ हादसा, दो मवेशी भी झुलसे

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के अलग-अलग इलाकों में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने 2 महिलाओं की मौत हो गई। खेत में काम करने के दौरान हादसा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहली घटना डगरूआ थाना क्षेत्र की है। बेलगच्छी पंचायत के वार्ड नंबर-7 निवासी मो. अंसर ने बताया कि पत्नी शकीला खातून( 40 ) के साथ खेत पर गया था। मकई सूखा रहा था, इस बीच अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरु हो गई। पत्नी मेरे से 50 मीटर की दूरी पर खड़ी थी। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से बुरी तरह से झुलस गई। जब तक कुछ समझ पाता, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**फसल देखने खेत पर गई थी महिला :** दूसरी घटना बड़हरा कोठी थाना क्षेत्र की है। लक्ष्मीपुर पंचायत के वार्ड 10 वज्रपात गिरने से बुजुर्ग महिला शमिया देवी( 61 ) की मौत हो गई। रघुवंशनगर थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि महिला मक्के की फसल देखने खेत पर गई थी। इस दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। महिला बारिश से बचने के लिए किसी सुरक्षित स्थान पर जा रही थी, इस बीच वज्रपात की चपेट में आ गई।

**2 मवेशियों की मौत :** वहीं, के.नगर इलाके के गणेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या 17 में बारिश के दौरान वज्रपात से 2 मवेशियों की मौत हुई है। पीड़ित किसान मंटू पासवान ने बताया कि गाय और बछड़ा खेत पर थे। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई।

## ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर चलाया अभियान

**भागलपुर, एजेंसी।** वनांचल एक्सप्रेस, दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस और फरक्का एक्सप्रेस का शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति शिवनारायणपुर, मथुरापुर के बैनर तले आंदोलन किया जा रहा है। रविवार को रेलवे संघर्ष समिति के संयोजक ई. अमन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आम सभा का आयोजन किया गया। इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए आगामी 11 मई को शिवनारायणपुर स्टेशन परिसर में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए लोगों से आह्वान किया गया। आमसभा में विद्यानंद, अंबिका महतो, आलोक झा, मुकेश कुमार, श्याम कुमार महतो, लालू यादव, शिव, चंदन साह, शिवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# नीट यूजी 2025-गड़बड़ी के आरोप में ओडिशा से 4 गिरफ्तार : बिहार-झारखंड का मास्टरमाइंड

## सॉल्वर बिठाने की थी तैयारी: 20-30 लाख में हुई डील

**पटना, एजेंसी।** रविवार 4 मई को हुई नीट यूजी 2025 की परीक्षा में गड़बड़ी की कोशिश थी। इसे लेकर ओडिशा पुलिस ने भुवनेश्वर से एक इंटरस्टेट गैंग के चार सदस्यों को पकड़ा है। इन पर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए नीट के अभ्यर्थियों से पैसे लेने का आरोप है। पकड़े गए 4 लोगों में एक बिहार का अरविंद कुमार है। वहीं झारखंड के प्रियदर्शी कुमार और ओडिशा के सुनील सामंत्रे और रुद्र नारायण बेहरा शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कैंडिडेट्स से 20 से 30 लाख में डील हुई थी। पुलिस आयुक्त एस देवदत्त सिंह ने बताया- ओडिशा के दो लोगों समेत चार को भुवनेश्वर की स्पेशल क्राइम यूनिट ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गैंग के सदस्य छात्रों को मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन दिलाने का वादा करके उनसे पैसे लेते थे। गैंग की प्लानिंग सॉल्वर को परीक्षा में बिठाने की थी।

### फर्जी कैंडिडेट असली की जगह देते परीक्षा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओडिशा पुलिस को शक है कि गैंग के मेंबर पहले स्थानीय एजेंट से नीट उम्मीदवारों की जानकारी जुटाते हैं, जिसमें उनके आधार कार्ड भी शामिल हैं।वे लोग रजिस्ट्रेशन में मदद करते, फिर एडमिट कार्ड जारी होने के बाद, उसे बिहार के गैंग को ट्रांसफर किया जाता। इसके बाद फर्जी कैंडिडेट इन एडमिट कार्ड का इस्तेमाल असली छात्रों की जगह परीक्षा में बैठने के लिए किया जाता। पुलिस आयुक्त सिंह ने बताया कि इनके पास से 90 लाख रुपए से ज्यादा के चेक, कुछ ब्लैंक चेक, 182 उम्मीदवारों के डॉक्यूमेंट जब्त किए गए हैं।

### बिहार-झारखंड के आरोपी मास्टरमाइंड

पुलिस आयुक्त एस देवदत्त सिंह ने बताया- रैकेट के भुवनेश्वर में एक्टिव होने के बारे में हमें खुफिया विभाग से खबर मिली थी। इस रैकेट का मास्टरमाइंड झारखंड का प्रियदर्शी कुमार और बिहार का अरविंद कुमार है। झारखंड का आरोपी हजारीबाग का रहनेवाला है। ओडिशा के सुनील और रुद्र दोनों की मदद कर रहे थे। भुवनेश्वर के एक ऐडमिशन काउंसलिंग एजेंसी से सुनील और रूद्र ने छात्रों की जानकारी जुटाई थी। नकली परीक्षार्थी को बैठने में यहां की कुछ संस्थाओं की भूमिका संदेहास्पद है। ऐसे में इस तरह के संस्थाओं के बारे में पता लगाने का पूरा प्रयास किया जाएगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ओडिशा पुलिस ने कॉन्टैक्ट नहीं किया, वेरिफाई करवाएंगे-एडीजी

बिहार में आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने बताया कि ओडिशा में हुई कार्रवाई को लेकर वहां की पुलिस ने आधिकारिक तौर पर कोई संपर्क नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वहां हुई गिरफ्तारी में एक बिहार का शख्स शामिल है तो हमारी टीम इसे वेरिफाई करेगी। एग्जाम को लेकर बिहार में कार्रवाई के सवाल पर कहा कि, आंसर की के नाम पर छात्रों से रुपयों की ठगी किए जाने की शिकायत एक-दो जिलों से आई थी। इसमें अररिया जिले में साइबर डीएसपी ने कार्रवाई करते हुए एक ठग को गिरफ्तार किया है।





### एग्जाम से पहले पटना पुलिस ने 3 माफियाओं को उठाया

इधर परीक्षा से पहले शनिवार की रात से ही पटना पुलिस की विशेष टीम ने माफियाओं के ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार, परीक्षा माफिया मिथिलेश के ठिकानों पर पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी की, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने इस दौरान तीन परीक्षा माफियाओं को उठाया है। तीनों से पूछताछ करने के साथ ही उनके मोबाइल की सीडीआर खंगालने में जुटी है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस बाबत कुछ बताने से मना कर रहे हैं।

### 4 मई को हुई परीक्षा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 4 मई, 2025 को नीट यूजी2025 परीक्षा आयोजित की। पूरे देश के मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज और आयुष कॉलेजों में एडमिशन पाने के लिए 22 लाख से अधिक उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए।

### राजस्थान में क्वेश्चन पेपर देने के नाम पर ठगी, 3 गिरफ्तार

वहीं दूसरी ओर राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने जयपुर से तीन लोगों को पकड़ा है। इनकी पहचान बलवान (27), मुकेश मीना (40) और हरदास (38) के रूप में हुई है। इन पर नीट 2025 के प्रश्नपत्र के बदले में एक नीट उम्मीदवार से 40 लाख रुपए ठगने का आरोप है। तीनों संदिग्धों ने कैंडिडेट और उसके परिवार को हरियाणा के गुरुग्राम ले जाने के बाद पैसे की मांग की। परिवार ने जब प्रश्नपत्र दिखाने को कहा तो आरोपियों ने इनकार कर दिया।



## दरभंगा में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का झंडा जलाया

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने पहलगाम अटैक के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का झंडा जलाकर विरोध जताया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करो, जैसे नारे लगाए गए।

भाजपा के पूर्व महामंत्री अंकुर गुप्ता ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वो करते हैं। खून के एक-एक कतरे का हिसाब जल्द लिया जाएगा। राशन और पानी बंद हो चुका है। अगला कदम पीओके से हाथ धोने का होगा। पाकिस्तान प्रायोजित यह कृत्य माफ करने लायक नहीं है।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

प्रदर्शन में शामिल बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान में उथल-पुथल मची है। विश्व समुदाय से अलग-थलग पड़ चुका है। सरकार आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारेगी। न केवल आतंकवादी, बल्कि उन्हें पनाह देने वालों को भी नहीं छोड़ा जाएगा। आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की को ट्रेन से फेंका, 20 मिनट ट्रैक पर पड़ी रही

आरा में मोबाइल छीनने का विरोध करने पर दिया धक्का : सिर-सीने में गंभीर चोट

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** आरा-सासाराम रूट पर बदमाशों ने रविवार को मोबाइल छीनने के दौरान एक लड़की को चलती ट्रेन से फेंक दिया। लड़की को सिर, सीने और पीठ में चोटें आई हैं। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि लड़की ने मोबाइल छीनने के दौरान बदमाशों का विरोध किया था। इससे नाराज होकर उन्होंने उसे धक्का दे दिया। घटना के बाद लड़की 20 मिनट पर रेलवे ट्रक पर पड़ी रही। डायल 112 की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलते ही रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर, एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट अली हसन अस्पताल पहुंचे। पीड़िता से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली है।

### दवा लेने आरा जा रही थी बहन

पीड़िता की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी कामेश्वर सिंह की बेटी तनु कुमारी( 20 ) के तौर पर हुई। तनु के भाई शशि रंजन कुमार ने बताया- चेहरे के लिए होम्योपैथी दवा लेने के लिए बहन आरा जा रही थी। पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया।



पीरो स्टेशन पर उसने सासाराम-पटना पैसेंजर पकड़ी थी। आरा स्टेशन से कुछ दूर पहले पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जब मोबाइल नहीं छीन पाया तो उसने चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। ट्रेन से नीचे गिरने के बाद, उस बदमाश का दूसरा साथी मोबाइल लेकर भाग गया। जख्मी हालत में तनु करीब 20 मिनट तक ट्रैक पर पड़ी रही। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल-112 की टीम पहुंची। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### सीसीटीवी से बदमाशों को पकड़ने में जुटी पुलिस

रेलवे के एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने बताया- ट्रेन से नीचे फेंकने की सूचना मुझे नहीं मिला है। चोर की गिरफ्तारी के लिए जांच की जा रहा है। वहीं, असिस्टेंट कमांडेंट अली हसन ने बताया- अस्पताल में घायल लड़की से बातचीत हुई है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

## औरंगाबाद में तिलक से एक दिन पहले दूल्हा अरेस्ट

गांव के एक शख्स की हत्या का आरोप, घटनास्थल से आरोपी का चप्पल और गमछा बरामद




**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के रफीगंज थाना क्षेत्र में तिलक से एक दिन पहले पुलिस ने दूल्हे और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। दोनों पर गांव के ही अजय सिंह( 50 ) की हत्या आरोप है। आरोपियों की पहचान रूपेश कुमार और संटू कुमार के तौर पर हुई। घटना बीबीपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक रूपेश की शादी होनी थी। सोमवार को उसका तिलक था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। शादी समारोह में आने वाले मेहमानों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए घर के बाहर एक शौचालय बनाया जा रहा था। शुक्रवार को अजय सिंह और संटू के साथ ट्रैक्टर से सेप्टिक टैंक खरीदने गए थे। देर रात दोनों घर लौट गए, लेकिन अजय सिंह नहीं पहुंचे। शनिवार सुबह पेवर ब्लॉक प्लांट के पास शव मिला था। घटनास्थल से आरोपी का चप्पल और गमछा मिला था।

### चाचा को ट्रैक्टर से लेकर गए थे

मृतक के भतीजे जितेंद्र सिंह ने आवेदन पर केस दर्ज हुआ था। जितेंद्र ने बताया कि शुक्रवार की सुबह चाचा को गांव के रूपेश सिंह और संटू घर से लेकर गए थे। तीनों ट्रैक्टर से सेप्टिक टैंक खरीदने औरंगाबाद गए थे। जिसके बाद से चाचा का कुछ पता नहीं चल रहा था। दूसरे दिन प्लांट के मालिक हरेंद्र सिंह ने बताया कि तुम्हारे चाचा का शव यहां पड़ा हुआ है। सीने पर ट्रैक्टर के चक्के का दाग था। गर्दन पर गमछा लपेटा हुआ था। दोनों ने चक्का चढ़ाने के बाद गमछे से गला दबाकर मार डाला।

### जांच के लिए विशेष टीम का गठन

एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया।

एसआईटी और जिला आसूचना इकाई की टीम ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर 12 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि औरंगाबाद से लौटते समय अजय सिंह ट्रैक्टर के नीचे गिर गई। जिससे उनकी मौत हो गई। डर से शव को प्लांट के पास छिपा दिया। भ्रम फैलाने के लिए मृतक के गले में तीन गमछा लपेट दिया था।




## बिहार के एसकेएमसीएच में डॉक्टरों ने महिला को बताया मृत, जांच में चलती मिली धड़कन: खूब हंगामा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में स्थित एसकेएमसीएच में रविवार सुबह डॉक्टर द्वारा मृत घोषित एक महिला की धड़कन ईसीजी जांच में चलती मिली। इसके बाद मरीज के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। खबड़ा की रितु देवी एक हफ्ते पहले आग से झुलस गई थी। गंभीर हालत में उसे एसकेएमसीएच के बर्न वार्ड में भर्ती किया गया। रविवार सुबह दस बजे एक डॉक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन हल्ला करने लगे। परिजनों के हंगामे के बाद मरीज को इमरजेंसी में ईसीजी जांच में लेकर जाया गया। ईसीजी जांच में मरीज की धड़कन और नब्ज चलती मिली। इसके बाद परिजनों का आक्रोश और बढ़ गया। काफी देर तक परिजनों ने इमरजेंसी में हंगामा किया। ईसीजी करने के बाद मरीज को ऑक्सीजन लगाया गया, लेकिन एक घंटे के बाद मरीज ने दम तोड़ दिया। अधीक्षक डॉ कुमारी विभा ने बताया कि इस मामले की पूरी जानकारी ली जाएगी।

**किशोर की मौत पर सर्जरी आईसीयू में हंगामा :** उधर, मेडिकल कॉलेज की सर्जरी आईसीयू में रविवार दोपहर मृतक पियर के शिवकुमार साह के 12 वर्षीय सोहन कुमार की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया। शिवकुमार की आंत आपस में फंसी हुई थी। सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 1 मई को उसका ऑपरेशन किया था। इसके बाद उसको आईसीयू में शिफ्ट किया गया था, लेकिन उसकी स्थिति नहीं सुधर रही थी। परिजन मोहन कुमार का कहना था कि रविवार को उसकी तबीयत बिगड़ रही थी। कई बार नर्सिंग स्टाफ को कहने के बावजूद उसने डॉक्टर को नहीं बुलाया। कुछ देर बाद किशोर गंभीर हो गया तब डॉक्टर आए। डॉक्टर के देखने के थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई। इसपर परिजन और नर्सिंग स्टाफ में फिर बहस शुरू हो गई। गार्ड ने दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया।

## राजगीर-किऊल स्पेशल ट्रेन का खगड़िया तक विस्तार



6 से 31 मई तक सप्ताह में 4 दिन चलेगी गाड़ी, मुंगेर-जमालपुर के लोगों को भी फायदा

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के पर्यटकों और आम यात्रियों के लिए खुशखबरी है। राजगीर-किऊल स्पेशल ट्रेन का विस्तार करते हुए अब इसे खगड़िया तक चलाया जाएगा। यह निर्णय यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए लिया गया है। पूर्व मध्य रेलवे ने घोषणा की है कि वर्तमान में बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस (14223/14224) के रेक द्वारा संचालित राजगीर-किऊल स्पेशल ट्रेन (03266/03265) अब खगड़िया तक चलेगी। यह विस्तारित सेवा 6 मई से 31 मई 2025 तक सप्ताह में 4 दिन - मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध होगी। इस विस्तारित सेवा से राजगीर और खगड़िया के बीच के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। विशेष रूप से मुंगेर, जमालपुर जैसे महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ने से यात्रियों को अतिरिक्त कनेक्शन या बसों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी।

**नया समय सारणी... :** राजगीर से खगड़िया (03266)

- राजगीर से प्रस्थान सुबह 06:10 बजे, नटेसर: 06:30 बजे, तिलैया 07:15 बजे, नवादा 08:03 बजे, वारिसलीगंज 08:28 बजे, शेखपुरा 09:00 बजे, किऊल 10:10 बजे पहुंचेगी गाड़ी। किऊल से प्रस्थान 10:15 बजे, अभयपुर 10:36 बजे, जमालपुर 10:52 बजे, मुंगेर 11:40 बजे, खगड़िया दोपहर 13:00 बजे पहुंचेगी।

खगड़िया से राजगीर (03265)

खगड़िया से प्रस्थान दोपहर 14:00 बजे, मुंगेर 14:55 बजे, जमालपुर 15:22 बजे, अभयपुर 15:58 बजे, किऊल 16:53 बजे पहुंचेगी।

किऊल से प्रस्थान 16:58 बजे, शेखपुरा 17:25 बजे, वारिसलीगंज 18:00 बजे, नवादा 18:33 बजे, तिलैया 19:00 बजे, नटेसर 20:20 बजे, राजगीर रात 21:25 बजे पहुंचेगी।

## सुशील मोदी की पुण्यतिथि 13 को मनाई जाएगी

**पटना, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की प्रथम पुण्यतिथि समारोह की तैयारी को लेकर रविवार को पटना महानगर की बैठक हुई। 13 मई को पटना के रवींद्र भवन में स्वर्गीय मोदी की पुण्यतिथि मनायी जाएगी। इसमें एनडीए घटक दल के नेता तथा सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक संस्था के लोग भी शामिल होंगे। मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शामिल होंगे। बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, पटना महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार और महानगर के पदाधिकारीगण शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में आज संविधान बचाओ कार्यक्रम

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजू सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान और विशिष्ट अतिथि नगर प्रभारी संजय सेठ थे। जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि 6 मई को रांची के पुराने विधानसभा परिसर धुर्वा में संविधान बचाओ कार्यक्रम होगा। इसमें कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू कुमार, सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कोडरमा से हजारों कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे। नगर प्रभारी संजय सेठ ने कहा कि 6 मई के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। नगर अध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि बैठक में नवनियुक्त कमेटी की सूची जिला अध्यक्ष और प्रभारी को सौंपी गई। बैठक को जिला महासचिव आशीष पांडेय, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फैयाज अब्बू केसर, वरिष्ठ नेता राम लखन पासवान ने भी संबोधित किया। बैठक में दैनिक अखबार के पत्रकार आलोक सिन्हा के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में होती हैं समस्याएं

**हजारीबाग, एजेंसी।** बड़कागांव हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत बाबू पारा गांव जाने मार्ग स्थित बादमाही नदी पर अब तक पुल निर्माण नहीं हो पाया है। इस नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में बाबू पारा गोंदलपुरा , गाली , बालोदर , टीलहवा सहित दर्जनों गांव टोला का जनसंपर्क प्रखंड मुख्यालय से प्रभावित हो जाता है।जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताते चले की इस नदी की दोनों छोर कालीकरण पक्की सड़कें का निर्माण किया गया है। इस स्थान पर पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। मुखिया संघ प्रखंड सचिव सह गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, बादम पंचायत मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, रमणिका देवी , मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, संतोष कुमार कुशवाहा, समाजसेवी नदीम खान , सोनू खान , शंभू शरण दास , सरयू दास , नरेश कुमार यादव , लालदेव गोप, सिकंदर महतो, देव प्रकाश, गणेश महतो सहित सैकड़ों लोगों ने जल्द पुल निर्माण करने की मांग की है।

### गौरियाकर्मा में पशुपालन विभाग की जमीन पर कब्जा

**हजारीबाग, एजेंसी।** गौरियाकर्मा स्थित राजकीय पशु प्रक्षेत्र की जमीन पर ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर लिया है। यह जमीन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधीन है। देवचंदा मौजा, थाना संख्या 01, खाता संख्या 47, प्लॉट संख्या 794, 798 की यह भूमि विभाग को 1960 में सौंपी गई थी। इसके एक हिस्से पर कुछ ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। इस मामले में 2022 में ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया था। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय कार्यालय को भी इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई। 15 फरवरी 2025 को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने इस पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई नीट परीक्षा, 314 छात्रों ने दी परीक्षा

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित आर. के. प्लस टू हाई स्कूल में रविवार को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट ( नीट ) परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।परीक्षा केंद्र पर कुल 336 परीक्षार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी। सेंटर सुपरिटेंडेंट विजय मसीह ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र में 314छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही परीक्षा संचालन के लिए कुल 30 वीक्षकों को तैनात किया गया था, जिन्होंने पूरे समय अनुशासन का पालन कराते हुए परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया।

# 11 हजार वोल्ट ने ली बाप-बेटे की जान

## पलामू में बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा

**पलामू, एजेंसी।** पलामू में 11 हजार वोल्ट की तार ने बाप-बेटे की जान ले ली। घटना उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव के पास घटी है। इस हादसे ने सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका बेटे बिपिन मेहता की जान ले ली। जानकारी के मुताबिक आज बिंदु मेहता की भतीजी की शादी है। बारात आने वाली है। इसी को लेकर दोनों शादी में जेनरेटर के लिए अहले सुबह तेल लाने जा रहे थे। जिस रास्ते वे बाइक से जा रहे थे वहीं 11 हजार वोल्ट का तार गिरा हुआ था। दोनों उसी की चपेट में आ गए। तार में करंट होने की वजह से आग लग गई और दोनों वही जल गए।

घटना से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है। जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल



हुसैनाबाद भेज दिया है।घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गई है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सेमरसोत गांव निवासी बिंदु मेहता की भतीजी की आज सोमवार को बारात आने वाली थी। बिंदु मेहता अपने इकलौते पुत्र बिपिन मेहता को बाइक पर साथ लेकर अहले सुबह डीजल तेल लेने जा रहे थे। जिससे शादी में जेनरेटर में तेल की कमी नहीं हो सके।

घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग कमजोर और गरीब लोगों पर केस कर परेशान करने के लिए है।विभाग को लगातार ग्रामीण जानकारी दे रहे थे, मगर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि सड़क क्रॉसिंग की जगह पर अर्थ के साथ जाली देने का प्रावधान है। लापरवाही में विभाग ने किसी भी सड़क के ऊपर से पार किया गया तार में जाली नहीं देने का काम करता है। परिणामस्वरूप इस तरह की घटनाएं होती हैं।

### राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं : बाबूलाल

**रांची, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि साहिबगंज के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में दुकानदार संजीव साह की गोली मारकर हत्या कर दी। राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं रह गयी है। पुलिस प्रशासन आम गरीब जनता पर रौब झाड़ने और वसूली करने में मशगूल है, जबकि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधी बेधड़क वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बाबूलाल ने सीएम से पूछा कि आखिर कब तक बेकसूर जनता अपनी जान गंवाते रहेगी। यदि अपराधी दुकानदारों को लक्षित कर इसी प्रकार निशाना बनाते रहे तो झारखंड में व्यवसाय करना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने साहेबगंज पुलिस से तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## साहिबंगज में दुकानदार की हत्या से मचा हड़कंप, नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में घुसकर मारी गोली

**साहिबगंज, एजेंसी।** नगर थाना क्षेत्र के चैती दुर्गा मंदिर के समीप स्थित जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू कुमार को रविवार की शाम करीब पौने आठ बजे दो नकाबपोश अपराधियों ने दुकान में घुसकर गोली मार दी। अपराधियों ने दुकानदार को सीने में गोली मारी। इसके बाद स्वजन व आसपास के लोग उन्हें लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह आदि घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

दुकान में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। आसपास भी कई दुकानों में भी सीसीटीवी लगा हुआ है, जिससे अपराधियों के शीघ्र पकड़े जाने की उम्मीद है। सीसीटीवी में स्पष्ट दिख रहा है कि दो युवक वहां पहुंचे और पंखा दिखाने को कहा। वह काउंटर पर बैठे हुए थे, जबकि दुकान का स्टाफ पंखा दिखा रहा था। इसी क्रम में काले रंग के नकाब से अपना मुंह छिपाए युवक ने पिस्तौल निकाली और सीने में सटाकर गोली मार दी। संजीव कुमार गुप्ता कुर्सी से उठे और गेट पर आकर गिर गए। वहां काफी खून भी गिरा हुआ था।

मृतक के पिता गौरी शंकर गुप्ता रेलवे में लोको पायलट थे। तीन साल पूर्व उनकी मौत हो गई थी। संजीव उनका इकलौता पुत्र था। गौरी शंकर गुप्ता के नाम पर ही जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स है। संजीव के परिवार में पत्नी, करीब नौ साल का एक बेटा, सात साल की बेटी व बूढ़ी मां हैं। दोनों बच्चे संत जेवियर स्कूल में पढ़ते हैं। घटना के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

संजीव काफी मिलनसार व्यक्ति थे। संत जेवियर स्कूल सहित कई बड़े संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज के मेंटेनेंस का काम भी वह देखते थे।

दुकानदार की हत्या के विरोध में कॉलेज रोड व्यवसायी संघ ने बंद का आह्वान किया है। इस दौरान सभी दुकानें बंद नजर आई।

## हरा हो गया है रिम्स की टंकी का पानी: आ रही बदबू, गुणवत्ता पर उठे सवाल, प्रबंधन बोला- सफाई की जिम्मेदारी पीएचईडी की

**रांची, एजेंसी।** राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल रिम्स, जहां हर दिन करीब 7 हजार लोग (मरीज व उनके परिजन) इलाज के लिए पहुंचते हैं, अब पानी की गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में है। छतों पर लगी सीमेंटेड और प्लास्टिक टंकियों में जो पानी जमा है, वह अब खुद बीमारी का कारण बनता दिख रहा है। पानी काला और हरा दिखाई दे रहा है, जिससे बदबू आती है। मरीजों के परिजन उसका उपयोग करने से डरते हैं।

जानकारी के अनुसार, रिम्स में 10 से अधिक सीमेंटेड टंकियां हैं, जिनकी क्षमता 10 से 12 हजार लीटर है। इसके अलावा, अलग-अलग इमारतों में 40 से अधिक प्लास्टिक की टंकियां लगी हैं। इनमें से अधिकतर में ढक्कन तक नहीं हैं। गंदगी की परतें, काई और बदबूदार पानी साफ इशारा कर रहे हैं कि वर्षों से इनकी सफाई नहीं हुई।

रिम्स में एक समय में करीब 2 हजार मरीज भर्ती रहते हैं और रोजाना ओपीडी में 2200 से ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। एक मरीज के साथ औसतन एक या दो परिजन होते हैं। यानी रोजाना 7 से 10 हजार लोगों की उपस्थिति रहती है। ऐसे में पानी की खपत लाखों लीटर प्रतिदिन तक पहुंचती है। बावजूद इसके पानी की क्वालिटी पर कोई ध्यान नहीं।

रिम्स पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता सचिंद्र



मोहन झा ने कहा कि सभी टंकी की नियमित सफाई कराई जाती है। एक साल में दो बार सफाई होती है। दूसरे फेज की सफाई कुछ दिन पूर्व शुरू हुई है। चूंकि रिम्स में पानी की खपत अधिक है और सप्लाई पानी आता है, तो संभव है कि टंकी गंदी हो। लेकिन विभाग नियमित रूप से जांच कराता है।

रिम्स के पीआरओ डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि पानी की टंकी के साफ- सफाई और मेंटेनेंस की पूरी जिम्मेदारी पीएचईडी विभाग की है। विभाग द्वारा हर छह माह के अंतराल में सफाई करने की बात कही गई है। बावजूद इसके अगर गंदगी की शिकायत है तो सभी टंकियों की जांच कराई जाएगी।

सीमेंटेड टंकियों में काई की मोटी परत जमी थी। पानी का रंग हरा और काला पड़ चुका था। कई टंकियों में तो अंदर झांकते ही बदबू आ रही थी। प्लास्टिक टंकियों में ढक्कन भी नहीं थे और अंदर मच्छर, कीड़े-मकोड़े और गंदगी दिखाई दे रही थी।

डॉक्टरों के मुताबिक गंदा पानी पेट संबंधी रोग, डायरिया, स्किन इन्फेक्शन और फंगल डिजीज का कारण बन सकता है। कमजोर इम्यूनिटी वाले मरीजों के लिए यह और भी खतरनाक है। खासकर सर्जरी वाले मरीजों को गंभीर इन्फेक्शन का खतरा रहता है, क्योंकि रिम्स में अधिकतर गंभीर रोगी ही भर्ती रहते हैं।

## शादी से लौट रहे स्कॉर्पियो को ट्रक ने मारी टक्कर: 6 से अधिक लोग हुए घायल



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के बेंगाबाद - मधुपुर एनएच में डाकबंगला के समीप शादी से लौट रहे एक स्कॉर्पियो वाहन को ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो पलट गया। इसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची बेंगाबाद पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया।

**स्कॉर्पियो में थे 9 लोग सवार :** घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में 9 लोग सवार थे। सभी मधुपुर से शादी समारोह में शामिल होने रांची गए थे। वहीं से वापस घर लौटने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो वहीं पलट गया और सभी लोग स्कॉर्पियो के अंदर फंस गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आस-पास के लोग आए और मदद की। वहीं इसकी जानकारी बेंगाबाद थाना की पुलिस को दी गई। इस बीच ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर वहां से फरार हो गया।

**जेसीबी की मदद से स्कॉर्पियो को सीधा किया :** इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बेंगाबाद थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जेसीबी मशीन के माध्यम से पलटा हुआ स्कॉर्पियो को सीधा करवाया। इसके साथ ही वाहन में फंसे मधुपुर निवासी मो. मोईन, मो. गुड्डू, फरजाना परवीन, गौस रजा, शाहिदा खातून एवं फरजाना परवीन को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि इन सभी घायलों का इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल और नवजीवन हॉस्पिटल में चल रहा है।

## क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिए कई निर्देश

**पलामू , एजेंसी।** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ने की। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।



अपराध की स्थिति और समाधान जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गई। संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक महोदया ने निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साइबर अपराध पर नियंत्रण बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए।

स्कूल-कॉलेज जागरूकता अभियान थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुलिस द्वारा आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता और त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

मादक पदार्थ तस्करी मादक पदार्थ तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्णय लिया गया। सड़क सुरक्षा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया गया। थाना स्तर पर जवाबदेही एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं और लोगों का भरोसा जीतने के लिए नियमित जनसंपर्क अभियान चलाएं। निर्माण स्थलों की सुरक्षा एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चल रहे सरकारी कंस्ट्रक्शन साइटों का निरीक्षण करें, वहां उपस्थित ठेकेदारों व मुंशियों के साथ बैठक करें और उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर, निर्माण स्थलों पर पुलिस बल की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

# जमशेदपुर में बांटे जाएंगे 2500 से ज्यादा फ्लैट, पीएम आवास योजना का कब होगा आवंटन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर में पीएम आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में फ्लैट बांटे जाएंगे। यहां के बिरसानगर के ब्लॉक संख्या 8 और 23 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बन रहे जी प्लस 8 मॉडल फ्लैट का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। ब्लॉक-8 में 184 लाभुकों और ब्लॉक-23 में 227 लाभुकों ने आवंटन के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। अब कुल 2461 लोगों को जल्द ही आवास आवंटित किए जाएंगे।

फ्लैट आवंटन का कार्यक्रम जून के आखिरी सप्ताह तक तय हो जाएगा। सिदगोड़ा टाउन हॉल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लाभुकों को फ्लैट की चाबियां सौंपने की तैयारी की जा रही है। नगर विकास विभाग के अधीन जेएनएसी कमांड क्षेत्र में बागुनहातु और बिरसानगर में बड़े



पैमाने पर जी प्लस 8 मॉडल के बहुमंजिला भवनों का निर्माण हो रहा है, जिसका उद्देश्य लगभग 11 हजार जरूरतमंद परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। यह परियोजना पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी, जिसके तहत बिरसानगर में 9592 पक्के मकानों के निर्माण की योजना बनी थी।

देरी पर आपत्ति जताई थी

हाल ही में जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो और विधायक पूर्णिमा साहू ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और जेएनएसी, जुडको और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया।

सांसद ने ऋण प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को सरल करने की भी आवश्यकता बताई और कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर जरूरतमंद को पक्का मकान देने के संकल्प पर काम कर रही है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण योजना की रफ्तार धीमी हुई है। जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना में दो ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मामूली निर्माण बाकी है, जिसे एकाध सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा।

## 12 गांव के लोगों को शहर आने-जाने में 15 किमी अधिक करना पड़ रहा सफर

**रांची, एजेंसी।** शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने का दावा किया जा रहा है। दर्जनों नई सड़कें और फ्लाईओवर की योजना बनाई जा रही है। लेकिन वर्षों पुरानी योजनाओं पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है रांची से राहे-हाहे रोड। इस रोड में घाटी के ऊपर स्थित गूंगा नाला पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण होना है।

पिछले साल अक्टूबर में ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास भी हो गया, लेकिन अभी तक निर्माण शुरू नहीं हुआ। पुल बनाने के लिए करीब 120 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिली हुई है। इस रोड में गूंगा नाला से पहले तक सड़क बनाकर छोड़ दिया गया है। यहां एक डिवाइडर बनाकर बोर्ड लगाया गया है कि आगे रास्ता बंद है, असुविधा के लिए खेद है। ब्रिज का काम शुरू नहीं होने से चार पंचायतों की करीब 30 हजार की आबादी को 15 किमी. अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। अनगड़ा के बोंगईबेड़ा, पईका, कोताटोली और अंबा झरिया समेत 12 गांवों



के लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने में परेशानी होती है। इस रूट पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन भी स्थित है। रेलवे स्टेशन आने-जाने के लिए भी ग्रामीणों को करीब 18 किमी. अधिक चलना पड़ता है।

गूंगा नाला पर पुल बनने से रांची-पुरुलिया रोड से बुंडू-सिल्ली की दूरी करीब 22 किमी तक कम हो जाएगी। पुल बनने से ग्रामीण एनएच 33 से सीधे जुड़ जाएंगे। ब्रिज बनने के बाद घने जंगल से घिरे इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 05-05-2025 22:15 Page 1



# चमकी बुखार के 16 मरीज मिलने से सनसनी

### ▸ जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर ▸ सभी बच्चे स्वस्थ्य होकर हुए डिस्चार्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में गर्मी और उमस बढ़ते ही चमकी बुखार यानी एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम के मामले एक बार फिर से सामने आने लगे हैं। एसकेएमसीएच में अब तक एईएस के 16 मरीज भर्ती किए गए हैं, जिनमें से 13 मुजफ्फरपुर जिले से हैं जबकि 3 अन्य जिले सीतामढ़ी, शिवहर और गोपालगंज से हैं। सभी बच्चों का इलाज एसकेएमसीएच के पीकू वार्ड में किया गया और राहत की बात है कि सभी बच्चे ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अभी तक कोई भी मौत नहीं हुई है और सभी मरीज खतरे से बाहर हैं।

सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने बताया कि विभाग 'जीरो डेथ' की नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका असर यह है कि कोई भी बच्चा गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचा और सभी की जान बचाई जा सकी है। फिलहाल, जिले के मुसहरी, बोचहां, पारू, कुढ़नी, मीनापुर और मोतीपुर प्रखंड से एईएस के केस मिले हैं। सोमवार को मुसहरी प्रखंड में एक नए केस की पुष्टि हुई है।

बढ़ती उमस को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। पीएचसी, सीएचसी और अन्य अस्पतालों को सतर्क कर दिया गया है। वहीं, गांव-गांव में संध्या चौपाल के माध्यम से लोगों को एईएस के लक्षण, बचाव और इलाज के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि यदि किसी बच्चे में चमकी बुखार के लक्षण दिखें तो तुरंत उसे सरकारी अस्पताल लेकर जाएं।

## भाजपा छोड़ थामेंगे कांग्रेस का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंडी।** चंडी के पूर्व विधायक अनिल सिंह भाजपा छोड़कर 31 वर्षों बाद कांग्रेस में वापसी करेंगे। वे बुधवार को पटना के सदाकत आश्रम में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।


उन्होंने बताया कि वे नवंबर 1994 में कांग्रेस छोड़े थे। 1995 में समता पार्टी से जुड़ा था। वे समता पार्टी से विधायक चुने गए थे। इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी की टिकट पर भी विधायक चुने गए थे।

अनिल सिंह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की टिकट पर भी चुनाव लड़ चुके हैं। वे भाजपा में सक्रिय थे। उनकी इच्छा विधान सभा चुनाव लड़ने की है।

भाजपा में रहते यह इच्छा पूरी नहीं होती दिखी तो कांग्रेस का साथ होने का निर्णय लिया। बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी पूर्व विधायक देवेंद्र यादव से अनिल सिंह की मित्रता है। अनिल सिंह के पिता पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.रामराज सिंह कांग्रेस के बड़े नेताओं में से एक थे।

# उत्तर प्रदेश की चार लड़कियों को नालंदा पुलिस ने कराया मुक्त

### आर्केस्ट्रा के नाम पर किया जा रहा था खेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा में आर्केस्ट्रा की चकाचौंध के पीछे छिपे काले सच का पुलिस ने पदार्फाश किया। नालंदा पुलिस ने लहेरी थाना क्षेत्र स्थित बैंक कालोनी में छापेमारी कर मानव तस्करी के मामले का भंडाफोड़ किया है। यहां पर आर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिग लड़कियों का शोषण किया जा रहा था। इस कार्रवाई में चार लड़कियों को मुक्त कराया गया है, जिनमें दो नाबालिग हैं। पुलिस ने बताया कि सभी मुक्त कराई गईं लड़कियां उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। सदर डीएसपी मो. नुरूल हक ने बताया कि एसपी भारत सोनी के निर्देश पर रविवार की देर रात एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, जिला बाल संरक्षण इकाई, बचपन बचाओ आंदोलन और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से यह कार्रवाई की गई।

मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि छापेमारी बैंक कालोनी स्थित गोपाल यादव के मकान में की गई, जहां किराए पर रह रहे आर्केस्ट्रा संचालक लालटुस कुमार, उसकी पत्नी और एक अन्य आरोपी इंद्रजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान एक कमरे से चार लड़कियों को मुक्त कराया गया। पीड़िताओं ने बताया कि उन्हें पहले सूत काटने का काम दिलाने के नाम पर हर दिन चार से पांच हजार रुपये कमाई का लालच देकर यहां लाया गया था। लड़कियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें उत्तर प्रदेश से काम दिलाने के नाम पर लाया गया था। यहां पहुंचते ही उन्हें जबरन आर्केस्ट्रा में नचवाया जाने लगा। संचालक दंपती द्वारा धमकी देकर उन्हें शोषण का शिकार बनाया गया।

पुलिस ने मकान मालिक गोपाल यादव के खिलाफ भी प्राथमिकी की है। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर सुमंत कुमार, महिला थाना अध्यक्ष कुमारी उषा सिन्हा, दारोगा निशा भारती, रंजन पाठक, संतोष दुबे, अनुपम कुमारी, मंटू कुमार और उज्जवल कुमार शामिल थे।

# बिहार ने गोवा को हराकर सबको चौंकाया

### बिहार में पहली बार हो रहा खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तत्वावधान में राजगीर स्पोर्ट्स एकेडमी एंड कॉम्प्लेक्स कैंपस के इंडोर हॉल स्थित कबड्डी कोर्ट में आयोजित दूसरे दिन के कबड्डी मुकाबले में पुल ए तथा पुल बी से दो-दो टीमों के बीच जमकर दांव पेंच चले।

अंडर-18 बालिका वर्ग से दिन के समय पहला कबड्डी मुकाबला पुल ए के छत्तीसगढ़ बनाम राजस्थान के बीच हुआ।

दोनों टीम ने आपस में जमकर अपने दांव-पेंच दिखाएं। जिसमें राजस्थान ने 43 अंक प्राप्त किया, जबकि छत्तीसगढ़ ने 33 अंक हासिल किया। इस तरह से राजस्थान ने छत्तीसगढ़ को 10 अंकों से पराजित किया।

वहीं, दूसरे मुकाबले में पुल ए बालक वर्ग से आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच मैच हुआ। जिसमें आंध्र प्रदेश ने 43 अंक हासिल कर छत्तीसगढ़ के 37 अंक के मुकाबले 06 अंक से जीत दर्ज की।

तीसरे कबड्डी मुकाबले में पुल बी बालक वर्ग से बिहार बनाम गोवा के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई। जिसमें बिहार बालक टीम के कबड्डी के खिलाड़ियों ने गोवा को रौंद डाला। दोनों टीम के बीच जमकर खींचतान हुई।

जिसमें बिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 88 अंक प्राप्त किया। जबकि, गोवा मात्र 14 अंक तक ही सीमित रही। इस कबड्डी मुकाबले में बिहार ने रिकॉर्ड 74 अंक से गोवा पर जीत हासिल कर अपना दबदबा बनाए रखा।

आज के मैच को जीतकर बिहार पुरूष टीम ने पिछले रविवार की शाम अंडर 18 पुल बी के बालिका कबड्डी टीम के हार की क्षतिपूर्ति भी की।

अंडर 18 बालक वर्ग बिहार कबड्डी टीम ने अपने पहले लीग मुकाबले को जीतकर जता दिया है कि आगे के सभी मुकाबलों में बिहार टीम अपने अंको की बहार से आगे बढ़ती जाएगी।

वहीं, चौथे मुकाबले में पुल बी बालिका टीम से तमिलनाडु ने 26 अंक एवं उत्तरप्रदेश ने 28 अंक प्राप्त किए। जिसमें उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को 02 अंकों से हराकर लीग में अपनी स्थिति मजबूत की।

मालूम हो खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है। जिसकी शुरूआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

2025 का संस्करण सातवां है और इसमें 27 खेलों को शामिल किया गया है। पहली बार यह प्रतियोगिता बिहार में हो रही है।

## महिला की पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले के गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के भीठी गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान भीठी गांव निवासी प्रभु प्रसाद की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, सोनी देवी अपने घर पर केवल एक बहू के साथ रहती थी। उसने अपनी जमीन एक व्यक्ति को बेच दी थी, जिसके बाद खरीदार जब जमीन पर पहुंचा तो पाटीदारों के साथ उसका विवाद शुरू हो गया।

बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान सोनी देवी ने जब आरोपी पाटीदारों का विरोध किया तो उन पर हमला कर दिया गया। आरोपियों ने मारपीट की और गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पक्ष अपना घर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही गोरेयाकोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया।

# बहन को चलती ट्रेन के नीचे फेंका

### 10 मार्च को घटी थी घटना, इंटरनेट से फोटे के जरीये पहुंची पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** 10 मार्च को पटना - गया रेलखंड पर नेर हाल्ट के समीप रेलवे ट्रेक पर मिले युवती के शव मामले में पुलिस ने ऑनर किलिंग का पदार्फाश किया है। अंतरजातीय प्रेम प्रसंग से नाराज भाई ने दोस्तों संग मिलकर बहन को चलती ट्रेन के नीचे फेंककर उसकी हत्या कर दी थी।

पुलिस ने आरोपित भाई को गिरफ्तार कर लिया है। 10 मार्च को मखदुमपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि नेर हाल्ट के समीप एक अज्ञात युवती का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव बरामद कर उसका पोस्टमार्टम कराया था।

पहचान के लिए युवती का फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया, जिसके बाद उसकी पहचान हुलासगंज थाना क्षेत्र के धवल विगहा गांव निवासी विनय यादव की पुत्री आरती कुमारी 19 वर्ष के रूप में हुई थी।

आरती कुमारी गया जिले के वजीरगंज गांव निवासी पंचम कुमार के पुत्र काजु कुमार के साथ प्रेम करती थी। दस मार्च को वह घर से फरार होकर प्रेमी गांव के पहुंच गई। प्रेमी के घरवाले युवती को देखकर घबरा गए, नाम-पता जानकर युवती के घरवालों को सूचना दे दी। सूचना पर युवती के भाई धर्मेंद्र यादव, गौतम कुमार व चंद्रकांत कुमार कार से वजीरगंज गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में एक पंचनामा बना, जिसमें तीनों ने युवती को सुरक्षित पाकर घर ले जाने की बात लिखी।

कार में युवती को बैठा कर तीनों अपने गांव के लिए निकले। रास्ते में ही नेर हाल्ट के समीप तीनों ने मिलकर युवती को चलती ट्रेन के नीचे फेंक दिया, युवती की मौत बाद तीनों कार लेकर अपने गांव लौट आए।

रेलवे ट्रेक पर अज्ञात युवती का शव मिलने पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज करते पहचान के लिए इंटरनेट मीडिया पर उसका फोटो वायरल किया, जिस पर प्रेमी के घरवालों की नजर पड़ गई। घबराए घरवालों ने पुलिस को फोनकर

उसकी पहचान बताते हुए प्रेम-प्रसंग की सारी कहानी बता दी। वह पंचनामा भी सौंप दिया, जिसमें तीनों लड़कों ने युवती को सुरक्षित घर ले जाने की बात कही थी।

पुलिस ने युवती के घरवालों को बुलाया और पूछताछ बाद शव सौंप दिया। एसपी अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर कांड का तकनीकी अनुसंधान शुरू किया गया।

ऑनर किलिंग का मामला सामने आने पर पुलिस ने भाई धर्मेंद्र यादव को पटना जिले के फतुहा से गिरफ्तार कर लिया। मखदुमपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती के भाई धर्मेंद्र यादव की गिरफ्तारी कर ली गई है।

बाकी आरोपितों गौतम कुमार एवं चंद्रकांत कुमार को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कांड में युवती के पिता की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे कैंसर पीड़ित ने लगायी फांसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर जिले के सनहौला प्रखंड स्थित मदारगंज गांव से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित एक युवक ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अमडंडा थाना क्षेत्र के मदारगंज निवासी राजेंद्र शाह के 28 वर्षीय पुत्र महेश कुमार शाह के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, महेश दिल्ली में करीब दस वर्षों तक मजदूरी करता था। करीब नौ माह पहले उसे कैंसर का पता चला, जिसके बाद वह दिल्ली छोड़कर गांव लौट आया। बीमारी की वजह से वह कामकाज करने में असमर्थ हो गया था और परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। महेश का इलाज पहले भागलपुर में, फिर देवघर एम्स और अंततः पटना एम्स में कराया जा रहा था। लेकिन इलाज का खर्च उठाना परिवार के लिए कठिन होता जा रहा था। इसी मानसिक और आर्थिक तनाव के कारण महेश ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

सोमवार को जब घर के अन्य सदस्य बाहर थे, तभी महेश ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही अमडंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मामले की जांच की जा रही है।

महेश की शादी वर्ष 2020 में राखी देवी से हुई थी। वह दो छोटे बच्चों का पिता था एक दो वर्षीय बेटा और छह माह की बेटी। महेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उनके पिता राजेंद्र शाह खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है।

# दाखिल-खारिज मामले में बिफरे डीएम, कई सीओ को दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दाखिल-खारिज के निष्पादन में प्रगति बहुत अच्छी है। प्राप्त आवेदनों की तुलना में निष्पादन की गति तेज होने से बैकलॉग लगभग खत्म हो गया है। नए आवेदनों का भी निष्पादन हुआ है।

राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह ने सोमवार को यह कहा। इस क्रम में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले अंचलाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

समाहरणालय में हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन, अभियान बसेरा, भूमि नापी, भूमि विवाद निराकरण, आधार सीडिंग, अतिक्रमण उन्मूलन, सीमांकन, विशेष सर्वेक्षण, भू-अर्जन, भूमि उपलब्धता एवं हस्तानांतरण आदि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष एक अप्रैल को दाखिल-खारिज के करीब 80,592 आवेदन लंबित थे जो तीन मई 2025 को महत 14,108 रह गए हैं। इनमें 40,207 आवेदन एक्सपायर्ड थे जो अब घटकर 1,709 पर आ गए हैं। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। 75 दिन से अधिक



अवधि के बचे हुए आवेदन अब मुख्यतः पांच अंचलों, संपतचक, बिहटा, दीदारगंज, धनरुआ एवं नौबतपुर में लंबित हैं।

संपतचक में 636, बिहटा में 499, दीदारगंज में 156, धनरुआ में 105 तथा नौबतपुर में 82 मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इन अंचलों के सीओ को इस माह के अंत तक ऐसे सभी मामले निष्पादित करने का अंतिम मौका दिया है।

उन्होंने कहा कि जिले के 26 में से 21 अंचलाधिकारियों के बेहतर कार्य की वे सराहना करते हैं। परिमार्जन प्लस परिमार्जन प्लस यानी डिजिटाइज्ड जमाबंदी में सुधार की स्थिति भी ठीक है।

कुल 71,698 में से 56,633 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। अभियान बसेरा में प्रगति ठीक है। सभी भूमि सुधार उप समाहताओं को इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

आधार सीडिंग में पालीगंज, मसौढ़ी, बाढ़ तथा पटना सिटी अनुमंडलों में अच्छी स्थिति है। पटना सदर तथा दानापुर के भूमि सुधार उप समाहताओं को विशेष रूचि लेकर इन कार्यों में तेजी लाने का निदेश दिया गया है।

उन्होंने आनलाइन अनुपलब्ध जमाबंदी के डिजिटाइजेशन तथा मापीवाद मामलों में तीव्र गति से प्रगति लाने का निदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिमार्जन प्लस की दोनों श्रेणियों में 120 दिन से अधिक अवधि से लंबित सभी 8,688 मामलों को अविलंब निष्पादित करें।

बीएलडीआरए कोर्ट में 90 दिनों से अधिक के लंबित मामलों व म्यूटेशन अपील के 30 दिनों से अधिक लंबित मामलों को विधिवत शीघ्र निष्पादित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लिए तत्परतापूर्वक भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता अनिल कुमार समेत सभी डीसीएलआर, अंचलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कार्पियो की टक्कर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजौरा हरदिया गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिहार सरकार का बोर्ड लगी स्कॉर्पियो मंझौल की ओर से आ रही थी, जबकि पल्सर और एक अन्य बाइक बेगूसराय की दिशा से आ रहे थे। रजौरा हरदिया मोड़ के पास स्कॉर्पियो ने सामने से आ रही बाइक को इतनी जोर से टक्कर मारी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने



एक युवक को मृत घोषित कर दिया। बाकी दो घायलों का इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

उक्त युवक की पहचान लाखो थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी दिवाकर ठाकुर के पुत्र आशीष कुमार के रूप में की गई है। मृतक स्वास्थ्य विभाग में कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी करता था और वह सोमवार को रोसरा जेल जा रहा था। इसी क्रम में हरदिया में हादसा का शिकार हो गया। घटना के बाद से परिजनों में चीत्कार मचा हुआ है। वहीं सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई है।

# युवतियों ने युवक को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

### इवेंट का पैसा नहीं मिलने पर नाराज थी युवतियां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** नगर थाना क्षेत्र के मोतीझील धर्मशाला चौक इलाके में लेन-देन के विवाद को लेकर इवेंट कंपनी से जुड़े एक युवक की चार युवतियों ने जमकर पिटाई कर दी।

जान बचाने के लिए युवक भागा तो इवेंट में काम करने वाली युवतियों ने सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर उक्त युवक को पीटा। इसको लेकर इलाके में गहमागहमी बन गई।

इस घटना को लेकर सड़क पर जाम भी लग गया। सूचना पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद आरोपित युवक को हिरासत में लिया।

नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि कोलकाता की रहने वाली चार युवतियां इवेंट कंपनी में काम करती है। आरोप है कि इवेंट में काम कराकर युवतियों का पैसा नहीं दिया जा रहा था।

इसी को लेकर सदर अस्पताल रोड में इन सभी के बीच विवाद हुआ। वहां से विवाद बढ़कर धर्मशाला चौक मोतीझील के समीप पहुंचा। इसके बाद युवतियों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी।

सड़क पर युवतियों द्वारा युवक की पिटाई करते देख लोग आश्चर्य में पड़ गए। लोगों को लगा कि युवतियों के साथ आरोपित युवक गलत हरकत किया होगा। इस तरह की लोगों में चर्चा की जा रही थी।

हालांकि, थाना पहुंचने के बाद मामले का पता चला कि लेन-देन के विवाद में मारपीट हुई है। पुलिस का कहना है कि युवतियों को आवेदन देने के लिए कहा गया है। आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना को लेकर रविवार की देर रात तक नगर थाने के समीप दोनों तरफ के लोगों की भीड़ जुटी थी। लोग आपसी समझौता कराकर मामले को खत्म करने की कोशिश में जुटे थे।

## कद्दू ने बदली आरा के किसानों की किस्मत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** कददू की खेती भोजपुर में किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत धुसरीया गांव के किसान पारंपरिक खेती से अलग नवाचार के सहारे लौकी सब्जी की अच्छी खेती कर रहे हैं।

इससे न केवल उनकी अच्छी कमाई हो रही है, बल्कि उनसे प्रेरित होकर आसपास के गांवों के लोग भी इसकी खेती के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि चार महीने में लौकी (कद्दू) के पौधे तैयार हो जाते हैं और फसल देने लगते हैं।

लौकी की खेती गांव में सबसे पहले शुरू करने वाले किसान लोरिक पासवान ने बताया कि हम करीब दस वर्षों से सब्जी की खेती करते आ रहे हैं। इस वर्ष चार बीघा में लौकी की खेती की है।

चार बीघा में लौकी की खेती में जुताई, बुवाई और पटवन समेत अन्य खर्च करीब 80 हजार रुपये आया है। शादी विवाह के दौरान चार लाख रुपया तक की आमदनी हुई है।

उनकी देखादेखी अन्य किसानों ने भी इसकी खेती की और कद्दू की फसल से गांव की पहचान बन गई। किसान बताते हैं कि आरा, छपरा और कायमनगर बाजार में लौकी सब्जी की सप्लाई होती है। इसके अलावेकई व्यापारी हमारे खेतों तक आकर लौकी की खरीद करते हैं। प्रत्येक दो दिन बाद चार बीघा खेत से करीब छह सौ से आठ सौ तक लौकी निकलता है। शादी विवाह के सीजन में अच्छा भाव मिलता हैं।

इस दौरान आमदनी भी अच्छी होती है। किसान ने बताया कि सब्जी की खेती करना चाहते हैं तो छोटे पैमाने पर न करके बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती करें तो बाजार मिलने की समस्या नहीं होगी।

उनका कहना है कि धान गेहूं मक्का इत्यादि की फसल से केवल जीवन यापन किया जा सकता है। अच्छी कमाई के लिए सब्जी की खेती उपयुक्त है।

# नीट परीक्षा सॉल्वर गैंग के रंजीत की गिरफ्तारी से मंडल कारा में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** नीट परीक्षा सॉल्वर गैंग मामले में गिरफ्तार किए गए डॉ. रंजीत कुमार पिछले एक साल से बेगूसराय मंडल कारा में कॉन्ट्रेक्ट पर चिकित्सक के पद पर कार्यरत था। वे रोजाना समस्तीपुर जिले स्थित अपने पैतृक आवास से बेगूसराय आकर ड्यूटी करता था। सूत्रों के अनुसार, डॉ. रंजीत की बहाली बिहार सरकार द्वारा अनुबंध के आधार पर की गई थी। हालांकि, उसकी सक्रियता सिर्फ जेल परिसर तक ही सीमित थी। बेगूसराय जिले के किसी अस्पताल या अन्य चिकित्सा संस्थान में उनकी भूमिका नहीं थी। वहीं, समस्तीपुर जिले में उनका निजी क्लिनिक और अस्पताल संचालन से जुड़ाव था। बताया जा रहा है कि डॉ. रंजीत हाल ही में मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सा क्षेत्र में आया था और इसी वजह से उनका संपर्क नीट परीक्षा से जुड़े छात्रों और अन्य संबंधित लोगों से बना हुआ था।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, डॉ. रंजीत की गिरफ्तारी की खबर जैसे ही सामने आई, जेल परिसर के सुरक्षाकर्मियों में हैरानी फैल गई। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि डॉ. रंजीत नियमित रूप से समस्तीपुर से आकर ड्यूटी करते थे और उनके व्यवहार से किसी तरह का संदेह नहीं था। गिरफ्तारी के बाद डॉक्टर रंजीत से जुड़ी खबरें सोशल मीडिया, खासकर बेगूसराय के व्हाट्सएप ग्रुप्स में तेजी से वायरल हो रही हैं। मेडिकल जगत में भी इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं।

बेगूसराय के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि डॉ. रंजीत काफी जूनियर थे और उनसे व्यक्तिगत बातचीत नहीं होती थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डॉ. रंजीत की बेगूसराय के चिकित्सा क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय भूमिका नहीं थी। कोचिंग संचालकों से संबंध होने के सवाल पर उन्होंने अनभिज्ञता जताई।

### हादसों के बढ़ते ग्राफ से लोग सकते में

**हाजीपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान और कार्रवाई चल रही है। बावजूद इसके वैशाली जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। इन हादसे में लोग अपने स्वजनों की असमय काल के गाल में समाते देख रहे हैं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में पिछले 14 दिनों में 16 लोगों की जान चली गई। जबकि एक दर्जन से अधिक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे में 14 दिन में 12 युवक, 1 अधेड़, 1 बुजुर्ग एवं 2 युवती की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी लेन फायर नंबर 18 के निकट ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक-युवती की मौत हो गई थी।

मृतक पटना जिले के संपतचक थाना क्षेत्र के बहुआरा निवासी सुनील कुमार सिंह के पुत्र आदर्श कुमार उर्फ शीतल कुमार एवं सीतामढ़ी जिले के मिर्चाई पट्टी निवासी अनिल कुमार की पुत्री आरती कुमारी थी। दोनों की गत 19 अप्रैल की पटना में सगाई हुई थी।

# कबड्डी के मैट पर बिहार के लड़कों ने दिखाया दम

**▸ एकतरफा मुकाबले में गोवा को 88-14 से रौंदा ▸ बालिका वर्ग में हरियाणा ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में पंजाब को 33-32 से हराया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**पटना।** खेल के मैदान में आज पूरा देश बिहार के रंग में सराबोर दिख रहा है। हो भी क्यों न! खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी के साथ बिहार को खेल के मैदान में अपने खेल कौशल का परचम लहराने का अवसर जो प्राप्त हुआ है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कबड्डी के बालक वर्ग में सोमवार को बिहार ने गोवा को एकतरफा मैच में 88 के मुकाबले 14 अंकों से रौंद दिया। जबकि बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश ने एक कांटे के मुकाबले में तमिलनाडु को 28-26 से पराजित कर किया। इसी तरह, हरियाणा के लड़कों की टीम ने कर्नाटक को 57-30 से हराकर गोल्ड बचाने की अपनी मुहिम की मजबूत शुरुआत की है। हालांकि डिफेंडिंग चैंपियन हरियाणा की लड़कियों की टीम को पंजाब के खिलाफ 33-32 से जीतने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पंजाब ने आखिरी पलों तक मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। उधर, कबड्डी के बालक और बालिका वर्ग दोनों ही मुकाबलों में छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा। बालिका वर्ग में राजस्थान ने छत्तीसगढ़ को 43-33 अंकों से पराजित किया। राजस्थान की बालिका टीम मुकाबले के पहले हाफ में छत्तीसगढ़ पर 22-18 से बढ़त बना चुकी थी। इस मुकाबले के दूसरे हाफ में राजस्थान की लड़कियों ने छत्तीसगढ़ को दो बार आल आउट करने में सफलता हासिल की। इसी तरह बालक वर्ग में आंध्रप्रदेश ने भी छत्तीसगढ़ को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 43-37 अंकों से शिकस्त दे दी जबकि मुकाबले के पहले हाफ में छत्तीसगढ़ की टीम आंध्र प्रदेश पर 15-18 से बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन आंध्रप्रदेश के खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए छत्तीसगढ़ को दो बार आल आउट कर दिया और इस मुकाबले को 43-37 अंकों के साथ अपने नाम कर लिया।

**वॉलीबाल में जम्मू-कश्मीर ने उत्तराखंड को दी मात**

इधर, पटना के पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वॉलीबाल के मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर ने बॉयज ग्रुप-ए में उत्तराखंड को 3-2 (18-25, 25-20, 16-25, 27-25, 15-9) से हराया। गर्ल्स ग्रुप-बी में गुजरात ने केरल को 3-0 (25-12, 18-25, 25-18, 25-19) से हराया। अन्य गर्ल्स मैचों में, वेस्ट बंगाल ने बिहार को 3-0 (25-9, 25-7, 25-9) और तमिलनाडु ने झारखंड को 3-0 (25-13, 25-11, 25-7) से हराया। बता दें कि यह देश में खेलों के इतिहास में पहला अवसर है जब खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे प्रतिष्ठित खेल महाकुंभ का आयोजन बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य के कुल पांच शहरों में किया जा रहा है। पटना के अलावा गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय में भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कई खेल आयोजित किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर, 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेलों में जनभागीदारी और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत कई एथलीट्स ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें ओलंपिक और एशियन गेम्स भी शामिल हैं। बिहार पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है जो 4 से 15 मई तक राज्य के पांच शहरों और दिल्ली में आयोजित हो रहे हैं। इस बार कुल 27 खेलों के मुकाबले होंगे और इसमें पहली बार ई-स्पोर्ट्स को डेमो इवेंट के रूप में शामिल किया गया है।

# बज्जिका भाषा के विकास के लिए समिति गठित


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बज्जिका भाषा संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा ने 75 सदस्यीय केन्द्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि बज्जिकांचल क्षेत्र जो वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण, दरभंगा, शिवहर और सारण जिले के सोनपुर अनुमंडल में बोली जाने वाली क्षेत्रीय भाषा को बज्जिका कहा जाता है। इस भाषा की वर्षों से हो रही उपेक्षा को दूर करने तथा इसको संविधान के अष्टम अनुसूची में शामिल करने के उद्देश्य से सतत संघर्ष चलाने हेतु कमिटि का विस्तार किया है। इस कमिटी में चितरंजन सिन्हा सहित 11 लोगों को परामर्शी बनाया गया है। अखौरी चन्द्र शेखर को संगठन का समन्वयक बनाया राया है। वरीय उपाध्यक्ष के रूप में राघवेन्द्र सिंह कुशवाहा को नामित किया गया है। उदय नारायण सिंह सहित 10 उपाध्यक्ष, राजीव रंजन को प्रधान महासचिव, अमिताभ कुमार सिन्हा सहित 10 महासचिव, संगीता सागर सहित 7 संगठन सचिव, सुशांत कुमार सहित 5 सचिव तथा 20 लोगों को केन्द्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

# बिहार में फिर एनडीए की ही सरकार बनेगी, विपक्ष देख रहा सपने : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार की राजधानी पटना में आज विपक्षी दलों के 'इंडिया गठबंधन' की बैठक के बीच सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिहार की जनता पुनः एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) पर ही भरोसा जताएगी और राज्य में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने विपक्षी नेताओं को ''अपरिपक्व और अनसुलझे'' करार देते हुए कहा कि इस गठबंधन की बैठक एक ऐसे नेतृत्व में हो रही है, जो केवल हसीन सपने दिखाने में विश्वास रखता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''हर पार्टी मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रही है, लेकिन हकीकत यह है कि जनता मन बना चुकी है कि जिसने काम किया है, वही इनाम पाएगा। उन्होंने 15 वर्षों के दौरान एनडीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा 15 अगस्त तक राज्य को बदनाम करने वालों को अब जनता दोबारा मौका नहीं देगी। विपक्ष की रणनीति लूट, खसोट और बेईमानी की रही है जिसे बिहार की जनता भलीभांति पहचान चुकी है। राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इन दलों के शासनकाल में बिहार गर्त में चला गया था। कांग्रेस ने वर्षों तक शासन कर राज्य को पीछे धकेला और राजद शासन को लोग आज भी जंगलराज के रूप में याद करते हैं। ऐसे में जनता उस दौर को दोबारा लाना नहीं चाहेगी। भविष्य की राजनीतिक तस्वीर पर बोलते हुए उन्होंने दावा किया, 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए 2020 से भी अधिक प्रचंड बहुमत के साथ 225 सीटें जीतकर सरकार बनाएगी और विकसित बिहार का सपना पूरा करेगी। गौरतलब है कि विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा आगामी चुनावों की रणनीति तय करने के लिए पटना में बैठक बुलाई गई थी जिसमें कई प्रमुख दलों के नेता मौजूद रहे। वहीं, एनडीए इस बैठक को केवल 'सत्ता की भूख' से प्रेरित कदम बता रहा है। क्या आप चाहेंगे कि इस खबर के साथ एक इनफोग्राफिक भी बनाया जाए जो डॉ. प्रेम कुमार के प्रमुख दावों को उजागर करे।

# हाजीपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी, 45 अभियुक्त गिरफ्तार, 129 वारंटों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के कुशल नेतृत्व में इस अभियान के दौरान कुल 45 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है जिससे जिले में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह अभियान जिले भर में सघन छापेमारी एवं गुप्त सूचना के आधार पर संचालित किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सबसे अधिक 18 आरोपी बिहार उत्पाद अधिनियम (शराबबंदी) के उल्लंघन के मामले में वांछित थे। इसके अलावा कुर्की-इश्तेहार की कार्रवाई के तहत 8 अभियुक्त पकड़े गए जबकि हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी विवरण के अनुसार, एक आरोपी को आर्म्स एक्ट के उल्लंघन में तथा दो को चोरी के मामलों में पकड़ा गया है। वहीं चार अन्य अभियुक्तों को अन्य विविध आपराधिक धाराओं में गिरफ्तार किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने 129 लंबित वारंटों, कुर्की और इश्तेहारों का निष्पादन भी किया है जिससे कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस पहल मानी जा रही है। एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि जिले में कानून का राज स्थापित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस का यह अभियान अपराध मुक्त वैशाली की दिशा में एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने बुलाई जदयू नेताओं की औचक बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर अचानक जदयू नेताओं की बड़ी बैठक की। सूत्रों के अनुसार यह बैठक संगठनात्मक मामलों और बोर्ड-निगम के गठन को लेकर बताया गया। हालांकि जदयू के दिग्गज नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किस खास एजेंडे को लेकर बैठक की इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूत्रों की मानें तो यह बैठक जदयू के संगठन को लेकर की गई है। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों को लेकर भी चर्चा होने की भी बात सामने आ रही है। अपराह्न 3:30 बजे शुरू हुई। बैठक में मंत्री लेसी सिंह, मंत्री सुनील कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, विधान पार्षद खालिद अनवर, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री अशोक चौधरी और मंत्री विजेंद्र यादव शामिल समेत अन्य जदयू नेताओं के मौजूदगी की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार इस अहम बैठक में संगठन और चुनाव से जुड़े मुद्दों पर तो चर्चा हुई है। इसके साथ ही इस बैठक के दौरान आयोग और बोर्ड को लेकर भी बातचीत की गई है। दरअसल बिहार में अभी भी कई बोर्ड और आयोग के अध्यक्ष पदों को भरना है। ऐसे में इस साल होने वाले चुनाव को देखते हुए समीकरण सेट करने को लेकर रणनीति बनाने की बात भी सामने आ रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी टीम के सदस्यों के साथ अहम मुद्दों को लेकर बातचीत करने के साथ-साथ रणनीति बनाने का काम में भी जुट गए हैं। बैठक में चुनाव से जुड़े उम्मीदवारों को और चुनाव में जदयू के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के मुद्दे पर भी अहम बातचीत होने की चर्चा है। इसके साथ ही जदयू चुनाव में एनडीए के सहयोगियों के साथ किस एजेंडे पर मैदान में उतरेगी इसको लेकर भी बातचीत की बात सामने आ रही है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस बैठक को बहुत ही अहम माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव होने में अब कुछ महीने ही बाकी हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है।

# कांग्रेस विदेशी फंडिंग के इशारे पर काम करती है : डॉ. संजय जायसवाल

**महागठबंधन की बैठकें बेकार, इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कांग्रेस पर विदेशी फंडिंग के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को 'दिमागहीन' और 'असंतुलित' पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि वह विदेशी फंडिंग के इशारे पर काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न दिमाग है, न संतुलित लोग हैं। ये लोग विदेश से फंडिंग लेते हैं और वही बोलते हैं, जो विदेशी ताकतें चाहती हैं। डॉ. जायसवाल ने महागठबंधन को भी नहीं बख्शा और कहा कि महागठबंधन की बैठकें बेकार हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने महागठबंधन के नेताओं को 'भ्रष्टाचारी' बताते हुए कहा कि ये लोग चाहते हैं कि बिहार में सट्टा लाया जाए और उसका बंटवारा किया जाए। इसीलिए ये एक मंच पर इकट्ठा होते हैं, लेकिन इनसे कुछ होने वाला नहीं। उनसे जब पूछा गया कि महागठबंधन ने अभी तक मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय नहीं किया है तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस गठबंधन का कुछ होना ही नहीं, उसके चेहरे का फाइनल होना या न होना क्या मायने रखता है? डॉ. जायसवाल ने एनडीए की एकजुटता पर जोर देते हुए दावा किया कि एनडीए बिहार में 220 से ज्यादा सीटों के साथ तीन-चौथाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और हम जनता के समर्थन से फिर से प्रचंड बहुमत लाएंगे। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर जिसमें उन्होंने 1984 के सिख दंगों की जिम्मेदारी लेने की बात कही थी, डॉ. जायसवाल ने कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के सिख दंगे और 1947 में हिंदुओं व सिखों की हत्या भारत के इतिहास का दुखद अध्याय है और कांग्रेस पूरी तरह जिम्मेदार है।

# भीषण गर्मी को देखते एनएचआरसी ने लिखा बिहार सरकार को पत्र

**तुरंत प्रभाव से ठोस और समावेशी एहतियाती उपाय अपनाने का निर्देश दिया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सहित देश भर में भीषण गर्मी और लू के बढ़ते खतरा को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक अहम कदम उठाया है। आयोग ने बिहार समेत 11 राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर तुरंत प्रभाव से ठोस और समावेशी एहतियाती उपाय अपनाने का निर्देश दिया है। एनएचआरसी ने विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा है। आयोग ने पत्र में कहा है कि गर्मी से जुड़ी आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल आश्रय केंद्र, राहत सामग्री की व्यवस्था और काम के घंटों में बदलाव जैसे उपाय जरूरी है। आयोग ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2018 से 2022 के बीच देश में गर्मी और लू के कारण 3,798 लोगों की जान जा चुकी है। इसे देखते हुए आयोग ने एकीकृत रणनीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। एनएचआरसी ने यह भी जानना चाहा है कि क्या राज्यों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए कोई मानक उपचार प्रक्रिया मौजूद है। आयोग ने इस संबंध में जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी है। बिहार की बात करें तो राज्य में पिछले दो वर्षों से कम बारिश के कारण गर्मी का असर और भी घातक रहा है। मौसम विभाग ने मई और जून में तापमान के और बढ़ने की चेतावनी दी है। इसके अलावा हर साल गर्मी के मौसम में बिहार, विशेषकर मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में बच्चों को एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) नामक जानलेवा बीमारी का सामना करना पड़ता है। अब तक हजारों बच्चों की जान यह बीमारी ले चुकी है। बावजूद इसके कारणों और इलाज को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। ऐसे में आयोग की यह पहल बिहार जैसे संवेदनशील राज्य के लिए राहत लेकर आ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सतर्कता और जागरूकता ही इस संकट से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स इलाइट फालकनस प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति दिलीप पासवान जो गांधी मैदान पटना में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी- नीरू देवी, माता-सुनैना देवी, पुत्र-आशिक कुमार, पुत्री-संजना कुमारी, पुत्री- तनिया कुमारी, को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. दिलीप पासवान की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 293 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग नौ हजार प्रतिमाह (8790/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 1,57,341 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवास स्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0एस0आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# भाजपा 9 मई को मनाएगी महाराणा प्रताप की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा 9 मई को महाराणा प्रताप की जयंती भव्य रूप में मनाएगी। सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए राज्य सरकार के मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा कि पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का नाम 'राणा भाभा सम्मेलन' रखा गया है। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती का कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे। बबलू ने बताया कि यह कार्यक्रम किसी जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि वीर महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों की जयंती के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने फिर कहा कि भाजपा सभी महापुरुषों की जयंती मनाती है, चाहे वह किसी भी समाज या वर्ग से जुड़े हों।

# माकपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एमए बेबी आए बिहार दौरे पर

**मधुबनी में दिवंगत नेता भोगेन्द्र यादव की प्रतिमा का करेंगे अनावरण**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए महागठबंधन में शामिल दलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में माकपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महासचिव एमए बेबी सोमवार को पहली बार बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। पटना पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एमए बेबी ने कहा कि गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों के नेताओं से चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि हमारा अप्रोच है भाजपा को हराना और इस पर विचार करना कि महागठबंधन को कैसे आगे बढ़ाया जाए? पहले चर्चा होगी, फिर मीडिया से बात करेंगे। मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि सब कुछ समय पर तय होगा। अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को एमए बेबी मधुबनी जाएंगे जहां वे दिवंगत नेता भोगेंद्र यादव की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उनके साथ पोलित ब्यूरो सदस्य अशोक धावले, राज्य सचिव ललन चौधरी, पार्टी विधायक और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। दोपहर बाद एमए बेबी ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय जमाल रोड पर पार्टी नेताओं के साथ बैठक की जबकि शाम में उन्होंने बिहार में महागठबंधन में शामिल अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की। यह मुलाकात आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बेहद अहम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। महागठबंधन की हाल ही में हुई बैठक में राजद नेता तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में आगामी चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सभी घटक दलों ने जिला और प्रखंड स्तर पर समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

# जातिगत जनगणना कांग्रेस के दबाव पर करा रही एनडीए सरकार : रणदीप सुरजेवाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर जातिगत जनगणना को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना केवल आंकड़ों का सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय की बुनियाद है और कांग्रेस इसे अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखती है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस शुरू से ही जातिगत जनगणना के खिलाफ रहे हैं क्योंकि उनकी विचारधारा में दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2011 में जातिगत जनगणना करवाई थी, लेकिन मोदी सरकार ने उस रिपोर्ट को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने बताया कि 2015 में केंद्र सरकार ने जातिगत आंकड़ों के विश्लेषण के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने की घोषणा की थी, लेकिन छह वर्षों तक कोई सदस्य नियुक्त नहीं किया गया और न ही कोई बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामों और कैबिनेट की कार्यवाही इसका प्रमाण हैं। सुरजेवाला ने यह भी कहा कि भाजपा ने 2011 की जनगणना के आंकड़े न तो सार्वजनिक किए, न ही संसद में इस पर कोई सार्थक बहस की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जाति आधारित हक और अधिकारों से डरती है। बिहार में हुई आंशिक जातिगत जनगणना को भी केंद्र सरकार ने अदालत में चुनौती दी और कहा कि राज्यों को ऐसी जनगणना कराने का अधिकार नहीं है, हालांकि बाद में दबाव के चलते उन्हें रुख बदलना पड़ा। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने 2011 में यह ऐतिहासिक कदम उठाया, तब भाजपा ने उसका साथ क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना को लेकर संकल्पबद्ध है और राहुल गांधी इसे पिछले 11 वर्षों से अपने व्यक्तिगत मिशन की तरह आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने अपने 2019 और 2024 के चुनावी घोषणापत्रों में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया है और अब पूरे देश में इसे लेकर जनजागरण किया जाएगा। वहीं, सुरजेवाला ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद का सिर कुचलना चाहिए।

# मिस यूनिवर्स इंडिया में बिहार से जाएंगी डॉ शांभवी

**एनिमो पेट केयर के सौजन्य से बिहार में हुआ ऑडिशन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मिस यूनिवर्स इंडिया का बिहार स्टेट ऑडिशन राजधानी पटना के निफ्ट कैंपस में रविवार देर रात संपन्न हुआ जिसमें मधुबनी की डॉ शांभवी झा ने बाजी मारी। डॉ शांभवी अब मिस यूनिवर्स इंडिया में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऑडिशन में द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी साची और तृतीय स्थान पर रुपाली भूषण रहीं। ऑडिशन में बिहार के कोने- कोने से प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस अवसर पर मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल डायरेक्टर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 विजेता रिया सिंघा, मिस यूनिवर्स इंडिया के फ्रेंचाइजी निदेशक अमजद खान, मिस यूनिवर्स बिहार काजल चौधरी एवं मिस यूनिवर्स स्टेट डायरेक्टर नीतू कुमारी बतौर ज्यूरी मौजूद रहीं। वहीं कार्यक्रम को होस्ट किया मिस टूरिज्म इंडिया अस्मिता चक्रवर्ती। ऑडिशन में चयनित विजेता मिस यूनिवर्स के खिताब के लिए बतौर प्रतिभागी जाएंगी और बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत वर्ष भी एनिमो पेट केयर के सौजन्य से यह ऑडिशन पहली बार बिहार की राजधानी पटना में संपन्न किया गया था। इस साल भी एनिमो पेट केयर ने राज्य की प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए आधिकारिक ऑडिशन की मेजबानी की, जो बिहार की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रहा है।

# पटना-फिरोजपुर कैंट एवं दरभंगा-अमृतसर के मध्य एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 04602/04601 फिरोजपुर कैंट-पटना-फिरोजपुर कैंट स्पेशल (डीडीयू-वाराणसी-लखनऊ-मुरादाबाद-यमुनानगर जगाधरी के रास्ते)- गाड़ी संख्या 04602 फिरोजपुर कैंट-पटना स्पेशल 07 मई से 12 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को फिरोजपुर से 15.10 बजे खुलकर 20.50 बजे यमुनानगर जगाधरी (दिल्ली) एवं अगले दिन 13.30 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 18.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04601 पटना-फिरोजपुर स्पेशल 08 मई से 13 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को पटना से 20.50 बजे खुलकर अगले दिन 01.25 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.55 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04608/04607 अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर स्पेशल (समस्तीपुर-हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर-मुरादाबाद-यमुनानगर जगाधरी के रास्ते): गाड़ी संख्या 04608 अमृतसर-दरभंगा स्पेशल 09 मई से 11 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को अमृतसर से 20.10 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को 02.30 बजे दरभंगा पहुंचेगी।

## संपादकीय

# पाकिस्तान पर वार या इंतजार?

पहलगाम हमले को एक हफ्ते से अधिक समय गुजर चुका। इसे लेकर लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि आतंकवाद और उसे पोसने वाले पाकिस्तान पर नकेल कसने के लिए सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। घाटी में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर सरकार भी सुरक्षा को लेकर सतर्क है। उसने पचास पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया है, और ऐसे स्थलों की पहचान की जा रही है, जहां सैलानियों के लिए खतरा हो सकता है। मगर, फिर भी जन-दबाव बना हुआ है कि पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त निर्णय करने का वक्त है। मगर सरकार कोई भी कदम हड़बड़ी या उत्तेजना में नहीं उठाना चाहती है। सुरक्षा एजंसियों, सेना प्रमुखों और रणनीतिकारों के साथ लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठकें हो चुकी हैं। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद को पुनर्गठित कर दिया है। इसलिए पाकिस्तान को आशंका है कि भारत उस पर कभी भी हमला कर सकता है। मगर भारत सरकार इसे लेकर सावधानी बरत रही है, तो उसकी वजहें भी समझी जा सकती हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, उसे कड़ा सबक सिखाया ही जाना चाहिए, मगर इसका तरीका क्या हो, यह जटिल विषय है। यों तो युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं हो सकता, पर पाकिस्तान के मामले में इसे लेकर अधिक गंभीरता से विचार करने की जरूरत पड़ती है। असल मुद्दा आतंकवाद को समाप्त करना है। वह युद्ध के बाद समाप्त हो जाएगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता। फिर, भारत हमेशा से युद्ध का विरोध और शांति का समर्थन करता रहा है, अगर वही पाकिस्तान के खिलाफ इसकी पहल करता है, तो उस पर सवाल उठेंगे। इसलिए सरकार तमाम पहलुओं पर ठंडे दिमाग से विचार कर रही है। एक शांतिप्रिय राष्ट्र से ऐसे ही व्यवहार की उम्मीद भी की जाती है। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि पहलगाम हमले को लेकर भारत सरकार किसी तरह का ढुलमुल रवैया अख्तियार कर रही है। पाकिस्तान से निपटने की रणनीति बनाते समय इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वहां सेना और सियासी हुकूमत समांतर सत्ता हैं। वहां की सेना ने सियासी हुकूमत से ऊपर अपनी सत्ता कायम कर रखी है। वही आतंकवाद को पोसती और भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में उसका इस्तेमाल करती है। जबकि पाकिस्तान की माली हालत इस वक्त बहुत बुरी है, आम अवाम दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी सेना का उससे कोई मतलब नहीं है, उसका मकसद केवल अपनी सत्ता कायम रखना है। छिपी बात नहीं है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी हमले करने वाले संगठनों के सरगना वहां सेना के संरक्षण में पनाह पाए हुए हैं।

# भारत में जातिगत जनगणना तो होगी मगर कब?

**भारत सरकार ने आखिर एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने की घोषणा कर ही दी है। इस मसले को लेकर विपक्ष और खासकर कांग्रेस बड़ा चुनावी मुद्दा बना रही थी। यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल और राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी द्वारा मंजूर किया गया। हालांकि, इस घोषणा के साथ एक महत्वपूर्ण सवाल अनुत्तरित रह गया है कि जनगणना और इसके साथ होने वाली जातिगत गणना आखिर कब शुरू होगी?**

**(जयसिंह रावत)**

संविधान के अनुच्छेद 246 के मुताबिक जनगणना संघ का विषय है और संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रम संख्या 69 पर सूचीबद्ध है। जनगणना अधिनियम, 1948 स्वतंत्र भारत में जनगणना के संचालन के लिए कानूनी आधार बनाता है।

भारत सरकार ने आखिर एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने की घोषणा कर ही दी है। इस मसले को लेकर विपक्ष और खासकर कांग्रेस बड़ा चुनावी मुद्दा बना रही थी। यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल और राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी द्वारा मंजूर किया गया। हालांकि, इस घोषणा के साथ एक महत्वपूर्ण सवाल अनुत्तरित रह गया है कि जनगणना और इसके साथ होने वाली जातिगत गणना आखिर कब शुरू होगी?

समय सीमा की यह अस्पष्टता न केवल प्रशासनिक चुनौतियों को उजागर करती है, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक बहस को भी हवा दे रही है। चूंकि इसी तरह महिला आरक्षण का निर्णय होने के बाद कानून भी पास हो रखा है लेकिन कानून लागू होने की समय सीमा अनिश्चित है। जातिगत गणना का यह निर्णय बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले लिया गया है, जो इसके राजनीतिक निहितार्थों को और गहरा करता है।

- **समय सीमा की अस्पष्टता-** संविधान के अनुच्छेद 246 के मुताबिक जनगणना संघ का विषय है और संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रम संख्या 69 पर सूचीबद्ध है। जनगणना अधिनियम, 1948 स्वतंत्र भारत में जनगणना के संचालन के लिए कानूनी आधार बनाता है। केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना के इस ऐतिहासिक निर्णय के बावजूद, इसकी समय सीमा को लेकर कई अनिश्चितताएं हैं। जिन पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी है। नियमानुसार भारत में हर 10 साल में जनगणना आयोजित होती है, लेकिन 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। अब यह अनुमान है कि जनगणना सितंबर 2025 से शुरू हो सकती है और 2026 तक चलेगी, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई आधिकारिक तारीख घोषित नहीं की है। कुछ समाचार स्रोतों के अनुसार, अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 तक प्रकाशित हो सकते हैं। हालांकि, यह अनुमान भी अनिश्चित है। जनगणना को लेकर अनिश्चितता का एक कारण बजट भी है।

सन् 2025 के केंद्रीय बजट में जनगणना के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया है। यह प्रक्रिया को और विलंबित कर सकता है। बिहार के अनुभव से पता चलता है कि जातिगत जनगणना के लिए व्यापक संसाधनों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की



आवश्यकता होती है। जातिगत जनगणना एक जटिल प्रक्रिया है, क्योंकि भारत में हजारों जातियां और उप-जातियाँ हैं। बिहार में 214 जातियों की गणना की गई, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर यह संख्या बहुत अधिक हो सकती है। डेटा संग्रह, सत्यापन, और विश्लेषण में समय लगेगा।

केंद्र सरकार ने पहले तर्क दिया था कि जातियों की गणना करना लंबा और कठिन कार्य है। यह अस्पष्टता राष्ट्रीय जनगणना में भी बाधा बन सकती है। जातिगत जनगणना के आंकड़े न केवल सामाजिक नीतियों, बल्कि आरक्षण और परिसीमन जैसे मुद्दों को भी प्रभावित करेंगे। सरकार ने महिला आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023) कानून तो पास करा दिया मग रवह कब लागू होगा? यह भी अनिश्चित है। उसे लागू करने के लिए भी जनगणना और परिसीमन आवश्यक है। यह प्रक्रिया जातिगत जनगणना के परिणामों को और विलंबित कर सकती है।

- **बिहार का योगदान-** बिहार ने जातिगत जनगणना के मामले में अग्रणी भूमिका निभाई है। सन् 2019 और 2020 में बिहार विधानसभा और विधान परिषद ने जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित किया था। 2022 में नीतीश कुमार सरकार ने स्वतंत्र रूप से जाति आधारित सर्वेक्षण शुरू किया, जिसके आंकड़े 2 अक्टूबर 2023 को जारी किए गए। इस सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ है, जिसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36.01प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत है।

सामान्य वर्ग की आबादी 15.52 प्रतिशत बताई गई। यह सर्वेक्षण दो चरणों में हुआ था। पहला चरण (7-31 जनवरी 2023) में मकानों की गणना, और दूसरा चरण (15 अप्रैल 2023 से) में व्यक्तियों की गणना। बिहार सरकार ने डिजिटल तकनीक का उपयोग किय गयाा, जिसमें ''बीजगा'' (बिहार जाति आधारित गणना) मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र किया गया। हालांकि, इस प्रक्रिया को पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी गई, और मई 2023 में इस पर रोक लगा दी गई थी। बाद में, अगस्त 2023 में हाई कोर्ट ने याचिकाओं को खारिज कर सर्वेक्षण को मंजूरी दी।

- **बिहार चुनाव और राजनीतिक संदर्भ-**जातिगत जनगणना की घोषणा का समय बिहार विधानसभा चुनाव (अक्टूबर-नवंबर 2025) से ठीक पहले का है, जो इसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाता है। बिहार में जातिगत जनगणना का मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक दलों के लिए एक प्रमुख हथियार रहा है। नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल ने 2023 में जातिगत सर्वेक्षण को सफलतापूर्वक लागू किया, जिसे एक ऐतिहासिक कदम माना गया।

इस सर्वेक्षण ने ओबीसी और ईबीसी की 63 प्रतिशत आबादी को उजागर किया, जिससे इन समुदायों के बीच नीतीश और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की लोकप्रियता बढ़ी। 2025 के चुनाव में, केंद्र का यह निर्णय नीतीश सरकार की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा दे सकता है। आरजेड नेता तेजस्वी यादव ने इसे 'दशकों के संघर्ष का प्रतिफल' बताया था।

- **भाजपा की दुविधा-** भारतीय जनता ने अतीत में जातिगत जनगणना का विरोध किया था, लेकिन विपक्ष में रहते हुए इसकी मांग भी की थी। 2024 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जातिगत जनगणना का समर्थन किया, लेकिन इसका उपयोग 'चुनावी उद्देश्यों' के लिए न करने की शर्त रखी। बिहार में भाजपा ने 2023 के सर्वेक्षण का समर्थन किया था, क्योंकि वह उस समय नीतीश सरकार का हिस्सा थी। अब केंद्र के निर्णय से भाजपा को ओबीसी और ईबीसी वोटरों को लुभाने का अवसर मिल सकता है, लेकिन समय सीमा की अस्पष्टता इसे कमजोर कर सकती है।
- **कांग्रेस और विपक्ष की मांग-** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बार-बार जातिगत जनगणना को 'सामाजिक न्याय' का आधार बताया है। उन्होंने बिहार के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि आबीसी, एससी और एसटी की 84 प्रतिशत आबादी के बावजूद, केंद्र सरकार में उनकी भागीदारी कम है। विपक्ष इस अस्पष्टता को सरकार की 'नीति और नीयत' पर सवाल उठाने के लिए उपयोग कर सकता है, खासकर अगर जनगणना में देरी होती है।

# पाक प्रायोजित आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

**(योगेंद्र योगी )**

अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्टपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विघ्न डाल कर है।

अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्टपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ



**अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाएं हैं।**

कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है।

होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे।

# जातिवाद और आरक्षण का संघर्ष क्यों?

**खुशी की वैश्विक रैंकिंग में 118 वां स्थान पाना एक राष्ट्र- जिसने दुनिया को अध्यात्म, संतोष, शांति और प्रेम का पाठ पढ़ाया- के गौरव को आहत करता है। देश की आर्थिक समृद्धि और स्वास्थ्य-सेवा के बुनियादी ढांचे में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब हमें सामाजिक समन्वय, स्वतंत्रता, आपसी विश्वास और उदारता पर ध्यान देने की जरूरत है। लेकिन अपना लक्ष्य निर्धारित करने से पहले खुशी की रैंकिंग पर हमारे निम्न स्थान का कारण समझना चाहिए।**

**( डॉ. सुधा कुमारी)**

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट, 2025 के अनुसार विश्व का सबसे खुशहाल देश है- फिनलैंड (लगातार 8वें वर्ष)। उसके बाद हैं- डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन। ये सभी यूरोप के छोटे क्षेत्रफल और कम जनसंख्या वाले देश हैं। आइए, एक नजर डालते हैं भारतीय परिदृश्य पर। पिछले एक दशक में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि हुई है, मगर वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के अनुसार, इसकी औसत खुशी कम है। विशाल क्षेत्रफल और उफनती जनसंख्या वाला हमारा देश भारत खुशी की वैश्विक रैंकिंग में 118 (वर्ष 2025), 126 (वर्ष 2024) और 136 (वर्ष 2022) स्थान पर है।

खुशी की वैश्विक रैंकिंग में 118 वां स्थान पाना एक राष्ट्र- जिसने दुनिया को अध्यात्म, संतोष, शांति और प्रेम का पाठ पढ़ाया- के गौरव को आहत करता है। देश की आर्थिक समृद्धि और स्वास्थ्य-सेवा के बुनियादी ढांचे में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब हमें सामाजिक समन्वय, स्वतंत्रता, आपसी विश्वास और उदारता पर ध्यान देने की जरूरत है। लेकिन अपना लक्ष्य निर्धारित करने से पहले खुशी की रैंकिंग पर हमारे निम्न स्थान का कारण समझना चाहिए।

हमारे देश में खुशी का सूचकांक (हैप्पीनेस इंडेक्स) कम होने के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तनावों में से एक या कई कारण हो सकते हैं जैसे- तेजी से होनेवाला शहरीकरण, प्रदूषण और आवागमन की समस्याएं, कठोर पितृसत्तात्मक समाज, दम घुटने वाली जाति-व्यवस्था, जातिगत आरक्षण और उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया, विभिन्न धर्मों के बीच घर्षण, कला-साहित्य-मनोरंजन के नाम पर महिलाओं का व्यवसायीकरण, गरीबी से प्रेरित सामाजिक-आर्थिक अपराध, भ्रष्टाचार, संपत्ति-संघर्ष और मुकदमेबाजी, जटिल भाषा में कानून और निर्णय में देर, राजनीति का अपराधीकरण, धर्म का राजनीतिकरण, समानांतर अर्थव्यवस्था और कालाबाजारी। इनमें से प्रत्येक कारण सामाजिक जीवन में जबरदस्त तनाव लाता है। यदि एक से अधिक कारण हों तब तनाव और भी बढ़ सकता है।

हमारे देश में खुशी का सूचकांक कम होने के एक मुख्य सामाजिक कारण पर चर्चा यहाँ उचित होगी। अनेक जाति और वर्ग भेदों के कारण हमारी सामाजिक व्यवस्था टूट रही



है। प्राचीन भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था थी जो व्यक्ति के व्यवसाय से तय होती थी और जिस में केवल चार वर्ण थे इस में लचीलापन और गतिशीलता थी। एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय में जाने से व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि या कमी हो सकती थी। वर्ण-व्यवस्था में जबतक आप शिक्षा, लेखन, विद्या-अर्जन, आध्यात्म-पूजा जैसे कार्य करते थे, आपका वर्ण ब्राह्मण था जो समाज में सबसे अधिक सम्मान का था। जब राज-काज, युद्ध, प्रशासन और शान्ति-व्यवस्था में लगे तो आपका वर्ण क्षत्रिय होता था जो समाज में ब्राह्मण से कम सम्मान का था।

इसी प्रकार जब आप व्यापार-वाणिज्य, साहूकारी में लगे तो वैश्य वर्ण कहलाते थे जो समाज में ब्राह्मण और क्षत्रिय से कम सम्मान का था। जब आप खेती-मजदूरी, साफ़-सफाई या पहले तीन वर्णों की सेवा का कार्य करते थे तो आप शूद्र वर्ण कहलाते थे जो समाज में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य से कम सम्मान का था। इस क्रम में आपको समाज में कम-ज्यादा आदर और सम्मान मिलता था। इस तरह एक बुद्धिजीवी अपना व्यवसाय बदलने से शूरवीर, व्यापारी और सेवक भी बन सकता था और उसका वर्ण भी बदल सकता था। यह एक पायदान से दूसरे पायदान पर आने-जाने की सुविधाजनक व्यवस्था थी। यह वर्ग-भेद था जो गतिशील था, बदल सकता था।

जिन लोगों ने कुछ पीढ़ियों तक उच्च सम्मान प्राप्त कर लिया, वे अपनी आनेवाली पीढ़ियों को वहीं स्थापित करने के लिए समाज में 'वर्ण-व्यवस्था' हटाकर 'जाति-व्यवस्था' ले आए ताकि उनका भविष्य में व्यवसाय बदलने पर भी उनका सम्मान कम न हो। चार वर्ण की जगह तरह-तरह की सैंकड़ों जातियां बन गयीं। जाति-व्यवस्था कठोर और अलचीली थी, यह जन्म से निर्धारित होती थी और कभी नहीं बदलती थी चाहे आप अपना कोई भी व्यवसाय करें।

जो वर्ग समाज में उच्च स्थान और सम्मान प्राप्त कर चुका था, उसे जाति-व्यवस्था से लाभ हुआ और उसकी आनेवाली पीढियां ऊंची जाति में स्थापित हो गयीं भले ही वे कोई भी कार्य करें। अब उच्च जाति का व्यक्ति शूद्र वर्ण का कार्य करने पर भी उच्च वर्ण वाला सम्मान ही पाता था। पर निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए यह जाति-व्यवस्था दम घोंटने वाली गले की फांस बन गयी। पिछड़ी जाति का व्यक्ति कितना भी जप-तप और उच्च स्तर का कार्य कर ले, उसे और उसकी सभी पीढ़ियों को शूद्र वर्ण जैसा सबसे कम सम्मान या अपमान मिलता था। इसका सबसे अधिक नुक्सान ये हुआ कि जाति-संघर्ष आरंभ हुआ जो भारत को लगातार खोखला किये जा रहा है।

स्वतंत्रता के बाद 26 जनवरी, 1950 से लागू हुए देश के संविधान ने समाज के निचले पायदान पर खड़े अधिकार वंचित लोगों को शिक्षा तथा नौकरी में आरक्षण दिया। आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्ति को अवसर की समानता और आर्थिक सुरक्षा देकर उनकी योग्यता को बढ़ाना था ताकि वह योग्य और समर्थ बनकर सबके साथ मिलकर देश का विकास कर सके। किन्तु आज भारत के संविधान के 75 वर्षों के बाद भी न जाति समाप्त हुई, न आरक्षण की मांग।

## संक्षिप्त समाचार

### उसरी बुजुर्ग में पानी के लिए हाहाकार

**हसनपुरा (सीवान)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नपं हसनपुरा के उसरी बुजुर्ग स्थित नोनियाडीह पर वार्ड संख्या 2 में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इस वार्ड के करीब 50 घर के लोग मात्र एक चापाकल पर निर्भर हैं। सभी के घरों के चापाकल का लेयर नीचे चला गया है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। मुंद्रिका महतो के निजी जमीन में एक सरकारी चापाकल है। जिस पर ग्रामीण लाइन लगाकर बारी-बारी से पानी भरते हैं।



ग्रामीण शिवजी महतो, उमा शंकर महतो, नन्हू महतो, लालबाबू महतो, अमरजीत तुरहा, जवाहिर महतो, जनार्धन महतो, अमोध शर्मा, घुना तुरहा, टुनटुन साह, गेना तुरहा आदि ने बताया कि एक चापाकल के सहारे पूरा वार्ड निर्भर है। इस क्षेत्र में नलजल योजना पूरी तरह फेल है। दो वर्ष से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इस मामले में नपं के ईओ मुकेश कुमार राज ने बताया कि इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। साथ ही पीएचईडी जेई से बात की जाएगी। ताकि शीघ्र ही इस समस्या को दूर किया जाएगा।

### बीस सूत्री कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के एक कक्ष में सोमवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह व समाजसेवी अल्ताफ राजू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार सोनी व उपाध्यक्ष अजय राय के साथ-साथ स्थानीय पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर



सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अरुण कुमार पांडेय, अनिल सिंह, मुखिया पंकज तिवारी, राकेश कुमार साह, पूर्व मुखिया तारकेश्वर पांडेय, बीडीसी सदस्य प्रीति कुशवाहा, शाहिद रजा, राजीव रंजन मिश्र उर्फ पप्पु मिश्र, अखिलेश शर्मा, राजेश पांडेय शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी शम्मी कुमार की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी से शीशा क्षतिग्रस्त

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन पर रविवार शाम फिर शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी कर दी। इससे सी-3 कोच का शीशा क्रेक हो गया। घटना जुगसलाई में खरकई नदी के पास की है। ट्रेन ड्यूटी के आरपीएफ जवानों और टिकट निरीक्षण ने चक्रधरपुर मंडल में वंदे भारत पर पत्थरबाजी की सूचना दी। इससे टाटानगर आरपीएफ जवान व कैरेज विभाग के कर्मचारी सक्रिय हो गए। जुगसलाई में कई बार वंदे भारत एवं अन्य ट्रेनों पर पत्थरबाजी हुई है। इससे पूर्व दो आरोपी जेल भी भेजे गए हैं, लेकिन असामाजिक हरकत जारी है। मालूम हो कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने के लिए चक्रधरपुर मंडल आरपीएफ के जवान क्षेत्र चिह्नित कर लोगों को जागरूक करते हैं।

### नीट परीक्षा संपन्न होने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन कई दिनों से तैयारी में जुटा था। इसके सफल आयोजन को लेकर प्रशासन की ओर से कई बैठक भी आयोजित की गई। कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन करने को लेकर जिला प्रशासन की गत चार दिनों से अटकी पड़ी सांस रविवार को परीक्षा संपन्न होने के बाद पटरी पर लौट आई। गत वर्ष नीट की हुई परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर हजारीबाग चर्चा में रहा और सीबीआई की टीम तक मामले की जांच करने पहुंच गई थी। इस मामले में एक प्राइवेट स्कूल के प्राचार्य समेत दो अन्य को भी गिरफ्तार किया गया था। इसकी वजह से हजारीबाग की काफी किरकिरी हुई थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन कुछ ज्यादा ही सतर्क रहा। जिले के आठ स्कूल कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गये थे। इस बार सरकारी स्कूल कॉलेज को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया था। बताया जाता है कि सभी परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा हुई। कहीं कोई चुक नहीं हो जाय, इसके लिए केंद्राधीक्षक से लेकर वीक्षक तक काफी सतर्कता बरत रहे थे। सभी केंद्रो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। किसी भी बाहरी व्यक्ति का परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश पुरी तरह से निषेद्य कर दिया गया था। परीक्षा को लेकर सदर एसडीओ ने पहले ही निषेद्याज्ञा लागू कर दिया था।

# बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी खूँटी में वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण का सफल समापन

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी, खूँटी में 13 दिवसीय वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन समारोह सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल 2025 से 05 मई 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें खूँटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 33 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। दुमका से आये विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री अकरम अंसारी ने प्रतिभागियों को वाणिज्यिक बागवानी के विविध पहलुओं पर व्यावहारिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान उन्नत किस्म के बीज, खाद, पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियाँ, पेड़-पौधों की देखभाल, अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियों, और आधुनिक बागवानी तकनीकों पर विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम का अंतिम मूल्यांकन नेशनल अकादमी ऑफ रूडसेटी के प्रतिनिधि श्री उमेश प्रकाश सिंहा और सुश्री स्नेहली हेम्ब्रोम ने किया। प्रशिक्षुओं को बागवानी व्यवसाय के व्यावसायीकरण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान, बैंकिंग, बीमा योजनाओं, और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे सफल उद्यमी बन सकें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरसेटी खूँटी के वरिष्ठ संकाय सदस्य श्री सुशील कुमार थे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में आरसेटी टीम के श्री संजय कुमार, श्री सतनाम कन्डुलना, श्री निर्मल हेम्ब्रोम और श्री जितेन्द्र महतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खूँटी जिला के बागवानी मित्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जिससे वे भविष्य में अपने क्षेत्र में आधुनिक और व्यावसायिक बागवानी के माध्यम से आर्थिक प्रगति कर सकेंगे।






# टुण्डी में शिलान्यास कार्यक्रमों में टेबुल कुर्सी की प्रथा में जल्द सुधार लाएं संवेदक : मथुरा प्रसाद महतो

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के महुआडाबर प्राथमिक विद्यालय में आज सोमवार को डी एम एफ टी फंड से बनने वाले बालक बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास करने ज्यों ही टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने कार्यकताओं के साथ कार्यस्थल पर पहुंचे कुव्यवस्था देखकर आग बबूला हो गए और भड़कते हुए संवेदक को काफी खरी खोटी सुनाई। बताते चलें कि पूर्वी टुंडी प्रखंड के महुआडाबर प्राथमिक विद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा निर्मित होने वाले शौचालय निर्माण कार्य का विधायक द्वारा शिलान्यास होना सुनिश्चित हुआ था तभी संवेदक द्वारा केवल पत्थर के सहयोग से शिलापट्ट को किसी तरह खड़ा कर दिया गया था देखते हुए विधायक आग बबूला होकर संवेदक को कड़े शब्दों में कहा कि टुण्डी में अब टेबुल कुर्सी पर होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम का प्रथा को बंद करें एवं जल्द सुधार कर एक अच्छे शिलापट्ट का निर्माण होगा तभी जनप्रतिनिधियों से शिलान्यास की उपेक्षा करें। फिलहाल टुण्डी विधायक ने अनियमितता बरतें जाने के कारण शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम टाल दिया है गुणवत्ता पूर्ण शिलापट्ट का निर्माण होने के बाद ही कार्यक्रम रखने की बात कहा। इसके अलावा टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने टुण्डी निवासी बबलू रजवार के घर के सामने यात्री शेड़ निर्माण कार्य का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया एवं उनकी पुत्री की शुभ विवाह के मौके पर आशीर्वाद प्रदान किया आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बसंत महतो,पूर्वी टुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू , झामुमो के वरिष्ठ नेता ऐनुल अंसारी, मोहम्मद आजाद अंसारी,इशाक अंसारी, दिनेश रजक,रफीक अंसारी,मदन महतो, बंटी अंसारी, आनंद महतो, अशोक महतो, मनोज महतो समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।



# एंटी टेररिज्म के खिलाफ एकजुट होने की अपील

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुई जानलेवा हमले की निंदा देश भर में हो रही है. पाकिस्तान एक आतंकी देश आज बन गया है. उसका काम सिर्फ आतंकवाद फैलाना रहा गया है. आतंकी हमले पर सभी को एकजुट होकर भारत सरकार की मदद करनी चाहिए ताकि भारत के अस्मिता पर आंच नहीं आवे साथ हीं विश्व समुदाय को आतंकियों के खिलाफ करने के लिए एकजुट होकर इनका सफाया करनी चाहिए. उक्त बातें एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीवान पूर्वी जिला भाजपा प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह ने कहां कि जिस प्रकार से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी यों ने हमला कर निर्दोष को मौत के घाट उतार दिया है.जिसकी जितनी निंदा की जाय कम है.

वही तुर्की के रवैए पर भी निदा करते हुए कहा कि कोई देश अगर किसी आतंकी को मदद करता हो उस पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंधित करना चाहिए.भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने इस घटना के प्रति काफी गम्भीरता पूर्वक भारतीय सेना के तीनों चीफ और पैरामिलिट्री के अधिकारियों के साथ सुरक्षा बैठक करके सेना को हर स्थिति से निपटने के लिए खुला छूट दे दी है यह सराहनीय कदम है .

# बीसीसीएल पुरुष राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट 2025

## क्वालीफाइंग प्रथम राउंड परिणाम झारखंड के आरुष रॉय ने ड्रा किया क्वालीफाई

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में झारखंड टेनिस संघ द्वारा आयोजित बीसीसीएल पुरुष राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर के दूसरे दिन खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं। देबासिस साहू (ओडी) ने आरुष रॉय (जेएच) को 6-1,6-0 से हराया।रोहन मंडल (पश्चिम बंगाल) ने शिव प्रणय कावडी (टीएस) को 6-0,6-2 से हराया। रतुल महता (पश्चिम बंगाल) ने रणवीर एस देव (जेएच) को 7-5,6-0 से हराया। रौनक शर्मा (पश्चिम बंगाल) ने अभिषेक सिंह (बीआर) को 6-0,6-4 से हराया। आर्यमन गोचवाल (डीएल) ने संजय कुमार (जेएच) को 6-0,6-0 से हराया।अरित्रा के सासमल (पश्चिम बंगाल) ने अदनान अली (पश्चिम बंगाल) को 6-2,6-2 से हराया।सुमित गोदियाल (यूके) ने कलश कुमार (पश्चिम बंगाल) को 6-4,7-6(1) से हराया। हर्ष मलिक (एचआर) ने रोहन साई अंकमपल्ली (टीएस) को 6-1,6-3 से हराया। सोमवार को सुबह 8बजे से मेन ड्रॉ सिंगल के मैच शुरू होंगे जिसमें 15 राज्यों के 32खिलाही आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेन ड्रा में झारखंड के आरुष रॉय ने अपनी जगह सुनिश्चित की है। यह जानकारी धनबाद लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने दी।

# आंधी तूफान से बिजली व्यवस्था चरमराई

**सिमडेगा/बोलबा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सीएचसी में पिछले दिनों हुई आंधी तूफान से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। सीएचसी में सोलर पैनल के द्वारा बिजली आपूर्ति की जा रही थी। लेकिन आंधी तूफान के कारण सोलर पैनल पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गया है। चिकित्सक डॉ भोटिया ने बताया कि सोलर पैनल क्षतिग्रस्त होने के कारण कई जीवन रक्षक दवाईयां भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बिजली विभाग से अविलंब व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

# पार्थ क्लासेज ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पार्थ क्लासेज रामनगर बनकट के व्यवस्थापक मुन्ना कुशवाहा के द्वारा मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में टॉपर काजल कुमारी सहित पंचायत में अधिक अंक लाने वाले छात्रों को एक विशेष सम्मान समारोह के दरमियान सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि महापौर बेतिया नगर निगम गरिमा देवी शिकारिया ने कहा कि होनहार मेधावी नौनिहाल देश के भविष्य हैं।आर्थिक सबलता के लिए शिक्षा जरूरी है।हवा और जल की तरह मानव जीवन में शिक्षा अनमोल रतन के समान है। शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित मानव पशु के समान होता है।माता-पिता को अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। ग्लोबल वर्ल्ड में शिक्षा मानव को चमकने के लिए रामबाण का काम करता है। उन्होंने कहा कि गुरु शिक्षा देते हैं परंतु संस्कार माता-पिता से प्राप्त होता है। छात्रों को अनुशासन सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारित करते हुए शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। छात्रों को आज की दुनियादारी से बचते हुए सच्चे मन से दृढ़ संकल्प के साथ शिक्षा को आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर पार्थ क्लासेज रामनगर बनकट द्वारा पंचायत टॉपर काजल कुमारी को 51000 हजार रुपए का चेक प्रदान कर उच्चतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। वही मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में सफल छात्र मिथिलेश कुमार प्रिंस कुमार अभिनंदन कुमार रवि कुमार शशि बाला कुमारी सुबोध कुमार सुशास्त कुमार रवीना खातून आदि छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल पैक्स अध्यक्ष अध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा हरिंदर प्रसाद कुशवाहा मनी उपाध्याय विक्रम यादव मनीष गुप्ता सनराइज कोचिंग के निर्देशक राजीव कुशवाहा आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी दुर्गा पटेल ने किया।बताते चले की सनराइज कोचिंग सेंटर के निर्देशक राजीव कुशवाहा ने बताया कि पुरस्कृत और सम्मानित होने वाले छात्रों में काजल कुमारी रवि कुमार प्रिंस कुमार सुबोध कुमार मिथिलेश कुमार आदि छात्र उनके कोचिंग के छात्र हैं।

# ईवीएम वेयरहाउस का डीएम-एसपी ने किया मासिक निरीक्षण

## एफएलसी कार्य की गुणवत्ता पर जताया संतोष, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिखर चौधरी ने सोमवार को सदर प्रखंड के समीप अवस्थित इवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह वेयरहाउस का निरीक्षण आवश्यक है और इसकी रिपोर्ट तथा तस्वीरें आयोग की वेबसाइट पर पोर्टल के माध्यम से तत्काल अपलोड की जाती हैं। फिलहाल यहां आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ईवीएम का एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य चल रहा है। डीएम ने एफएलसी कार्य का अवलोकन कर रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से फीडबैक लिया और कार्य की पारदर्शिता तथा गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने एफएलसी कार्य में लगे ईसीआईएल अभियंताओं को संयम और नियमबद्ध तरीके से कार्य करने की सख्त हिदायत दी। जिला पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल को वेयरहाउस की बिजली, पानी, भवन रख-रखाव और साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मशीनों के रख-रखाव और सुरक्षा के लिए आयोग के एसओपी का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने, सीसीटीवी के संचालन और रिकॉर्डिंग का नियत समय तक बैकअप रखने का आदेश भी दिया। एसपी शिखर चौधरी ने सुरक्षा बलों को 24 घंटे संतरी ड्यूटी सुनिश्चित करने, किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर सख्ती बरतने, लॉगबुक संधारण तथा अग्निशमन यंत्रों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित डीडीसी यतींद्र कुमार पाल ने एफएलसी प्रक्रिया की विभिन्न तकनीकी पहलुओं—जैसे प्री-एफएलसी डायग्नोस, सिम्बल लोडिंग, मॉक पोल, ईएमएस पोर्टल पर मशीनों की स्कैनिंग और डाटा अपलोडिंग आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी, बनियापुर व मशरक के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कांग्रेस के प्रतिनिधि फिरोज इकबाल, बीएसपी के मनोज राम, जदयू के मो. फिरोज, लोजपा (रा) के दीपक कुमार सिंह, राजद के उपेन्द्र कुमार, भाजपा के अर्द्धेन्दु शेखर, सीपीआई एमएल के कुणाल कौशिक सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।






# लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन

## एचआर इम्पीरियल स्कूल में छात्राओं को दी गई एचपीवी टीकाकरण की जानकारी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ छपरा की ओर से सोमवार को एचआर इम्पीरियल पब्लिक स्कूल में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य विषय था—मासिक धर्म स्वच्छता एवं एचपीवी टीकाकरण की जानकारी देना। इस अवसर पर लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार व हथुआ राज प्रतिनिधि दिवाकर पांडेय ने अतिथियों का स्वागत कर किया। अपने संबोधन में प्राचार्य कुमार ने इस तरह की कार्यशालाओं को समय की आवश्यकता बताया। लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह ने छात्राओं के स्वास्थ्य सशक्तिकरण को प्राथमिकता बताते हुए क्लब के सामाजिक दायित्वों की चर्चा की। मुख्य वक्ता डॉ. किरण ओझा ने मासिक धर्म, स्वच्छता और एचपीवी वैक्सीनेशन पर संवादात्मक शैली में छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और समय पर टीकाकरण से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। इस दौरान पीस पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय को भी सहयोग हेतु स्मृति-चिह्न दिया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक फोटो से हुआ। लायंस क्लब का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराहा गया।



# अखंड अष्टयाम का भव्य आयोजन, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों ने लिया भाग, मंत्रोच्चारण से गुंजायमान हुआ वातावरण

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर प्रखंड के संढवारा गांव में सोमवार को 24 घंटे के अखंड अष्टयाम की शुरूआत विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ की गई। कार्यक्रम की शुरूआत यज्ञ स्थल से निकली भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। सभी श्रद्धालु कलश लेकर गांव भ्रमण करते हुए डीजे, हाथी और घोड़े के साथ शोभायात्रा के रूप में तालाब तक पहुंचे। वहां से पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल लौटे, जहां जलाभिषेक के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ में यजमान के रूप में शोभनाथ पंडित और उनकी पत्नी शैल देवी ने भाग लिया। पंडित विमल तिवारी, अजित तिवारी और गुड्डू ओझा के वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा एवं आयोजन में भोला पंडित, जयराम पंडित, कृष्ण पंडित, उपेंद्र पंडित, वीरेंद्र पंडित, विश्वनाथ राउत, रामदाहीन महतो, गेंदा महतो, सुनील रावत, जगदीश महतो, हीरा महतो, शंभू पंडित, कैलाश पंडित, चंद्रिका पंडित, राकेश पंडित, हरिलाल पंडित, सिकंदर कुमार, नागेंद्र कुमार, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता की। ग्रामीणों ने बताया कि अखंड अष्टयाम से गांव का माहौल भक्तिरस में डूबा हुआ है और सभी वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक आयोजन में शामिल हो रहे हैं।



### कायस्थ समाज के धार्मिक आयोजन में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर प्रतिनिधि भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव के अवसर पर हजारीबाग के छठ तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायस्थ समाज के आयोजित इस पारंपरिक समारोह में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में पूजा, हवन, भंडारा और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह शामिल हुए। उन्होंने समाज को प्रकटोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करते हैं। उन्होंने कायस्थ समाज को शिक्षा, अनुशासन और सेवा का प्रतीक बताते हुए बधाई दी और भविष्य में समाज के हित में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। पूजा कार्यक्रम का नेतृत्व मंदिर के पुजारी रणधीर कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में अनुपम सिन्हा, राज प्रकाश, विभूति नारायण सिन्हा, संजीव कुमार बॉबी, विक्की कुमार धान शामिल थे।

# भारत स्काउट व गाइड प्रशिक्षण से होता है सर्वांगीण विकास : उप निर्वाचन पदाधिकारी

## संत जोसेफ एकेडमी में प्रथम व द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संत जोसेफ एकेडमी, छपरा में भारत स्काउट व गाइड द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन धूमधाम से किया गया। समापन समारोह के अवसर पर ग्रैंड कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप निर्वाचन पदाधिकारी सारण जावेद इकबाल शामिल हुए। अपने संबोधन में उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने कहा कि भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक विकास करता है और उनमें देश सेवा की भावना का संचार करता है। विशिष्ट अतिथि जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय के निदेशक राम कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट और गाइड संस्था बच्चों को चरित्रवान, निष्ठावान, अनुशासित, परोपकारी एवं सत्यवादी नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करती है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या रौशनी राय, प्रबंधक अभिषेक सिंह, शिक्षक अमित सिंह सहित सभी शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव डॉ. शहजाद आलम, जिला आयुक्त (स्काउट) अरुण पराशर, कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारद्वाज, जिला संगठन आयुक्त अमन राज, प्रशिक्षक रीतिका सिंह, प्रणव, आशुतोष, सोनू आदि उपस्थित रहे।



## आधिकारिक रिकॉर्ड से हटेंगे 3300+ कंपनियों के नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय 3,300 से अधिक कंपनियों के नाम आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा देगा। मंत्रालय के पास उपलब्ध ताजे आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अप्रैल में इन कंपनियों के नाम हटाने के संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी किए।



उपरोक्त 3,300 कंपनियों में से महाराष्ट्र में 700 से अधिक, दिल्ली में लगभग 500, कर्नाटक में 350 से अधिक, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 200-200 से अधिक कंपनियां हैं। कंपनी रजिस्ट्रार को कंपनी अधिनियम की धारा 248(2) के तहत कुछ आधारों पर कंपनियों से आवेदन मिले थे। इनमें यह भी शामिल था कि वे अपनी स्थापना के एक वर्ष के भीतर कारोबार शुरू करने में विफल रहीं या उन्होंने दो वित्त वर्षों की अवधि के दौरान कोई कारोबार नहीं किया। इस वर्ष मार्च के अंत तक देश में कुल 28.52 लाख पंजीकृत कंपनियों में से 18.51 लाख सक्रिय कंपनियां थीं। धारा 248(2) के तहत, कोई कंपनी अपनी सभी देनदारियों को समाप्त करने के बाद विशेष प्रस्ताव या 75 प्रतिशत सदस्यों की चुकता शेयर पूंजी की सहमति से कुछ शर्तों के अधीन नाम हटाने के लिए आवेदन कर सकती है। कंपनी रजिस्ट्रार ने अप्रैल में सार्वजनिक नोटिस जारी कर यह पता लगाने की कोशिश की थी कि क्या किसी को इन कंपनियों के नाम हटाने के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति है।

## भारत की उदार नीति फार्मा, वाहन व पर्यटन बना वैश्विक निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की उदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नीति ऐसे वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर प्रदान करती है, जो इसकी विशाल और विस्तारित अर्थव्यवस्था में निवेश करना चाहते हैं। डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार, फार्मास्युटिकल्स, वाहन और पर्यटन जैसे क्षेत्र न केवल एफडीआई के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि रोजगार, निर्यात और इनोवेशन के



इंजन भी हैं, जो भारत की वृद्धि की अगली लहर को गति दे रहे हैं। डेलॉय के अनुसार, भारत ने बीमा, बीमा मध्यस्थ, पर्यटन निर्माण, अस्पताल और चिकित्सा उपकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों सहित अधिकांश क्षेत्रों में स्वत- मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह कदम स्थिरता का संकेत देता है, जो वैश्विक निवेशकों को भारत की विशाल और बढ़ती अर्थव्यवस्था में उतरने के लिए एक बेहतर अवसर प्रदान करता है।
70 अरब डॉलर की राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन और 100 से अधिक शहरों में औद्योगिक गलियारे के विकास के समर्थन से भारत वैश्विक निवेशकों को निवेश के लिए तैयार क्षेत्र प्रदान कर रहा है।

### अडानी की कंपनी के शेयर में आ गई तूफानी तेजी

# चौथी तिमाही में मुनाफे का दिखाई दिया असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट हरे निशान पर खुली। इसी के साथ कई कंपनियों के शेयर में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। खासतौर से उनमें जिन्हें वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में मुनाफा हुआ है। इसी में अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन का शेयर भी शामिल है। सोमवार को इसमें बाजार खुलने के दो घंटे के अंदर ही करीब 7 फीसदी की तेजी आ गई। शुक्रवार को यह शेयर 1267.05 रुपये पर बंद हुआ था। सोमवार को यह तेजी के साथ 1297.50 रुपये पर खुला। लेकिन कुछ ही देर में इसमें थोड़ी गिरावट भी आई और यह 1285.30 रुपये पर आ गया। लेकिन इसके बाद इसमें तेजी आती गई। देखते ही देखते यह तेजी 6 फीसदी को भी पार कर गई। सोमवार सुबह 11ः15 बजे यह शेयर करीब 7 फीसदी की तेजी के साथ 1354.80 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

**नुकसान की भरपाई हुई-** शुक्रवार को भी इस शेयर में 4.4 प्रतिशत की तेजी आई थी। अडानी पोर्ट्स निफ्टी इंडेक्स में सबसे आगे रहा था। अब कंपनी ने साल 2025 में हुए सारे नुकसान की भरपाई कर ली है।



इस साल अब तक इस कंपनी के शेयर में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी आ चुकी है। वहीं पिछले एक महीने में शेयर 20 प्रतिशत से ज्यादा बे हैं।

**कंपनी को हुआ मुनाफा-** अडानी पोर्ट्स ने पिछले हफ्ते वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए थे। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में उनका मुनाफा 50 प्रतिशत बा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल मुनाफा 3,023 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल यह 2,025 करोड़ रुपये था। कंपनी की कमाई 23 प्रतिशत बकर 8,488 करोड़ रुपये हो गई। अर्निंग्स बिफोर इंटरेस्ट, टैक्स, डेप्रिसिएशन एंड अमॉर्टाइजेशन 24 प्रतिशत बकर 5,006 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के सीइओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) अश्विनी गुप्ता ने कहा कि एफवाय25 में 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स और 450 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का रेकॉर्ड प्रदर्शन किया।

**लॉजिस्टिक्स से भी खूब कमाई हुई-** कंपनी के लॉजिस्टिक्स विभाग की कमाई लगभग दोगुनी होकर 1,030 करोड़ रुपये हो गई।

# बाजार खुलते ही 3,400 रुपये चढ़ गया देश का सबसे महंगा शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेल कंपनियों, पेंट्स और एयरलाइन कंपनियों के शेयरों में भारी तेजी आई है। ओपेक+ देशों ने तेल का उत्पादन बाने का फैसला किया है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है औह यह .60 प्रति बैरल से भी कम हो गई है। कच्चे तेल की कीमतें गिरने से एयरलाइंस और पेंट बनाने वाली कंपनियों दोनों को फायदा होता है। पेंट बनाने वाली कंपनियों के लिए कच्चा माल सस्ता हो जाता है। इससे उनका मुनाफा ब जाता है। इसी तरह, एयरलाइंस के लिए ईंधन सस्ता होने से उनका मुनाफा भी बता है। टायर बनाने वाली कंपनियां भी कच्चे तेल से बनने वाले कार्बन ब्लैक का इस्तेमाल करती है। यह कार्बन ब्लैक टायर बनाने का एक जरूरी कच्चा माल है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को चलाने वाली इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4 प्रतिशत से अधिक तेजी आई। क्र्स्थ पर कंपनी का शेयर 5,580 रुपये तक पहुंच गया। एशियन पेंट्स के शेयर भी लगभग 2.5 प्रतिशत बे। कंपनी का शेयर बीएसई पर 2,474.50 रुपये तक गया। बर्जर पेंट्स और एज्को नोबेल के शेयर भी लगभग 2 प्रतिशत बे। इसी तरह टायर बनाने वाली कंपनी स्र्क्स्न का शेयर भी 2 प्रतिशत से ज्यादा तेजी के साथ 137,811 रुपये तक ऊपर गया। यह देश का सबसे महंगा शेयर है। पिछले सत्र में यह 134,408.60 रुपये पर बंद हुआ था। चेन्नई की इस कंपनी का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 143,598.95 रुपये है।

### तेल कंपनियों के शेयर

इस बीच सरकारी तेल एवं गैस कंपनियों एचपीसीएल, आईजीएल, आईओसी और बीपीसीएल के शेयरों में भी 6 प्रतिशत तक तेजी आई है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम का शेयर करीब 6 फीसदी तेजी के साथ 409 रुपये तक गया।

# उदय कोटक ने रियल एस्टेट सेक्टर में मचाया तहलका

### कर डाली देश की सबसे महंगी प्रॉपर्टी डील



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने रियल एस्टेट सेक्टर में तहलका मचा दिया है। देश के टॉप प्राइवेट बैंकों में से एक कोटक बैंक के फाउंडर ने मुंबई के वर्ली सी फेस पर एक पूरी इमारत खरीद ली है। इसके लिए उन्होंने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं। पहले कोटक परिवार ने इस बिल्डिंग में जनवरी और सितंबर में 24 में से 13 अपार्टमेंट खरीदे थे। तब उन्होंने लगभग 2.72 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से भुगतान किया था। अब उन्होंने बाकी के 8 अपार्टमेंट भी खरीद लिए हैं। इस बार उन्होंने 2.75 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से भुगतान किया है। यह एक नया रिकॉर्ड है। दस्तावेजों से पता चला है कि ये नए सौदे 8 अप्रैल और 21 अप्रैल को हुए थे। इन अपार्टमेंट की कीमत 12 करोड़ रुपये से लेकर 27.59 करोड़ रुपये तक है। ये अपार्टमेंट 444 वर्ग फुट से लेकर 1,004 वर्ग फुट तक के हैं। इन आठ सौदों की कुल कीमत 131.55 करोड़ रुपये है। इस पूरी इमारत के लिए 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का सौदा हुआ है। इस इमारत में सबसे बड़ा अपार्टमेंट 1,396 वर्ग फुट का है। इसे 38.24 करोड़ रुपये में बेचा गया है। सबसे छोटा फ्लैट 173 वर्ग फुट का है। इसे 4.7 करोड़ रुपये से ज्यादा में बेचा गया है।

### नया आशियाना

कोटक के जनवरी के सौदों से पहले देश में सबसे ज्यादा प्रति वर्ग फुट की दरें दक्षिण मुंबई के अल्टामाउंट रोड और भूलाभाई देसाई रोड पर थीं। वहां यह दर 2.25 लाख रुपये और 2.09 लाख रुपये थी। इस शानदार इमारत का नाम 19 शिव सागर है और यह शैम्पेन हाउस के बगल में है। शैम्पेन हाउस को कोटक परिवार ने2018 में रंजीत चौगुले से 385 करोड़ रुपये में खरीदा था। रंजीत चौगुले, इंडेज विंटनर्स नामक एक वाइन कंपनी के मालिक थे। शैम्पेन हाउस को अब कोटक परिवार के नए आशियाने के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# कैब कंपनी हुई बंद तो दसियों हजार ड्राइवर हुए बेरोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओला-उबर की तरह की एक कैब कंपनी आई थी ब्लूस्मार्ट। इस कुछ मायने में अलग थी। इस कंपनी के सभी कैब ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल थे। इसकी सेवा पिछले दिनों बंद हो गई है। अब दिल्ली-एनसीआर में सैकड़ों ब्लूस्मार्ट ड्राइवर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक उनकी मांग है कि कंपनी उन्हें मुआवजा दे और नौकरी का कोई दूसरा विकल्प दे।

**क्या कहना है ड्राइवरों का-** ड्राइवरों का कहना है कि ब्लूसमार्ट उनके लिए सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म था। कंपनी ने बिना किसी सूचना के काम बंद कर दिया। इससे ड्राइवर गहरा संबंध है।

**पहले हर हफ्ते मिलते थे पैसे-** ड्राइवरों का कहना है कि उन्हें पहले हर हफ्ते पैसे मिलते थे। अगर उनकी कमाई 20,000 रुपये से ्यादा होती थी, तो उन्हें 8,000 रुपये इंसेंटिव के रूप में मिलते थे। इसके अलावा, ग्राहकों की रेटिंग के आधार पर उन्हें अतिरिक्त इंसेंटिव भी मिलता था। लेकिन, पिछले कुछ महीनों में इंसेंटिव कम हो गया था। कुछ ड्राइवरों का आरोप है कि कंपनी के मालिकों ने वह पैसा अपने निजी इस्तेमाल के लिए निकाल लिया। कई ड्राइवरों ने बताया कि उन्हें पिछली पेमेंट देर से मिली या मिली ही नहीं।

**महिला ड्राइवरों की अलग दिक्कत-**




मुश्किल में फंस गए हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि उनका बकाया पैसा कब मिलेगा। अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई में 10,000 से ्यादा ड्राइवर इससे प्रभावित हुए हैं। खबर है कि ब्लूसमार्ट की कुछ गायिां बैंकों ने ब्त कर ली हैं या एवेरा जैसी दूसरी इलेक्ट्रिक कैब कंपनियों ने खरीद ली हैं।

**हमारी गलती नहीं लेकिन परेशान हम ही-** संजय सागर 2022 से ब्लूसमार्ट के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने ब्लूसमार्ट को बनाया। हम ही क्यों परेशान हों हमारी कोई गलती नहीं थी। यह विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब सेबी ने ब्लूसमार्ट के को-फाउंडर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को शेयर बाजार में कारोबार करने से रोक दिया। सेबी ने उन्हें कंपनी में कोई पद संभालने से भी मना कर दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सोलर श्र्क्ष्ट फर्म, जेनसोल इंजीनियरिंग में पैसे की हेराफेरी की और जाली दस्तावे बनाए। जेनसोल इंजीनियरिंग का ब्लूसमार्ट से

ब्लूसमार्ट में दिल्ली में 300 से ्यादा महिला ड्राइवर थीं। उन्हें अलग किस्म की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली की 21 वर्षीय ड्राइवर तारिशा कुमार ने कहा, हमें मैसेज मिला कि कारों को ऑडिट के लिए हब पर रखा गया है। उसके बाद से कुछ नहीं हुआ। दूसरे प्लेटफॉर्म महिलाओं को आसानी से ड्राइवर के तौर पर नहीं रखते। उनमें से कई अब नई नौकरी ढूंढने के लिए संघर्ष कर रही हैं। कुमार ने कहा, पुरुष ड्राइवरों के लिए यह आसान है, लेकिन महिलाएं, खासकर सिंगल मदर्स पीछे छूट जाती हैं।

**यह अन्याय है-** गिग वर्कर्स एसोसिएशन के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी, नितेश कुमार दास ने कहा कि कंपनी ने ड्राइवरों को बिना किसी मुआवजे के छो दिया। उन्होंने कहा, यह अन्याय है। इन लोगों ने अपनी मेहनत से कंपनी बनाई। ऐसा होने से रोकने के लिए कोई कानून होना चाहिए। कई ड्राइवर अब आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।

# बिलों का भुगतान: क्रेडिट कार्ड के बेहतर प्रबंधन से मजबूत होता है आपका सिबिल स्कोर, जरूरी है नियमित निगरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक अच्छा क्रेडिट स्कोर आपके वित्तीय भविष्य की नींव है, लेकिन, इसे बनाने में समय और धैर्य लगता है। ठीक उसी तरह जैसे किसी पौधे की देखभाल करना। एक मजबूत स्कोर आपको कर्ज लेने में अच्छी मदद कर सकता है। बेहतर ब्याज दर पर कर्ज लेने में मददगार साबित हो सकता है। दीर्घकालिक वित्तीय विश्वास स्थापित करता है। इस प्रक्रिया में क्रेडिट कार्ड एक महत्वपूर्ण साधन है। हालांकि, अक्सर यह सवाल उठता है कि एक मजबूत क्रेडिट स्कोर बनाने के लिए आपके पास कितने क्रेडिट कार्ड होने चाहिए? हालांकि इसकी कोई जादुई संख्या नहीं है, लेकिन इसमें शामिल कारकों को आप समझ पाएंगे तो इससे क्रेडिट निर्माण के इस पहलू को जानने में मदद मिल सकती है।

**...तो प्रभावित होता है आपका क्रेडिट स्कोर-** क्रेडिट स्कोर में कई चीजें योगदान करती हैं। पास मौजूद क्रेडिट कार्ड की संख्या एक भूमिका निभाती है जो अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़ा हुआ है। भुगतान इतिहासः बिलों का भुगतान समय पर करें। एक भी बिल का देर से भुगतान स्कोर को




प्रभावित कर सकता है।

**नया क्रेडिटः** कई नए खाते जल्दी-जल्दी खोलने से बार-बार क्रेडिट जांच के कारण स्कोर कम हो सकता है।

**क्रेडिट के प्रकारः** कार्ड और लोन का मिश्रण दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के क्रेडिट को संभाल सकते हैं, लेकिन समय पर भुगतान या कम उपयोग सबसे महत्वपूर्ण है।

**क्रेडिट इतिहासः** बेहतर इतिहास वाले पुराने खाते मजबूत स्कोर बनाने में मदद करते हैं।

**क्रेडिट उपयोगः** अपनी कुल क्रेडिट सीमा के 30 फीसदी से कम का उपयोग करके दिखाएं कि आप क्रेडिट का सही प्रबंधन कर रहे हैं।

### जादुई संख्या क्या है?

इसका कोई एक उत्तर नहीं है। लेकिन तीन अच्छी तरह से प्रबंधित कार्ड एक अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाने के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। आपके पास एक क्रेडिट कार्ड है, तो नियमित खर्चों के लिए इसका जिम्मेदारी से उपयोग करें। हर महीने पूरा बिल चुकाएं। यह एक बेहतर भुगतान इतिहास स्थापित कर सकता है और क्रेडिट योग्यता को बढ़ा सकता है।

### कार्ड बैकअप के रूप में काम कर सकता है

आप दूसरा क्रेडिट कार्ड लेते हैं, तो कुल क्रेडिट सीमा बढ़ जाती है। इससे कम क्रेडिट उपयोग अनुपात बनाए रखने में मदद मिल सकती है। किसी तरह से दूसरे कार्ड से समझौता हो जाता है, तो एक कार्ड बैकअप के रूप में काम कर सकता है। तीसरा कार्ड अतिरिक्त लाभ प्रदान कर सकता है। जैसे उच्च क्रेडिट सीमा या रहन-सहन से मेल खाने वाली विशेष खरीदारी के लिए।

## दिल्ली में 1,530 करोड़ रुपये में बिकी रेलवे की जमीन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु की रियल एस्टेट कंपनी बागमने ग्रुप ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर 21 में रेलवे की एक जमीन खरीदी है। यह जमीन 124,000 वर्ग मीटर में फैली है। कंपनी ने इसके लिए 1,530 करोड़ रुपये दिए हैं। रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने 2023 में ही बागमने की बोली को स्वीकार कर लिया था। लेकिन जमीन पर लगे पेड़ों को हटाने की वजह से यह सौदा अटक गया था। अब कंपनी ने दिल्ली में ही पेड़ों को



दूसरी जगह लगाने के लिए जमीन ढूंढ ली है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। खरीदी गई जमीन का इस्तेमाल रेजिडेंशिल (55 प्रतिशत) और कमर्शियल (45 प्रतिशत) डेवलपमेंट के लिए किया जा सकता है। इस जमीन के पास ही एक नया रेलवे स्टेशन बन रहा है। इससे इस इलाके में लोगों की आवाजाही बहुत बढ़ जाएगी। दिल्ली-एनसीआर में प्रॉपर्टी बाजार हमेशा से ही निवेशकों को पसंद रहा है। यहां घर खरीदने की मांग हमेशा ज्यादा रहती है। इसलिए कई बड़ी कंपनियों ने जमीन खरीदी है। सिर्फ मकान ही नहीं, दुकानें, ऑफिस, फैक्ट्रियां और गोदाम बनाने के लिए भी जमीन की खूब मांग है। रियल एस्टेट कंपनी सीबीआरइ के चेयरमैन और सीइओ अंशुमन मैगजीन ने कहा कि इस डील से पता चलता है कि निवेशकों का भरोसा इस सेक्टर में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह तेजी 2025 में मजबूत होगी। इससे भारत दुनिया में प्रॉपर्टी के लिए सबसे अच्छी जगह बना रहेगा।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 05-05-2025 22:08 Page 1



# 100 मुखिया व पूर्व मुखिया पर मुकदमा

- कई बार मांगी गई उपयोगिता रिपोर्ट
- एक करोड़ की राशि होगी वसूली
- राशि हुई निकासी, शौचालय लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** कोरोना काल के दौरान केंद्र सरकार की ओर से चलाई गई स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं में भारी गड़बड़ी सामने आई है।

इस योजना के करीब पांच साल बाद पेयजल स्वच्छता विभाग की नींद टूटी है और अब इन पंचायत प्रतिनिधियों पर कार्रवाई की कवायद की जा रही है।

इसके तहत ही जिले के 100 के करीब मुखिया और पूर्व मुखिया पर अप्रैल माह में सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया है। साथ ही इन सभी को एक करोड़ से अधिक की राशि वसूलने को लेकर नोटिस थमा दिया गया है। बताया जाता है कि यह राशि और भी बढ़ सकती है। यह पूरा मामला 2019-20 का है। भारत सरकार ने कोरोना काल में हजारीबाग, गिरिडीह और गोड्डा जिले में एक्स्ट्रा बजटरी रिसोर्स के तरह 200-200 सामुदायिक शौचालय बनाने का लक्ष्य दिया था।

इसके लिए चार-चार करोड़ की राशि जिलों को स्वीकृत की गई थी। हजारीबाग में करीब 200 पंचायतों में शौचालय बनाने के लिए राशि भेजी गई।

लेकिन, आवंटित राशि निकाल लिए जाने के बाद इन सभी पंचायत प्रतिनिधियों से शौचालय निर्माण संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र मांगा गया तो इन्होंने हाथ खड़े कर दिए।

बताया जाता है कि वर्ष 2024 में कई बार विभाग से इन्हें नोटिस भेजा गया। लेकिन, कुछ प्रतिनिधियों को छोड़कर अन्य किसी ने उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया। वहीं, विभाग ने जब छानबीन की तो कहीं शौचालय आधे अधूरे बने मिले तो कहीं एक ईंट भी जुड़ी नहीं मिली। इसके बाद ही डपोक, केदारूत, दरिया, कुसुंभा, तेजपुर, आंगो, रोमी, डूमर, लुपुंग समेत 100 के करीब पूर्व व वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों पर कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक हजारीबाग की तरह ही गिरिडीह और गोड्डा जिले में भी यही खेल हुआ है।

## घटना को ले एक्शन में स्वास्थ्य मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के एक वार्ड के छत एवं कॉरिडोर ढहने के मामले की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर इसकी जांच करने को कहा है। साथ ही इस कमेटी को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य सरकार की ओर से मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है। बताते चलें कि घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री तथा विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह शनिवार को ही देर रात जमशेदपुर पहुंचकर एमजीएम में राहत कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

# 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

### विद्युत विभाग की लापरवाही से घटी घटना, लोगों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना के उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव का 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार नहर में गिरा था। उसी सड़क से डीजल तेल लेने बाइक से जा रहे सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका पुत्र बिपिन मेहता बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र बाइक समेत झुलस गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है, जिससे इस तरह की घटनाएं होती है।

घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।



ग्रामीणों ने बताया कि सेमरसोत गांव निवासी बिंदु मेहता की भतीजी की आज सोमवार को बारात आने वाली थी। बिंदु मेहता अपने इकलौते पुत्र बिपिन मेहता को बाइक पर साथ लेकर अहले सुबह डीजल तेल लेने जा रहे थे। जिससे शादी में जेनरेटर में तेल की कमी नहीं हो सके।

घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग कमजोर और गरीब लोगों पर केस कर परेशान करने के लिए है।

विभाग को लगातार ग्रामीण जानकारी दे रहे थे, मगर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि सड़क क्रॉसिंग की जगह पर अर्थ के साथ जाली देने का प्रावधान है। लापरवाही में विभाग ने किसी भी सड़क के ऊपर से पार किया गया तार में जाली नहीं देने का काम करता है। परिणामस्वरूप इस तरह की घटनाएं होती हैं।

# एम्बुलेंस के अभाव में गयी गर्भवती महिला की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपीकांदर ।** दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखंड में लचर स्वास्थ्य सेवाओं का खामियाजा फिर एक और गर्भवती महिला को जान गंवा कर चुकानी पड़ी है।

रविवार को गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कुरुंभा गांव में 30 वर्षीय गर्भवती विनीता हेंब्रम की मौत इलाज के अभाव में हो गई। विनीता की मौत से उसके चार बच्चे भी अनाथ हो गए हैं। चारों बच्चों की आयु एक से आठ वर्ष के बीच है।

पति सोम मुर्मू के मुताबिक पत्नी सुबह से ही प्रसव पीड़ा से परेशानी में थी। उसने सुबह करीब 10 बजे एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची।

इस बीच, जब गांव की सहिया ने 11.30 बजे दोबारा एंबुलेंस को फोन किया, तब जाकर एंबुलेंस गांव पहुंची, लेकिन तब तक विनीता की हालात काफी बिगड़ चुकी थी। किसी तरह से उसे गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती किया गया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत




घोषित कर दिया।

इतना ही नहीं शव को निजी वाहन से घर लाना पड़ा और घर तक सड़क नहीं होने के कारण वाहन चालक ने गांव के बाहर ही शव को उतार कर सड़क पर रख दिया। फिर ग्रामीण शव को खाट पर लाद कर घर पहुंचे।

पति का आरोप है कि यदि एंबुलेंस सही समय पर आ जाती तो शायद उसकी पत्नी और नवजात की जान बच सकती थी।

गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. पंचम लाल के अनुसार गर्भवती महिला को जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। संबंधित गांव की सहिया साथी ने भी इस गंभीर मामले की कोई सूचना नहीं दी थी।

# नकाबपोश अपराधियों ने दुकान में घुसकर दुकानदार को मारी गोली

### व्यवसायियों में दहशत व्याप्त, विरोध में दुकानें रखी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के चैती दुर्गा मंदिर के समीप स्थित जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू कुमार को रविवार की शाम करीब पौने आठ बजे दो नकाबपोश अपराधियों ने दुकान में घुसकर गोली मार दी। अपराधियों ने दुकानदार को सीने में गोली मारी। इसके बाद स्वजन व आसपास के लोग उन्हें लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह आदि घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की।

दुकान में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। आसपास भी कई दुकानों में भी सीसीटीवी लगा हुआ है, जिससे अपराधियों के शीघ्र पकड़े जाने की उम्मीद है। सीसीटीवी में स्पष्ट दिख रहा है कि दो युवक वहां पहुंचे और पंखा दिखाने को कहा। वह काउंटर पर बैठे हुए थे, जबकि दुकान का स्टाफ पंखा दिखा रहा था।

इसी क्रम में काले रंग के नकाब से अपना मुंह छिपाए




युवक ने पिस्तौल निकाली और सीने में सटाकर गोली मार दी। संजीव कुमार गुप्ता कुर्सी से उठे और गेट पर आकर गिर गए। वहां काफी खून भी गिरा हुआ था।

मृतक के पिता गौरी शंकर गुप्ता रेलवे में लोको पायलट थे। तीन साल पूर्व उनकी मौत हो गई थी। संजीव उनका इकलौता पुत्र था। गौरी शंकर गुप्ता के नाम पर ही जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स है।

संजीव के परिवार में पत्नी, करीब नौ साल का एक बेटा, सात साल की बेटी व बूढ़ी मां हैं। दोनों बच्चे संत जेवियर स्कूल में पढ़ते हैं। घटना के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

संजीव काफी मिलनसार व्यक्ति थे। संत जेवियर स्कूल सहित कई बड़े संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज के मेंटेनेंस का काम भी वह देखते थे। दुकानदार की हत्या के विरोध में कॉलेज रोड व्यवसायी संघ ने बंद का आह्वान किया है। इस दौरान सभी दुकानें बंद नजर आईं।

## नीट परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**जमशेदपुर।** नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी 2025) का आयोजन रविवार को रांची के 22 केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। परीक्षा एक पाली में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ली गई। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से लेकर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिला। इसके बाद गेट बंद कर दिया गया।

परीक्षा आयोजन की तैयारी को ले जिला प्रशासन और एनटीए ने बेहतर तैयारी कर रखी थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी।

परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी। परीक्षा के दौरान पुलिसबल की गश्ती भी तेज दिखी, इसके लिए बड़ी संख्या में जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

अबकी बार नीट यूजी की परीक्षा को ले कुछ बदलाव भी किए गए, परीक्षा में कुल 180 सवाल पूछे गए, जिसमें फिजिक्स व केमिस्ट्री से 45-45 व बायोलॉजी से 90 सवाल समाहित किए गए, जबकि ऑप्शनल सवालों को हटा दिया गया।

# अब बैलेंस जानने को देने होंगे पैसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आपके बैंक खाते में कितना बैलेंस है। यदि आप एटीएम जाकर अपने बैंलेंस की जानकारी लेना चाहते हैं तो फिर इसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा।

केवल यही नहीं, एटीएम कार्ड का इस्तेमाल भी काफी सोच-समझकर करना होगा, क्योंकि मई के महीने में कई बदलाव हुए हैं, जो खाताधारकों के जेब को प्रभावित करेगा।

मई 2025 से पूर्व अपने बैंक खाते का बैलेंस एटीएम के माध्यम से जानने पर छह रुपये शुल्क देना पड़ता था, लेकिन अब इसके लिए खाताधारियों को सात रुपये देने होंगे। यानी अब पहले के मुकाबले एक रुपये अधिक बैंक काटेगा।

आरबीआई के नए नियम जो मई से लागू हुए हैं उनमें सबसे अधिक प्रभावित करने वाला नियम एटीएम से जमा व निकासी का है। इसमें दो रुपये बढ़ा दिए गए हैं।

यदि आपने मुफ्त एटीएम उपयोग करने की सीमा को पार किया तो फिर पहले की तुलना में अधिक चार्ज देना होगा।

महानगरों में रहने वाले खाताधारकों को तीन बार मुफ्त एटीएम इस्तेमाल की अनुमति दी गई हैं। वहीं, अन्य शहरों में पांच बार मुफ्त लेनदेन की सुविधा मिलेगी। इसके बाद हर ट्रांजैक्शन पर 19 रुपये देना होगा। पहले यह 17 रुपये बैंक खाते से काटता था।

धनबाद जिले में विभिन्न बैंकों के 277 शाखाएं हैं। इन बैंकों में जिले के करीब 18 लाख खाताधारी है, जो एटीएम का उपयोग करते हैं। इनमें चार लाख खाताधारी है, जिन्हें रुपये एटीएम कार्ड दिया गया है। इनमें से 3 लाख 62341 खाताधारक अपने एटीएम का उपयोग कर रहे हैं।

वहीं, सबसे अधिक एसबीआई और बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारी हैं। जिले में इन बैंकों की शाखाएं भी सबसे अधिक हैं। वहीं, एटीएम मशीन भी सर्वाधिक हैं।

# स्वीडन से लौटा उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, बताये यात्रा के लाभ

### चाईबासा में पुराने खनन स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में परिवर्तित करने की योजना पर हुआ विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने सोमवार को सूचना भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर गए झारखंड सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को राज्य में विदेशी निवेश के कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में विदेशी निवेश को बढ़ावा देना था। वर्तमान में भारत की जीडीपी में झारखंड का योगदान लगभग 2.5 प्रतिशत है, लेकिन राज्य में विदेशी निवेश का प्रतिशत मात्र 0.98 प्रतिशत है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए यह पहल की गई।

निवेश प्रस्ताव में स्पेन के टेस्ला ग्रुप एस के चेयरमैन दुसान लिचाड्र्स ने 150 मिलियन यूरो के निवेश से बैटरी भंडारण उत्पादन इकाई झारखंड में स्थापित करने में रुचि दिखाई है। इसके साथ ही 'फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर' की तर्ज पर रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र स्थापित करने के लिए प्राप्त हुआ। वहीं आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब ने झारखंड में खेल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन का प्रस्ताव दिया है।

प्रतिनिधिमंडल ने बार्सिलोना में निमार्णाधीन एफसी बार्सिलोना स्टेडियम और संग्रहालय, डी गावा माइनिंग म्यूजियम, तथा फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का दौरा किया। चाईबासा में पुराने खनन स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में परिवर्तित करने की योजना पर भी विचार हुआ। बार्सिलोना में आयोजित इन्वेस्टर मीट के दौरान भारतीय प्रवासियों और निवेशकों से सीधा संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप पॉलिसी, खेल, पर्यावरणीय स्थिरता आदि विषयों पर चर्चा करते हुए उन्हें झारखंड में संभावित निवेश की संभावनाओं को तलाशने हेतु प्रोत्साहित किया।

स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित कार्यक्रम में 50 से अधिक वैश्विक निवेशकों के समक्ष विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन, खनिज अन्वेषण और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं प्रस्तुत की गईं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वोल्वो ट्रक संयंत्र का भी दौरा किया और झारखंड में भारी ट्रकों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए वोल्वो को मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने का आमंत्रण दिया गया।

राजकमल ने बताया कि यह यात्रा झारखंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विजिबिलिटी बढ़ाने में अहम रही। यात्रा पूर्ण होने के एक सप्ताह के भीतर ही सात निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 9 वर्षों के अंतराल के बाद किसी सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने विदेशी दौरा किया है, जिससे झारखंड की ब्रांड वैल्यू में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है। प्रेस कांफ्रेंस में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, खनन आयुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एमडी जिडको वरुण रंजन सहित कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घाटशिला।** बीते दिन रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 13वें केंद्रीय अधिवेशन के बाद केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन कर लिया गया। जिसकी सूची भी जारी कर दी गई है।

केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला, बहरागोड़ा और पोटका विधानसभा के पार्टी नेताओं को भी स्थान मिला है। केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में प्रदेश के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन को उपाध्यक्ष का दायित्व मिला।

इसके अलावे चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर आने वाले पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी को पार्टी ने प्रवक्ता बनाया है। भाजपा में भी जब कुणाल थे तो वे प्रवक्ता ही थे, अब झामुमो में प्रवक्ता का दायित्व संभालेंगे।

इसके अलावा बहरागोड़ा विधानसभा से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाले विधायक समीर कुमार मोहंती को पार्टी ने केंद्रीय सचिव का दायित्व सौंपा है। पोटका से लगातार दूसरी बार जीतने वाले युवा विधायक संजीव सरदार को भी पार्टी ने कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

बीते विधानसभा चुनाव के समय भाजपा का दामन छोड़ कर झामुमो में शामिल होने वाली पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू को केंद्रीय समिति में जगह नहीं मिली है।

उनके भाई और घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू को भी केंद्रीय समिति में कोई जगह नहीं मिला। लक्ष्मण टुडू भाजपा के एसटी मोर्चा में राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी में थे।

इसके अलावा भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष सरोज महापात्रा को भी केंद्रीय समिति में स्थान नहीं मिला है। वहीं, पिछले विधानसभा चुनाव में बहरागोड़ा से उम्मीदवारी का दावा करने वाले झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य आदित्य प्रधान को इस बार केंद्रीय कार्यकारिणी में जगह नहीं मिल पाई है।


**पूर्व रेलवे**

**सं.: उप सीपीएम / ईएनजीजी / जीएसयू / एचडब्ल्यूएच/25-26/5 दिनांक: 02.05.2025.** उप सीपीएम, इंजीनियर, गति शक्ति इकाई, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, जिसमें समान प्रकृति के कार्य का अनुभव और आवश्यक वित्तीय क्षमताएं शामिल हैं, जिनमें सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत हैं: **ई-निविदा सं. 03_2025-26; कार्य का नाम :** "पूर्वी रेलवे के अंतर्गत हावड़ा डिवीजन में एलसी सं. 23/ए के उन्मूलन के संबंध में सेवड़ाफुल्ली-तारकेश्वर (एसएचई-टीएके) लाइन में किमी 34/4-5 पर बहिरखंड तारकेश्वर के बीच बो स्ट्रिंग गर्डर युक्त आरओबी का निर्माण एवं अन्य सहायक कार्य।" **अनुमानित लागत (रु.) : 74,09,86,689.62; बयाना राशि (रु.) : 38,54,900.00; निविदा फॉर्म की लागत (रु.) :** 0.00; **पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 18 (अठारह) माह; **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :** 26.05.2025, 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाओं को अगले कार्य दिवस पर खोला जाएगा। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान केवल भुगतान गेटवे के नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। **वेबसाइट पर अपलोड किया गया शुद्धिपत्र: i) अनुसूची - 1 आइटम - 013080 - मौजूदा मूल्य - 2400, संशोधित मूल्य - 6400। (ii) अनुसूची-A आइटम-15-आइटम हटा दिया गया। (iii)अनुसूची-1 आइटम-022100-आइटम हटा दिया गया।**

(HWH-65/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# दस हजार रिश्वत लेते धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची ने जिला खनन कार्यालय रांची में भ्रष्टाचार का मामला पकड़ा है। यहां के कर्मचारी अब्दुल हाफिज पर एक बालू ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में 10 हजार रुपये जुमार्ना और 42 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा है।

इस मामले में रांची जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के जोन्हा गांव निवासी अश्वन तिर्की की लिखित शिकायत पर एसीबी थाना रांची में चार मई को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसीबी ने सत्यापन के बाद इस केस में जिला खनन कार्यालय के आउट सोर्सिंग से प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर बिंदेश तिर्की को सोमवार को दो हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार बिंदेश तिर्की मूल रूप से गुमला जिले के गुमला थाना क्षेत्र के ढिढोली नकटी टोली का रहने वाला है। अन्य सहयोगियों और आरोपितों के विरुद्ध एसीबी की जांच जारी है।

शिकायतकर्ता रांची के जोन्हा निवासी अश्वन तिर्की ने एसीबी को बताया कि उनका ट्रैक्टर जेएच-01एफई-8096 है, जिसका चालक सोमरा मुंडा भी जोन्हा के जराटोली का रहने वाला है।

उनका चालक सोमरा मुंडा तिलमीसेरेन घाटी से बालू लेकर सरकारी कार्य के लिए जोन्हा ले जा रहा था। इसी बीच राहे के अंचलाधिकारी ने उक्त ट्रैक्टर को पकड़कर सिल्ली थाना को सौंप दिया।

28 अप्रैल को सिल्ली थाना के प्रभारी ने अश्वन को फोन कर बताया कि उनके ट्रैक्टर का चालान खनन विभाग रांची को भेज दिया गया है। वे रांची जाएं और खनन विभाग में चालान भरकर अपना ट्रैक्टर छुड़वा लें।

अश्वन तिर्की दो मई को जिला खनन कार्यालय रांची पहुंचे और पता किए तो वहां विभाग का कर्मचारी अब्दुल हाफिज ने उनसे कहा कि उनका काम हो जाएगा। इसके एवज में 10 हजार रुपये ऑनलाइन फाइन एवं 42 हजार रुपये नगद रिश्वत देना पड़ेगा।

अश्वन रिश्वत नहीं देना चाहते थे। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत एसीबी रांची में की। एसीबी ने उनके आवेदन का सत्यापन किया तो आरोपों को सत्य पाया। सत्यापनकर्ता के सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ही चार मई को एसीबी थाना रांची में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की।

एसीबी थाने में चार मई को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पांच मई को एसीबी के धावा दल ने आरोपित अब्दुल हाफिज को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। हालांकि, वह कार्यालय नहीं आया। उसके बदले में जिला खनन कार्यालय में आउट सोर्सिंग से पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर बिंदेश तिर्की ने कहा कि वह काम करवा देगा। इसके बदले में वह दो हजार रुपये स्वयं लेगा, शेष कर्मचारी अब्दुल हाफिज लेंगे। इसके बाद धावा दल ने अश्वन तिर्की से दो हजार रुपये रिश्वत लेते बिंदेश तिर्की को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली-हावड़ा रुट पर 160 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** दिल्ली से हावड़ा के बीच 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से कोडरमा के रास्ते धनबाद के बीच अप-डाउन में विशेष ट्रेन का 160 किमी की गति से ट्रायल होगा।

ट्रेन पर पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक छतरलाल सिंह, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा एवं अन्य अधिकारी भी सफर करेंगे।

इस रूट पर सभी रेलवे क्रॉसिंग बंद कर पटरी के किनारे कंक्रीट की दीवार लगा दी गई है, ताकि पटरी पर जानवर, इंसान या वाहन नहीं पहुंच पाए।

ओएचई ओवरहेड तार का काम भी 80 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। सिग्नलिंग का काम किया जा रहा है। सुरक्षित ट्रेन चलाने को लेकर आटोमैटिक सिग्नलिंग व कवच का काम भी जारी है।

डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि प्रधानखंटा से मानपुर तक बंद किए गए 15 रेलवे फाटक बंद कर अंडरपास बनाया गया है। 10 अन्य रेल फाटकों पर काम चल रहा है। कुछ जगहों पर आरओबी भी बन रहा है। इस खंड पर वीवीआइपी ट्रेन दुरंतो, राजधानी, वंदेभारत सहित मेल-एक्सप्रेस 130 किमी की गति से चल रही है।


**पार्किंग संविदा हेतु ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएमएमएल.-1/पार्किंग/05/25, दिनांक: 02.05.2025.**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पार्किंग संविदा। **श्रेणी:** पार्किंग, **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएआरके76; **लॉट सं./श्रेणी: (1)** पार्किंग-आद्रा-बीडब्ल्यूसीएन-एमएक्स-56-25-1 (पार्किंग-मिश्रित)। **नीलामी शुरू (सभी लॉटों के लिए):** 20.05.2025 को दोपहर 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 20.05.2025 को 12:40:00 बजे। **(2)** पार्किंग-आद्रा-एसएलबी-एमएक्स-60-25-1 (पार्किंग-मिश्रित)। **नीलामी शुरू (सभी लॉटों के लिए):** 20.05.2025 को 12:00:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 20.05.2025 को 12:30:00 बजे। **टिप्पणी:** प्रस्तावित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा मोड्युल देखने का अनुरोध किया जाता है। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्पर्क करें।

(PR-116) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# महिला ग्रां प्री का निर्णायक पड़ाव

## वैशाली के पास आखिरी मौका

**ग्रॉसलोबमिंग, ऑस्ट्रिया (एजेंसी)।** 2024/2025 फीडे महिला ग्रां प्री श्रृंखला अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। छह चरणों की इस सीरीज़ का अंतिम और छठा चरण 6 मई से ऑस्ट्रिया के ग्रॉसलोबमिंग में शुरू होगा, जहां श्रृंखला की विजेता के साथ-साथ 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए दो क्वालिफायर भी तय होंगे।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की शुरुआत अगस्त 2024 में जॉर्जिया के त्बिलिसी से हुई थी। पिछले पांच चरणों के बाद रूस की अलेक्ज़ांद्रा गोर्याचकिना 308.34 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, लेकिन वह ऑस्ट्रिया चरण में भाग नहीं ले रही हैं। दूसरे स्थान पर भारत की कोनेरू हम्पी हैं, जिनके पास 279.17 अंक हैं। वह भी पहले ही तीन चरणों में भाग ले चुकी हैं, इसलिए ऑस्ट्रिया में नहीं खेलेंगी। ऐसे में खिताबी होड़ अब चीन की झू जिनेर (235 अंक) और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक (189.17 अंक) के बीच सिमट गई है।



झू जिनेर को पहले स्थान पर आने के लिए शीर्ष तीन में रहना जरूरी होगा, जबकि अन्ना मुजिचुक को टूर्नामेंट जीतकर 130 अंक लेने होंगे–जो मुश्किल जरूर है, पर असंभव नहीं। ऑस्ट्रिया चरण में दस शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगी, जिनमें तीन पूर्व विश्व चैम्पियन–अलेक्ज़ांद्रा कोस्टेनियुक, तान झोंगयी और मरिया मुजिचुक–भी शामिल हैं। भारत की वैशाली रामेशबाबू भी इस निर्णायक चरण में अपनी चुनौती पेश करेंगी। अब तक के प्रदर्शन मेंवैशाली अपनी क्षमताओं के अनुरूप नहीं खेल सकीं हैं, लेकिन ऑस्ट्रिया का यह चरण उनके लिए ग्रां प्री में बदलाव का अवसर बन सकता है। महिला ग्रां प्री सीरीज़ न केवल पुरस्कार राशि (₹600,000) और कैंडिडेट्स के लिए रास्ता प्रदान करती है, बल्कि यह महिला शतरंज को एक नई पहचान और मंच देती है। एफआईडीई अध्यक्ष अर्कादी द्वोर्कोविच ने कहा, अब महिला शतरंज केवल अस्तित्व की लड़ाई नहीं, बल्कि एक विकसित होती रणनीति का हिस्सा है।

### खिलाड़ियों की सूची (टूर्नामेंट से पहले के कुल ग्रां प्री अंक)

झू जिनेर – 235
अन्ना मुजिचुक – 189.17
तान झोंगयी – 170–
नाना जज़निड्ज़े – 121.67
मरिया मुजिचुक – 121.67
आर. वाईशाली – 85–
अलेक्ज़ांद्रा कोस्टेनियुक – 85
नुर्ग्युल सलीमोवा – 70
ओल्गा बडेल्का – 25
लेला जावाखिशविली – 20

# आईपीएल में मशगूल है पूरा भारत

## आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया पहुँचा शीर्ष पर



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने टेस्ट रैंकिंग की नई लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में टीमों के पूरे साल के प्रदर्शन को देखा गया है। भारतीय टीम को पिछली दो टेस्ट सीरीज में करारी हार मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में क्लीन स्वीप होने के बाद टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में भी टेस्ट सीरीज हार गई। इसका नुकसान अब टीम को वार्षिक रैंकिंग अपडेट में इसका नुकसान हुआ है। भारत को अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाना है। जहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले नंबर पर

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में पहले नंबर पर है। उसकी रेटिंग 126 है। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल जून में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम दूसरे नंबर पर है। उसे दो स्थान का फायदा हुआ है। इंग्लैंड का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। लेकिन पूरे साल के प्रदर्शन को देखें तो टीम ने अच्छा किया है। साउथ अफ्रीका को एक स्थान का नुकसान हुआ है। पहले वह दूसरे नंबर पर थी। अब वह तीसरे नंबर पर है।

- **भारत और ऑस्ट्रेलिया में बड़ा अंतर** – भारतीय टीम को भी नुकसान हुआ है। वह एक स्थान नीचे खिसक गई है। पहले भारत तीसरे नंबर पर था। अब वह चौथे नंबर पर है। भारत से आगे ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका थे। अब इंग्लैंड भी उससे आगे निकल गया है। इंग्लैंड की रेटिंग 113 है। साउथ अफ्रीका की रेटिंग 111 है। भारतीय टीम की रेटिंग 105 है। चौथे नंबर की भारतीय टीम और तीसरे नंबर की साउथ अफ्रीका के बीच रेटिंग का अंतर काफी है। इसे भर पाना आसान नहीं होगा।

### वनडे और टी20 में जलवा कायम

भारत ने सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। नई रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उसने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया।

## रिकी पोंटिंग ने किया खुलासा

# इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजना अय्यर का फैसला था

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव का सामना करने के लिए जोश इंग्लिश को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान श्रेयस अय्यर का था।



इंग्लिश ने इस सत्र में अधिकतर समय मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने मयंक को अपने निशाने पर रखा तथा 14 गेंद में 30 रन बनाए। पंजाब ने यह मैच 37 रन से जीता।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा, 'इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान का था। यहां की पिच और विरोधी टीम के आक्रमण को देखते हुए उनका मानना था कि अगर विकेट जल्दी गिर जाता है तो फिर इंग्लिश को भेजना सही होगा। उन्होंने कहा, 'हम यह मानकर चल रहे थे कि मयंक शुरू में गेंदबाजी करेगा। अगर आप उसकी गेंदबाजी पर गौर करो तो वह बहुत अधिक शॉर्ट पिच गेंदबाजी करता है और इंग्लिश इस तरह की गेंदों को खेलने में माहिर है जैसा कि हमने इस मैच में भी देखा। उनके पुल शॉट अद्भुत थे।

पोंटिंग ने कहा, 'इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला लखनऊ के लिए भी हैरानी भरा था और इसका हमें फायदा मिला। हमारी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और इससे हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका मिलता है। लखनऊ के बल्लेबाज और 40 गेंद पर 74 रन बनाने वाले आयुष बडोनी ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से हार में पावरप्ले में तीन विकेट खोना महंगा साबित हुआ।

# पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत की, प्वाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंची

**धर्मशाला (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए आईपीएल 2025 के 54वें मैच में पंजाब किंग्स ने 37 रन से जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट टेबल में दो स्थान की बढ़त बना ली है। पंजाब किंग्स अब प्वाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। वहीं लखनऊ अपने स्थान पर कायम है। पंजाब किंग्स ने युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (91 रन) के अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत रविवार को आईपीएल के अहम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रन से हराकर अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत की। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत, 3 हार और एक नोरिजल्ट के बाद 15 अंक सहित दूसरे स्थान पर है। लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत और 6 हार के साथ 10 अंक सहित प्वाइंट टेबल में 7वें स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 16 अंक के साथ पहले स्थान पर है जिसने 11 में से 8 मैच जीते हैं। मुंबई इंडियंस (11 मैचों में 7 जीत) और गुजरात टाइटंस (10 मैचों में 7 जीत) 14-14 अंक के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।



**ऑरेंज कैप** – विराट कोहली ने फिर से ऑरेंज कैप हासिल कर ली है। कोहली के 11 मैचों में 11 इनिंग्स के साथ 73 के हाईएस्ट के साथ 63.13 की औसत के साथ कुल 505 रन हो गए हैं। उनके कुल 7 अर्धशतक हैं। कोहली को गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन से कड़ी टक्कर मिल रही है जिनके 504 रन हैं। साई ने 10 इनिंग्स में 50.40 की औसत और 82 के हाईएस्ट के साथ 5 अर्धशतकों सहित यह रन बने हैं।

**पर्पल कैप** – पर्पल कैप की बात करें तो गुजरात टाइटंस के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने जोश हेजलवुड को पीछे छोड़कर पर्पल कैप हासिल कर रखी है। उनके नाम 10 मैचों की 10 इनिंग्स में 19 विकेट्स हैं जो हेजलवुड (18) से एक ज्यादा है। कृष्णा ने 7.48 की इकोनॉमी के साथ 41/4 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 19 विकेट्स लिए हैं।

# पंत को धोनी को फोन करना चाहिए, सहवाग की लखनऊ के कप्तान को सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना ??है कि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को आईपीएल 2025 में खराब फॉर्म से बाहर निकलने के लिए अपने आदर्श एमएस धोनी से संपर्क करना चाहिए। पंत आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपए की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे। हालांकि वह इस सीजन में 10 पारियों में सिर्फ 128 रन ही बना पाए हैं। उनके प्रदर्शन में पांच सिंगल-डिजिट स्कोर, एक डक और सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है।



पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार के मैच में पंत चौथे नंबर पर आए, लेकिन 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंदों पर सिर्फ 18 रन ही बना सके। लखनऊ ने यह मैच 37 रन से गंवा दिया और अब 11 मैचों में छह हार के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। सहवाग ने कहा, फिर से, उसके पास एक मोबाइल है, उसे बस फोन उठाकर किसी को कॉल करना है। अगर आपको लगता है कि आप नकारात्मक सोच रहे हैं, तो ऐसे बहुत से क्रिकेटर हैं जिनसे आप बात कर सकते हैं। धोनी उनके आदर्श हैं, इसलिए पंत को उन्हें कॉल करना चाहिए। इससे उनका मन हल्का हो जाएगा।

इसके अलावा सहवाग ने सुझाव दिया कि पंत को अपने पिछले प्रदर्शनों के फुटेज को फिर से देखना चाहिए ताकि वे अपने रूटीन पर विचार कर सकें। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को अपने पुराने आईपीएल क्लिप देखने चाहिए जिसमें उन्होंने रन बनाए थे, और इससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा। कई बार हम अपने रूटीन को भूल जाते हैं क्योंकि यह ऋषभ पंत उस रूटीन से बिल्कुल अलग है जिसे हमने उसकी चोट से पहले देखा था। मुझे याद है कि 2006/07 में जब मैं रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था, मुझे भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था और फिर राहुल द्रविड़ ने मुझे वापस जाकर अपने रूटीन को देखने के लिए कहा जब मैं रन बनाता था। कभी-कभी, जब रूटीन में गड़बड़ी होती है, तो इसका असर रनों पर पड़ता है।

# मुंबई इंडियस के पूर्व खिलाड़ी शिवालिक शर्मा सलाखों के पीछे पहुंचा, पहले लड़की से किया रेप और फिर दिया धोखा

**मुंबी (एजेंसी)।** आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी शिवालिक शर्मा अब सलाखों के पीछे हैं। जोधपुर पुलिस ने उन्हें दुष्कर्म के गंभीर आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्रिकेटर को गुजरात के वडोदरा से धर दबोचा। शिवालिक शर्मा पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

जोधपुर पुलिस ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि युवती की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और मजिस्ट्रेट के सामने धारा 164 के तहत उसके बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस अब इस मामले में ठोस सबूत जुटाकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर रही है।

दरअसल 2 जनवरी 2024 को जोधपुर की एक युवती ने कुड़ी भगतासनी थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि गुजरात के वडोदरा निवासी 27 वर्षीय क्रिकेटर शिवालिक शर्मा ने उसे शादी का झूठा वादा करके उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। युवती के अनुसार फरवरी 2023 में वह वडोदरा घूमने गई थी जहां उसकी मुलाकात शिवालिक से हुई। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे वे करीब आ गए। अगस्त 2023 में शिवालिक अपने परिवार के साथ जोधपुर आया और दोनों की सगाई भी हो गई।



**सगाई के बाद दुष्कर्म का आरोप** – युवती का आरोप है कि 27 मई 2023 को जब शिवालिक उसके घर आया और घर पर कोई नहीं था तो उसने जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसने शादी का वादा किया। इसके बाद वह 3 जून तक युवती के घर पर ही रहा और कई बार उसके साथ गलत संबंध बनाए। युवती का यह भी आरोप है कि इसके बाद शिवालिक उसे मेहंदीपुर बालाजी, जयपुर और उज्जैन भी घुमाने ले गया जहां भी उसने संबंध बनाए और बार-बार शादी का वादा करता रहा।

लेकिन जून 2023 में जब युवती शादी की बात करने के लिए वडोदरा पहुंची तो शिवालिक के परिवार वालों ने सगाई तोड़ने की बात कही और उसे घर से निकाल दिया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि वहां उसके साथ धक्का-मुक्की भी की गई।

**कौन है शिवालिक शर्मा** – 28 नवंबर 1998 को वडोदरा में जन्मे शिवालिक शर्मा बचपन से ही क्रिकेट के दीवाने थे। पढ़ाई में कम रुचि होने के कारण उनके पिता ने उन्हें क्रिकेट खेलने की पूरी आजादी दी थी। शिवालिक ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत 2016 में बीनू अंडर-19 ट्रॉफी से की। इसके बाद 2018-19 रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने बड़ौदा के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्हें 2024 में मुंबई इंडियंस ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। हालांकि हाल के समय में उन्होंने क्रिकेट से दूरी बना ली थी और इस सीजन से पहले मुंबई इंडियंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था। अब बलात्कार के इस गंभीर मामले में उनकी गिरफ्तारी ने उनके भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आज प्लेआफ के प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस होंगे आमने-सामने

**मुंबई (एजेंसी)।** प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रन रेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पांड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा।

मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी।

गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है। मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरूआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेलटन (334 रन) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। वहीं कैगिसो रबाडा की गैर मौजूदगी में भी गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रबाडा मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पाएंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिए हैं।



### टीमें

- **मुंबई इंडियंस** – सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।
- **गुजरात टाइटंस** – शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।
- **समय**–शाम 7ः30 बजे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में एमसीडी की बड़ी कार्रवाई; 40 से अधिक झुग्गियों को हटाया



**नईदिल्ली एजेंसी।** दिल्ली में एमसीडी की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने सदर पहाड़गंज जोन में अतिक्रमण के खिलाफ बड़े ऐक्शन को अंजाम देते हुए अवैध कब्जे हटाए। एमसीडी के अतिक्रमण रोधी दस्ते ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए सड़क किनारे बनी 40 से अधिक झुग्गियों को हटा दिया। इसके अलावा 245 सामान भी जब्त कर लिए। अधिकारियों की मानें तो अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी एमसीडी की कार्रवाई जारी रहेगी। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि आजाद मार्केट, पुल मिठाई समेत अन्य स्थानों पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों पर ऐक्शन लेते हुए दिल्ली नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते की ओर से उक्त कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि निगम की ओर से अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई देखी जा रही है। बताया जाता है कि हाल फिलहाल में दिल्ली के सदर बाजार, सिविल लाइंस और चांदनी चौक वार्डों से भी अवैध कब्जों को हटाया गया है। इसके अलावा शहादरा उत्तरी जोन में भी 20 किलोमीटर दूरी तक सड़क से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया है। निगम प्रशासन की रखरखाव विभाग सामान्य ब्रांच और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम की ओर से कार्रवाई की गई। इसके अलावा दयालपुर में भी अवैध निर्माण और खतरनाक इमारतों की पहचान की जा रही है। अधिकारियों की मानें तो शहादरा उत्तरी और दक्षिणी जोन में मिलाकर 140 से अधिक अवैध निर्माण और खतरनाक इमारतों की पहचान की गई है। इस तरह इन पर भी ऐक्शन की तलवार लटक रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निगम की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### एनसीडब्ल्यू पहलगाम हमले में मारे गए नौसेना अधिकारी की पत्नी के समर्थन में उतरा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पहलगाम हमले में मारे गए नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल का समर्थन करते हुए कहा है कि किसी महिला को उसकी वैचारिक अभिव्यक्ति या निजी जीवन के आधार पर 'ट्रोल' (निशाना बनाना) किया जाना सही नहीं है। हिमांशी ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर में पहलगाम के पास बैसरन में हुए आतंकवादी हमले के बाद लोगों से मुसलमानों और कश्मीरियों को निशाना न बनाने की अपील की थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। हिमांशी ने बृहस्पतिवार को कहा था, ''हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों और कश्मीरियों के पीछे पड़ें।'' हिमांशी को उनके बयान के बाद सोशल मीडिया मंचों पर 'ट्रोल' किया गया। 'एक्स' पर जारी एक बयान में एनसीडब्ल्यू ने हिमांशी को 'ट्रोल' किए जाने की निंदा की। हिमांशी की टिप्पणियों की सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना का हवाला देते हुए एनसीडब्ल्यू ने लिखा, ''लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मौत के बाद, जिस तरह से उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल की उनके एक बयान के संबंध में सोशल मीडिया पर आलोचना की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।'' आयोग ने स्वीकार किया कि भले ही उनकी टिप्पणियां कई लोगों को नहीं रास आई हों, लेकिन असहमति व्यक्त करना 'संवैधानिक सीमाओं' और नागरिक विमर्श की मर्यादा के दायरे में रहना चाहिए।

# लाहौर और कराची में बनाएंगे गुरुकुल, आप टूटेगा पाकिस्तान: बाबा रामदेव

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
योग गुरु बाबा रामदेव ने भविष्यवाणी की है कि पाकिस्तान खुद ही टूट जाएगा और कुछ दिनों में कुछ दिनों में गुरुकुल बनाना पड़ सकता है। जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत लगातार पड़ोसी मुल्क के खिलाफ ऐक्शन ले रहा है। 22 अप्रैल को हुए अटैक में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय शख्स की मौत हो गई थी।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, रामदेव ने कहा, पाकिस्तान अपने आप ही टूट जाएगा। बलूचिस्तान में रहने वाले पश्तून आजादी की मांग कर रहे हैं। पीओके में हालात और भी ज्यादा बुरे हैं। उसके पास भारत से लड़ने की ताकत नहीं है। युद्ध में वो भारत के खिलाफ 4 दिन भी खड़ा नहीं हो पाएगा...। मुझे लगता है कि कुछ दिनों में हमें अगला गुरुकुल कराची और एक लाहौर में बनाना पड़ेगा।



भारत की क्या तैयारी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना उनकी जिम्मेदारी है। रक्षामंत्री सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और उनकी कार्यशैली, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से वह जोखिम उठाते हैं, उससे वे भली-भांति परिचित हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने कुछ भी स्पष्ट किए बिना कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आप जो चाहते हैं, वह निश्चित रूप से होगा। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच रविवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह बैठक नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री को अरब सागर में अहम समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराने के 24 घंटे से भी कम समय बाद हुई है।

पीटीआई भाषा के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की। हालांकि, उन्होंने इससे अधिक कोई जानकारी नहीं दी। पिछले मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए पूरी छूट दी।

## पेंडिंग मामलों पर होगा रैपिड ऐक्शन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली में महिला महा जन सुनवाई की शुरुआत हो गई है। इसके उद्घाटन के मौके पर सीएम रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष भी थीं। 5 दिन तक चलने वाले इस शिविर में दिल्ली के सभी पेंडिंग मामलों की सुनवाई होगी और उनपर तुरंत ऐक्शन भी लिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में रेखा गुप्ता ने इस नई शुरुआत के बारे में कहा कि लगभग 1500 केस हैं जिनपर तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

सीएम रेखा गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने यहां 5 दिन का शिविर आयोजित किया है,जिससे दिल्ली के सभी लंबित मामलों पर तुरंत कार्रवाई हो रही है। महिला आयोग की पूरी टीम और हमारी राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष यहां उपस्थित हैं। मेरा मानना है कि सभी दुखी और परेशान महिलाओं को न्याय मिलना चाहिए। सभी कार्रवाई तेजी से की जा रही हैं। हम इस बात का संज्ञान ले रहे हैं कि जल्द ही एक महिला आयोग का गठन होना चाहिए ताकि उन्हें बेहतर सुनवाई मिल सके।

रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के 1500 लंबित मामलों की सुनवाई के लिए पांच दिन का शिविर लगाया है। दिल्ली सरकार अपनी भूमिका निभा रही है। हमें महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है। हम दिल्ली में महिला आयोग बनाने पर भी ध्यान दे रहे हैं ताकि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा मामलों की सुनवाई हो और जल्द से जल्द न्याय मिलेगा। दिल्ली सरकार भी इसमें अपना पूरा सहयोग देगी।

## दिल्ली में दाढ़ी वाले बाबा ने बीच सड़क कर डाले 2 कत्ल, निकला पुराना बड़ा क्रिमिनल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
उत्तर पश्चिम जिला स्पेशल स्टाफ ने आदर्श नगर में दो युवकों की हत्या के आरोप में 65 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नंद किशोर ने बताया कि युवकों के धमकी देने से खफा होकर उसने उनकी हत्या की थी। पुलिस को 20 अप्रैल की रात आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास दो युवकों की हत्या की सूचना मिली थी। घटना में मृतकों का एक दोस्त आबिद घायल हो गया था। आबिद की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच सोमवीर सिंह के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ टीम को सौंपी थी।

जांच में पता चला कि बैग वाले दाढ़ी बाबा ने हत्या की है। टीम के हेडकांस्टेबल नरसी ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, तो वारदात के बाद आरोपी बुजुर्ग ई-रिक्शा पर बैठकर शालीमार बाग से होते हुए नानक प्याऊ गुरुद्वारा की ओर जाता दिखा। यहां से वह सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के अंदर गया और लोगों में घुल-मिलकर भाग निकला। आरोपी की स्पष्ट फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने बाइक से घर-घर सामान पहुंचाने वाले युवकों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर उसे प्रसारित कर तलाश करने को कहा। शनिवार को एक युवक ने संदिग्ध को सिग्नेचर ब्रिज के पास देखते ही पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कि, तो उसने अपना नाम और हत्या की वजह का खुलासा कर दिया। वारदात के बाद आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए दाढ़ी और बाल हटा दिए थे। पूछताछ में आरोपी नंद किशोर ने बताया कि वह फुटपाथ पर सोता है। घटना वाली रात वह दोस्तों के साथ नशा कर रहा था। तभी वैन चालक कमल ने उसके बगल में वाहन खड़ा कर दिया।

इसी बात को लेकर उसकी कमल से कहासुनी हो गई। इस पर कमल अपने दोस्तों अमजद और आबिद को बुला लाया। तीनों मिलकर आरोपी को धमकाने लगे। इसे लेकर कुछ देर विवाद चलने के बाद नंद किशोर ने झोले से चाकू निकालकर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया नंद किशोर पर पहली एफआईआर 1983 में सब्जी मंडी थाने में दर्ज हुई थी। वह राजस्थान के सीकर जिले का रहने वाला है। 15 साल की उम्र में घर से भाग कर दिल्ली आ गया।


## दिल्ली के वसंत कुंज में हॉर्न बजाने से मना किया तो गार्ड पर चढ़ा दी थार, वीडियो वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
समय बदलने के साथ लोगों की सहनशीलता कम होने के साथ गुस्सा भी तेजी से बढ़ा है। आए दिन आप ऐसे मामलों से रूबरू होते होंगे,जहां जरा सी बात पर दो लोग या दो समूह भिड़ जाते हैं,बात हाथपाई के बाद सीधे मारकाट में बदल जाती है। देश की राजधानी दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है। ताजा मामला वसंत कुंज इलाके की है। यहां एक गार्ड ने थार गाड़ी के मालिक को हॉर्न न बजाने को कहा तो उसने उल्टे उसी पर गाड़ी चढ़ा दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक वीडियो आज वायरल हो रहा है। वीडियो दिल्ली के वसंत कुंज इलाके का है। वीडियो की शुरुआत में एक ठेला दिखता है,जिसके समीप एक कार खड़ी है। शुरुआत में तो इस वीडियो में ऐसी कोई हरकत नहीं होती। 1 मिनट 23 सेकेंड के इस वीडियो में शुरू के 1 मिनट तक दूर-दूर तक थार और गार्ड का पता नहीं है। तभी 1 मिनट होते ही स्क्रीन के एक कोने से काली थार दिखती है, सामने उसे रोकता गार्ड है। गार्ड अपनी पूरी ताकत से थार वाले को मना करता है,लेकिन अपनी ही धुन पर सवार और हॉर्न बजाने से रोकने से गुस्साया गाड़ी चालक थार गार्ड पर चढ़ाता दिख रहा है। वीडियो में बाकी के 23 सेकेंड गार्ड थार की चपेट में आ जाता है। हालांकि गार्ड की जान बाल-बाल बच गई और आरोपी थार वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गार्ड को इसल दौरान शरीर में कई जगह फ्रैक्चर आए हैं। यह घटना 4 मई की है। घायल गार्ड फायरवॉल सिक्योरिटीज लिमिटेड में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। तदनुसार,वसंत कुंज साउथ पुलिस स्टेशन में धारा 281/109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। टीम ने मामले में शामिल वाहन और चालक की पहचान करने के लिए लगन से काम किया और अधिकारियों ने अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की बड़े पैमाने पर तलाशी ली। वाहन के मालिक को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 133 के तहत नोटिस दिया गया था। जांच के दौरान,अपराधी चालक विजय उर्फ ??लाले,निवासी टाटा टेल्को के पास, रंगपुरी,दिल्ली,उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है।



## संविधान ही हमारी नींव, यही हमें जोड़ता है, माइक पेंस ने नाम लिए बिना ट्रंप पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने रविवार को जॉन एफ केनेडी प्रोफाइल इन करेज अवार्ड से सम्मानित होने के बाद कहा कि देश का संविधान ही हमारी नींव है और यही हमें जोड़ता है। माइक पेंस ने साल 2020 के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का साथ छोड़कर जो बाइडन को सत्ता हस्तांतरण में अहम भूमिका निभाई थी। इसी के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। अवार्ड देने वाली जेएफके लाइब्रेरी फाउंडेशन का कहना है कि माइक पेंस ने अपने जीवन और करियर को खतरे में डालकर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरा किया। सम्मानित होने के बाद अपने संबोधन में माइक पेंस ने कहा कि हमारी एक साझा नींव है। मुझे उम्मीद है कि मेरी यहां मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे बीच बतौर अमेरिकी नागरिक चाहे कितने भी मतभेद रहें, लेकिन संविधान एक ऐसी चीज है, जो हमें जोड़ता है। हमें हमारे समय और हमारी पीढ़ियों को एकजुट रखता है।



ये हमें वो बनाता है, जो हम हैं। अपने संबोधन में पेंस ने कई बार ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर बात की, लेकिन सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया। पेंस ने कहा कि ऐसे समय में जब हमारे बीच काफी मतभेद और आशंका पैदा हो गई है, हमें एकजुट रहने की जरूरत है। पेंस ने ट्रंप प्रशासन के यूक्रेन की मदद रोकने के फैसले की भी आलोचना की और कहा कि अमेरिका को यूक्रेन की मदद करनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि पिछली ट्रंप सरकार में माइक पेंस उपराष्ट्रपति रहे थे, लेकिन 2020 के चुनाव में जब ट्रंप की हार हुई तो उन्होंने पेंस से स्विंग स्टेट के चुनाव नतीजों को खारिज करने का निर्देश दिया था, लेकिन पेंस ने इससे इनकार कर दिया था। ट्रंप चाहते थे कि पेंस उनका साथ दें और अपना पद न छोड़ें, लेकिन पेंस ने पद छोड़ा और बाइडन को सत्ता हस्तांतरण में अहम भूमिका निभाई। पेंस का कहना है कि भगवान के आशीर्वाद से उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को निभाया और उसके चलते शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण हो सका। पेंस ने कहा कि 6 जनवरी एक दुखद दिन था, लेकिन यह आजादी की जीत का दिन बन गया। इतिहास में ये दिन दर्ज किया जाएगा, जिससे हमारी संस्थाएं कायम रहीं।

## पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत पाए

**लीमा, एजेंसी।** पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिमी शहर पाटाज़ में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें वर्तमान में मारे गए 13 श्रमिक भी शामिल हैं। दिसंबर 2023 में अवैध खनिकों ने इसी पोडेरोसा खदान पर विस्फोटकों से हमला किया, जिसमें नौ लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। हमलों के मद्देनजर जवाब में ला पोडेरोसा ने अधिक संख्या सुरक्षा गार्ड भेजे।



# इजराइल ने नए प्लान को दी मंजूरी, गाजा में स्थायी कब्जे का किया ऐलान

**येरूसलम, एजेंसी।**
इजराइल ने सोमवार को गाजा पट्टी के पूरे हिस्से पर कब्जा करने और अनिश्चित समय तक वहां बने रहने की योजना को मंजूरी दे दी। इजराइल के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अगर इस योजना को अंजाम दिया गया तो फिलीस्तीनी क्षेत्र में इजराइल के अभियान का विस्तार होगा और इस पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विरोध सामने आ सकता है। इजराइल के कैबिनेट मंत्रियों ने तड़के हुए मतदान में इस योजना को मंजूरी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही इजराइल के सेना प्रमुख ने कहा था कि सेना हजारों सैनिकों को तैयार रहने के लिए कह रही है। अधिकारियों के अनुसार इस नयी योजना का मकसद इजराइल को हमास को हराने और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है।

यह योजना हजारों फिलीस्तीनियों को दक्षिण गाजा की ओर धकेलने में मददगार हो सकती है। इससे पहले से ही मौजूद मानवीय संकट और गहरा हो सकता है। मार्च के मध्य में इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम टूटने के बाद इजराइल ने इस क्षेत्र पर भयंकर हमले किए हैं, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं। उसने कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है और अब गाजा के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से पर इसका नियंत्रण है। युद्ध विराम समाप्त होने से पहले, इजराइल ने गाजा में भोजन, ईंधन और पानी सहित सभी मानवीय सहायता रोक दी थी, जिससे लगभग 19 महीनों के युद्ध में सबसे खराब मानवीय संकट पैदा हो गया है। सहायता प्रतिबंधित करने से भुखमरी की स्थिति बन गई और आवश्यक वस्तुओं की कमी होने से लूटपाट की आशंका भी पैदा हो गई।

इजराइल धीरे-धीरे हमास पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में 'पट्टी पर कब्जा करना और क्षेत्रों को नियंत्रण में लेना शामिल है। इस योजना में चरमपंथी हमास समूह को मानवीय सहायता वितरित करने से रोकने की भी कोशिश की जाएगी, जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि इससे गाजा में समूह का शासन मजबूत होगा। अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में हमास के ठिकानों पर शक्तिशाली हमले करना भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि इजराइल गाजा पर कब्जा करने और वहां के लोगों को स्थानांतरित करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लेकर कई देशों के संपर्क में है, जिसे इजराइल ने 'स्वैच्छिक विस्थापन कहा है। यूरोप और अरब देशों में इजराइल के सहयोगियों ने इसकी निंदा की है। एक अधिकारी ने कहा कि इस योजना को धीरे-धीरे अमल में लाया जाएगा।



दोनों अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर ये दावे किए। इजराइल पिछले कई हफ्तों से हमास पर दबाव बढ़ाने और उस पर युद्ध विराम वार्ता में ज्यादा लचीलापन दिखाने के लिए दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। लेकिन, दोनों पक्षों को एक नए समझौते की ओर लाने की कोशिश कर रहे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों को काफी संघर्ष करना पड़ा है। सहायता समूहों के बीच प्रसारित और एसोसिएटेड प्रेस को प्राप्त हुए एक आंतरिक ज्ञापन के अनुसार, इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र को बताया कि वह गाजा में सहायता वितरण को नियंत्रित करने के लिए निजी सुरक्षा कंपनियों का उपयोग करेगा। संयुक्त राष्ट्र ने रविवार को एक बयान में कहा कि वह प्रस्तुत की गई योजना में भाग नहीं लेगा।

### इजराइल के प्रमुख एयरपोर्ट पर मिसाइल हमले बाद हूती विद्रोहियों की धमकी- बंद कर दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानें, हम बार-बार करेंगे अटैक

यमन के ईरान समर्थित विद्रोहियों द्वारा रविवार को दागी गई मिसाइल के कारण इजराइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें कुछ समय के लिए बाधित हो गई। मिसाइल यहां एक संपर्क मार्ग के निकट गिरी जिसके बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। बेन-गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला इजराइली कैबिनेट मंत्रियों द्वारा गाजा पट्टी में देश के सैन्य अभियान को तेज किए जाने को लेकर मतदान किए जाने से कुछ घंटे पहले हुआ। इजराइली सेना ने कहा कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से यह पहली बार था जब मिसाइल से हवाई अड्डे पर हमला किया गया हो। विद्रोहियों ने सोमवार की सुबह विमानन कंपनियों को चेतावनी जारी की है कि वे बेन-गुरियन को 'बार-बार निशाना बनाएंगे। बेन गुरियन विश्व के लिए इजराइल का मुख्य प्रवेशद्वार है। हूती विद्रोहियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों को 'अपने विमानों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से इजराइली दुश्मन के हवाई अड्डों के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द कर देनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में गुप्त सूचना के आधार पर कसमार थाना क्षेत्र के पिर्गुल चौक में अखिलेश साव एवं छोटु



साव के घर एवं दुकान पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब, बीयर एवं देशी शराब बरामद किया। अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंद्पुरा महेश दास दल-बल* उपस्थित थे।

### चंदनकियारी में आयोजित जनता दरबार में ऑन स्पॉट निष्पादित हुए 242 आवेदन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित उपायुक्त के जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1416 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें कुल 242 आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादित किया गया। वहीं, शेष आवेदनों 1174 के निष्पादन को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने वरीय पदाधिकारियों को समय सीमा निर्धारित करते हुए क्रमवार निष्पादित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सबसे ज्यादा आवेदन राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित आवेदन (कुल 806) प्राप्त हुआ। शेष विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं राजस्व से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ।

### जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में न्यूट्रिशन प्रैक्टिकल प्रोग्राम का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलियापुर रोड, कोला कुसमा, मंझीलाडीह स्थित जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के नर्सिंग की प्रशिक्षु छात्राओं के बीच न्यूट्रिशन प्रैक्टिकल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जे पी नर्सिंग की डायरेक्टर किमी मंडल एवं प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य में बताया कि नर्सिंग की छात्राओं के बीच सामान्य स्वस्थ व्यक्ति और मरीजों को पर्याप्त



सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ की मात्रा के संदर्भ में प्रशिक्षित करने के लिए प्रैक्टिकल प्रोग्राम कराया गया। इसमें राइस, मिक्स वेजिटेबल समेत अन्य वेजिटेबल व्यंजन, फ्रूट सलाद, रायता बनाये गए थे। उनकी गुणवत्ता और अच्छे स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में सेवन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। न्यूट्रीशन प्रैक्टिकल प्रोग्रामिंग जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल, नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फामेर्सी की प्राचार्या नीलम सिंह एवं शिक्षिकाओं में वर्षा रानी,शिल्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी समेत सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

### टोटो चालक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के एनएच किनारे खेदाडीह में गोविंद तालाब के निकट सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। जिसकी सूचना पिंडराजोरा थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम के साथ पहुंचकर छानबीन की। मृतक की पहचान टोटो चालक धनंजय कुमार के रूप में हुई है जो सेक्टर 9 स्थित शिवशक्ति कॉलोनी में अपने ससुराल में रहता था। मृतक के शरीर पर चाकू से वार कर हत्या करने की बात सामने आ रही है। वहीं डॉग स्क्वायड ने शव से कुछ ही दूरी पर एक टोटो खोजा जो कि मृतक का बताया जा रहा है। टोटो की बैटरी भी गायब है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में मृतक के अलावा दो अन्य लोगों को देखा गया। मृतक के ससुर का कहना है कि रात में एक फोन आया था। इसके बाद मेरा दामाद टोटो लेकर जा रहे थे तो मैंने मना भी किया कि इतनी रात में कहीं नहीं जाना है। लेकिन सवारी की बात बोलकर वह निकल गए। जब घर नहीं आए तो रात में ही कई जगहों पर खोजबीन की गई। परंतु वह नहीं मिला।

# पाकिस्तानी व बांग्लादेशियों की पहचान को भाजपा ने दिया धरना

## बोकारो में भी बांग्लादेशियों के रहने की आशंका प्रशासन करे कार्रवाई : बिरंची नारायण





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड प्रदेश भाजपा द्वारा पाकिस्तानियों को झारखंड से भगाने के लिए सभी जिला मुख्यालय में धरना कार्यक्रम रखा गया। इसी कड़ी में आज बोकारो जिला भाजपा द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा के समीप धरना रखा, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने की। धरना में मुख्य रूप से बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा मुकुल मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल से पैदल चलकर जिला मुख्यालय के समक्ष पाकिस्तान मुदार्बाद , पाकिस्तानीयो ,बांग्लादेशियों को बाहर भगाओ के नारे से अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन जिला उपायुक्त के अनुपस्थिति मे जिला परिवहन अधिकारी को सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में घटित आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष भारतीयों की निर्माण हत्या ने संपूर्ण राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया है। इस दुखद घटना के पश्चात केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आदेश के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 (1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवा को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जो भी पाकिस्तानी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के या वीजा की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद भारत में निवास कर रहे हैं। उनका शीघ्र पहचान करें। देश की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों को सूचीबद्ध कर तत्काल आवश्यक कानून कार्रवाई करें। इस मौके पर पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि ऐसी घटना से सभी देशवासियों को काफी पीड़ा हुई है। 26 लोगों की निर्मम हत्या का बदला केंद्र सरकार पाकिस्तानियों से जरूर लगी। हर दिन कहीं ना कहीं भारतीय सेना के द्वारा आतंकवादी मारे जा रहे हैं। उनकी खोजबीन की जा रही है। प्रधानमंत्री ने साफ कहा है आतंकवादियों के साथ-साथ उन्हें पनाह देने वाले को भी नहीं छोड़ा जाएगा। बिरंची नारायण ने कहा कि 2 दिन पूर्व बोकारो विधानसभा क्षेत्र में बोकारो निवास के पीछे बीएसएल द्वारा अतिक्रमण हटाओ का अभियान चढ़ाया गया। जिसमें बीएसएल के सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुछ महीने पूर्व यहां पर कोई झुग्गी झोपड़ी नहीं थी। मगर अभी यहां कई घरों का निर्माण हो गया है। छानबीन के बाद पता चला कि वे सभी बांग्लादेशी घुसपैठी है। उन्होंने अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाकर यहां रह रहे हैं। जिला प्रशासन सही जांच करें तो ऐसे कई जगह में बांग्लादेशी घुसपैठियों का रहने का ठिकाना मालूम चलेगा। जिला प्रशासन से मांग करते हैं उन सभी को चिन्हित कर झारखंड से बाहर निकाला जाए ताकि झारखंडियों के हक अधिकार में उनकी हिस्सेदारी ना हो। इस कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, अर्चना सिंह, धीरज झा गौर रजवार, मुकेश राय जयनारायण मरांडी माथुर मंडल, सुभाष चंद्र महतो,जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, शंकर रजक संजय सिन्हा,शंभू प्रसाद विशाल गौतम बाटुल प्रमाणिक त्रिपुरारी नाथ तिवारी अभिषेक कुमार ध्रुव विशंभर सिंह चौधरी शत्रुघ्न हजरा गोपी स्वर्णकार, दीपक कुमार रजक लाल बाबू कुमार अशोक कुमार वर्मा विक्की राय रणजीत बरनवाल पुनीता प्रजापति झारखंड महथा अमित कुमार सिंह धनंजय चौबे हरे कृष्णा उमेश शर्मा हरिश्चंद्र सिंह शिव शंकर राय राजू गुप्ता हरे राम यादव धर्मेंद्र महथा अभय कुमार गोलू सुजीत कुमार अविनाश कुमार अनिल कुमार सिंह ऋषभ राय मुकेश कुमार बावरी संजय सिंह सतपाल महतो आदि मौजूद रहे।

# छूटे लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना जनता दरबार का उद्देश्य : उपायुक्त







## लाभुकों के बीच परिसंपत्ति स्वीकृति पत्र का किया गया वितरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के जनता दरबार का आयोजन चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया। जहां काफी संख्या में आमजन शामिल हुएं। सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं आहतार्धारी पुरूष/महिला को योजना के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि आम जनों की सहूलियत के लिए जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके पीछे की मंशा *छूटे हुए लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनके समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित संचालित योजनाओं की जानकारी विभिन्न स्टॉल के माध्यम से दिया जा रहा है। जहां आहतार्धारी पुरूषों झ महिलाओं से कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी जिले के अन्य प्रखंडों में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

**आन स्पॉट दर्जनों मामलों पर किया सुनवाई**

उपायुक्त ने क्रमवार प्रखंड परिसर स्थित सभागार के समीप घंटों आमजनों की समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने क्रमवार आमजनों की शिकायतें सुनी, प्राप्त आवेदन को संबंधित जिला स्तरीय



पदाधिकारियों/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अग्रसारित एवं स्वीकृत किया। जनता दरबार में भूमि, अतिक्रमण, दाखिलझ्खारिज, अबुआ आवास, पीएम आवास, वृद्ध/दिव्यांग पेंशन, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना आदि से संबंधित समस्याओं पर सुनवाई किया।

**विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण**

सभी विभागों द्वारा लगाएं गए स्टॉलों का उपायुक्त, डीपीएलआर, अपर समाहर्ता, एसडीओ चास आदि ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों से प्राप्त/स्वीकृत आवेदनों की जानकारी ली और निष्पादन से संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। कहा कि लाभुकों की विवरणी स्पष्ट रूप से अंकित करें, सभी आवेदनों में मोबाइल नंबर जरूर अंकित करें, ताकि समाधान के बाद लाभुकों को उससे अवगत कराया जा सकें।

**विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

मौके पर सरकार की अबुआ आवास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रि बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फुलो झानों आशीर्वाद योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, सोना सोबरन धोति साड़ी वितरण योजना आदि की विस्तार से जानकारी दी।

**परिसंपति/स्वीकृति पत्र का किया गया वितरण**

जनता दरबार में उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, मुखिया आदि ने ऑन स्पॉट स्वीकृत लाभुकों के बीच पेंशन, क्रेडिट लिंकेज, दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल, मुखयमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरा यूनिट/बत्तख चूजा आदि सरकारी योजनाओं के परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र को वितरित किया। इस अवसर पर डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार,सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पियूष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय वर्मा, अंचलाधिकारी रवि कुमार आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, मनरेगा नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# बोकारो में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर नेता प्रतिपक्ष से मिले कुमार अमित

## प्रेम महतो हत्या मामले में भी सीबीआई जाँच की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के रहने का मामला प्रकाश में आने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने नेता प्रतिपक्ष और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर मामले से अवगत कराया। कुमार अमित ने नेता प्रतिपक्ष से इस मामले का संज्ञान लेकर गम्भीरतापूर्वक जाँच और कार्रवाई की दिशा में पहल करने की माँग की। कुमार अमित ने बाबूलाल मरांडी को बताया कि हेमंत सरकार की बांग्लादेशी घुसपैठ पर तुष्टिकरण की नीति के कारण ज़िला प्रशासन इस विषय को हल्के में लेकर लीपापोती करने का प्रयास करेगी। पिछले दिनों भी चंदनक्यारी में एक बांग्लादेशी नागरिक की अवैध रूप से रहने की बात सामने आयी थी पर उस बांग्लादेशी पर ज़िला प्रशासन ने क्या कार्रवाई किया कुछ स्पष्ट नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है। बोकारो राष्ट्रीय महत्व का स्थान है। अगर इसे गम्भीरतापूर्वक नहीं लिया गया तो आने वाले समय में बोकारो साहेबगंज और पाकुड़ की तरह बांग्लादेशी घुसपैठियों की



शरणस्थली बन जाएगा। इसके अलावे भाजपा नेता ने श्री बाबूलाल मरांडी से विस्थापित अप्रेंटिस संघ के आंदोलन के दौरान हुए प्रेम महतो की हत्या और पुरे घटना की सीबीआई जाँच कराने, संघ सदस्यों पर हुई प्राथमिकी को वापस लेने और सेल में उन लोगों की स्थाई नियोजन हेतु पहल करने की माँग की। नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी ने इन सभी विषयों को गम्भीरता से लेते हुए कार्रवाई कराने का आश्वासन भी दिया है। इस दौरान करण गोराई, सपन गोस्वामी, लालबाबू, चंद्रप्रकाश, जीतेन्द्र सिंह, शीतल महतो, सुरज चौधरी आदि भी उपस्थित थे।

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक निर्देश



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पंचायत राज पदाधिकारी खूंटी डॉ शिशिर कुमार सिंह द्वारा पचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियों को प्राप्त अनुदान राशि के व्यय, पंचायत सचिवालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति, सचिवालय भवनों को डिजिटल पंचायत के रूप में विकसित करने, सचिवालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा, कनीय अभियंताओं के कार्यों की प्रगति, पंचायत सहायकों को कक्ष आवंटन और पंचायत सहायता केंद्रों की शीघ्र शुरूआत तथा पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थापना एवं संचालन की प्रगति का मूल्यांकन करना था। बैठक के दौरान यह पाया गया कि कई पंचायत सचिवालयों में अभी भी डिजिटल ढांचे की स्थापना अधूरी है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है। कनीय अभियंताओं के कार्यों की भी समीक्षा की गई और उनके दायित्वों को स्पष्ट किया गया ताकि विकास कार्यों की गति में तेजी लाई जा सके। पंचायत सहायकों के लिए निर्धारित कमरों के आवंटन और पंचायत सहायता केंद्रों को जल्द चालू करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थापना और संचालन की दिशा में हुई प्रगति की भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करें और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरे करें। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना की एंट्री को अद्यतन करने पर जोर दिया और निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। बैठक के अंत में अधिकारियों ने योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। इस बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक (पंचायत राज), सभी कनीय अभियंता, कंप्यूटर ऑपरेटर और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ रोटेरियन मेजर डोनर अनिल कुमार त्रिपाठी को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के वरिष्ठ सदस्य, मेजर डोनर रोटेरियन अनिल कुमार त्रिपाठी का 03 मई को रात्रि 8:55 बजे दुःखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्लब, रोटरी परिवार एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। त्रिपाठी जी एक सिद्धांतनिष्ठ, निःस्वार्थ और समाजसेवा को समर्पित रोटेरियन थे।

वर्तमान में वे क्लब निदेशक (गैर-स्वास्थ्य) के रूप में कार्यरत थे। वे न केवल रोटरी के माध्यम से सेवा कार्यों में सक्रिय थे, बल्कि उन्होंने सेवा भारती, भारत विकास परिषद, वनवासी कल्याण केंद्र तथा अनेक सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर भी समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया। एक मेजर डोनर के रूप में उन्होंने रोटरी इंटरनेशनल के सेवा प्रकल्पों के लिए न केवल आर्थिक योगदान दिया, बल्कि अपने समय, ऊर्जा और मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया। दिनांक 04 मई को रात्रि 8:00 बजे, क्लब के ऑडिटोरियम में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों, समाज के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने उनकी स्मृतियों को साझा किया एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके सम्मान में रोटरी क्लब द्वारा संचालित विद्यालय में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं आर.सी.सी. क्लब के सभी सदस्य दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहाः ह्लत्रिपाठी जी का जीवन सच्ची सेवा, सादगी और समर्पण का प्रतीक था। हम सभी उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

# बीएसएल में वाहन चलाते समय जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स का उल्लंघन करने वालों की पहली लिस्ट जारी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट ने कर्मचारियों, ठेका कर्मियों तथा संयंत्र में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1 मई 2025 से जीरो टॉलरेंस सेफ्टी रूल्स लागू की है. यह महत्वपूर्ण कदम संयंत्र में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और असुरक्षित कार्यों पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से उठाया गया है. आज दिनाँक 05 मई को मुख्य महाप्रबंधक (सेफ्टी) श्री बी के सरतपे के नेतृत्व में प्लांट परिसर के अंदर वाहन चालकों के द्वारा सेफ्टी रूल्स के उल्लंघन का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के क्रम में कार चलाते समय सुरक्षा बेल्ट का उपयोग नहीं करना, तेज गति में गाड़ी चलाना, हेलमेट के चिन्स्ट्रैप का उपयोग नहीं करना, दो पहिया वाहन में पीछे बैठने वाले का हेलमेट नहीं लगाना इत्यादि की जाँच की गयी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहली लिस्ट जारी की गयी है. बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों और स्टेकहोल्डर्स से अपील की है कि वे ह्लआपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकताह्व के संदेश को आत्मसात करते हुए इन नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें और संयंत्र को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने में सक्रिय योगदान दें.।

# कांजी हाउस के लिए शीघ्र जमीन चिह्नित करने का निर्देश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में पेयजल आपूर्ति, सिवरेज, आंगनबाड़ी केंद्र, गोदाम, पैक्स, इंटर स्टेट बस टर्मिनस इत्यादि के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जमीन के लिए की गई मांग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के विकास के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग अंचल में भूमि की आवश्यकता है। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी शीघ्र जमीन चिन्हित कर विभाग की मांग पूरी करें। जमीन नहीं मिलने के कारण जिले का विकास कार्य बाधित होता है। वहीं उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए पोषक क्षेत्र में शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इससे जहां किराये पर आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है वहां उसका निजी बिल्डिंग होगा। जिसमें पानी, शौचालय, किंडरगार्डन सहित अन्य सुविधाएं बच्चों को प्राप्त होगी। उपायुक्त ने नगर निगम को बरटांड बस स्टैंड, सिटी सेंटर, सरायढेला, लुबी सर्कुलर रोड, बैंक मोड़ सहित अन्य क्षेत्र से अतिक्रमण दूर करने के लिए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने विद्युत, खेल, पीएचईडी 1 एवं 2, नगर निगम, अग्निशमन विभाग, उद्योग, स्टेट हाइवे ऑथोरिटी ऑफ झारखंड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य विभागों की मांग की समीक्षा की। साथ ही आवारा पशुओं को पकड़कर रखने के लिए नगर निगम के लिए कांजी हाउस बनाने के लिए शीघ्र जमीन चिह्नित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक व प्रकाश कुमार, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएलओ राम नारायण खलको के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com